भोपाल
शनिवार, 2 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -1
वर्ष : 13, अंक : 30
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यूज. 27

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


15 सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ...
विचार पेज
08 तेल कंपनियों का लाभ ...

## बरगी क्रूज हादसा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पहुंचे पीड़ितों के बीच, बंधाया ढाढ़स, दिए जांच के आदेश, हादसे की वजह अचानक आया 'चक्रवात'

पूरे प्रदेश में क्रूज संचालन बैन, पर्यटकों की जान बचाने वालों को 15 अगस्त को सीएम करेंगे सम्मानित

# 14 जिंदगियों में 'तूफान'

## अब तक 9 शव निकाले गए, 5 लोग अभी भी लापता


जानकारी लेते सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की संस्कारधानी जबलपुर में हुए क्रूज हादसे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बरगी पहुंचे। उन्होंने क्रूज हादसे के पीड़ितों से मिलकर उनको ढाढ़स बधाया है। उन्होंने कहा कि बरगी बांध में हुआ हादसा अचानक आए चक्रवात की वजह से हुआ है। उसकी विस्तृत जानकारी जांच रिपोर्ट के बाद ही मिल सकेगी। भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिए एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए एसओपी बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हादसे से मन को बेहद दुख पहुंचा। दुर्घटना में रेस्क्यू टीम के जिन सदस्यों ने लोगों को पानी से बाहर निकाला, उनका 15 अगस्त को सम्मान किया ▶▶ शेष पेज 6 पर

▶▶ **सीएम ने कहा** संकट की इस घड़ी में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ किसी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे घटना के दोषी

▶▶ **एडवेंचर स्पोर्ट्स** के लिए बनेगा स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रॉसिजर (एसओपी)


किनारे लाया गया 'किलर क्रूज'

» रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, अभी तक 29 लोगों की बची जान

» राहत-बचाव दल ने क्रूज को काटकर बचाईं जिंदगियां


परिजनों को ढाढ़स बंधाते सीएम

### परिजनों से मिलकर भावुक हुए मुख्यमंत्री

घटना में मृतक लोगों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। उनके बेटे-बेटियों के आंसू नहीं रूक रहे थे। उन सभी से मिलने मुख्यमंत्री डॉ. यादव जब वहां पहुंचे तो वे भी भावुक हो गए। माहौल काफी गमगीन हो गया था। मुख्यमंत्री ने बच्चों को गले लगाया, बेटी के सिर पर हाथ रखकर सांत्वना दी। उन्होंने परिजनों ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ये लिया गया एक्शन

होटल मैकाल रिसॉर्ट और बोट क्लब बरगी के मैनेजर सुनील मरावी को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है, जबकि रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर विभागीय जांच संस्थित की गई है। क्रूज पायलट महेश पटेल, क्रूज हेल्पर छोटेलाल गोंड एवं टिकट काउंटर प्रभारी (एफओए) बृजेंद्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गईं।

दहला देने वाली कहानियां

## जिंदगी की जंग हारी मां लेकिन ममता जीत गई

1

बरगी डैम हादसे के बाद मां और बेटे का दिल दहला देने वाला दृश्य सामने आया, जहां मौत के बाद भी मां अपने मासूम बेटे को सीने से लगाए रही। बेटा भी मां के सीने पर सिर रखकर हमेशा के लिए सो गया। इस तस्वीर को देखने वाली हर आंख नम हो गई। सेना की तरफ से आए बचावकर्मी ने कहा कि क्रूज पलटकर डूब चुका था। अंदर जाने के बाद जहां से थोड़ी बहुत जगह मिली, वहां से अंदर जाकर शव ढूंढने की कोशिश की। दृश्यता भी काफी कम थी। आधे फीट की दूरी तक भी कुछ नहीं दिख रहा था। अंदर हमने जो मंजर देखा, उसे ▶▶ शेष पेज 6 पर

*बरगी में मां की पकड़ बच्चे से नहीं छूटी*


जान छोड़ दी...बेटा नहीं छोड़ा

2

### क्रूज डूबने से पहले दी गई थी लाइफ जैकेट


हादसे से पहले क्रूज में पर्यटक

जूलियस नामक यात्री ने बताया कि हम छह लोग सवार थे। वह अपनी पत्नी, बेटी, दामाद व नातिन व नाती के साथ क्रूज में सवार हुए थे। क्रूज यात्रा के दौरान सुरक्षा का कोई ध्यान नहीं रखा गया था। जब क्रूज डूबने लगा, तब ▶▶ शेष पेज 6 पर

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड महोली खेजड़ा की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त, पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक
संपर्क-9755600569
8200502943, 7748022609

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
सीएसके एमआई
शाम 7.30 बजे से

**खबर संक्षेप**

### रैंकिंग में भारतीय टीम ने लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** खेल की वैश्विक संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को वार्षिक टेस्ट टीम की रैंकिंग जारी की, जिसमें बड़ा फेरबदल देखने को मिला। भारतीय टेस्ट टीम एक स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया। वहीं, शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा है। रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मैचों को महत्व दिया।



### कूनो से भटककर राजगढ़ पहुंचा चीता

**राजगढ़।** देश में चीतों की संख्या बढ़ाने साल 2022 में साउथ अफ्रीका से कुछ नमीबियाई चीतों को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया था। बीते पांच सालों में इन चीतों की संख्या बढ़कर 55 से अधिक हो चुकी है। इन्हीं 55 चीतों में से केपी-3 नाम का एक चीता मार्च माह में कूना से भटकर राजस्थान पहुंच गया था। यही केपी-3 नर चीता राजस्थान होते हुए राजगढ़ पहुंच गया।



**बदला मौसम :** अगले दो दिनों में दो से तीन डिग्री बढ़ेगा दिन का पारा

# जबलपुर-दमोह में बारिश, खरगोन व खंडवा में पारा 43 डिग्री के 'पार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में शुक्रवार को प्रदेश में बारिश और गर्मी का दौर रहा, हालांकि कहीं भी लू के हालात नहीं बन सके। जबलपुर, सीधी और दमोह में 74 किलो मीटर की रफ्तार से हवाएं चलीं, इस दौरान हल्की बारिश भी दर्ज की गई। वहीं, खरगोन में पारा सबसे ज्यादा 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। खंडवा में 43.5 डिग्री और भोपाल में पारा 40.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले गुरुवार को तीन दर्जन जिलों में तेज आंधी और बारिश का दौर रहा। इनमें से 14 जिलों में ओले भी गिरे। शुक्रवार को सबसे ज्यादा बारिश टीकमगढ़ में 32 मिमीमीटर दर्ज की गई, जबकि भोपाल, रायसेन, नर्मदापुरम, राजगढ़, विदिशा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, निवाड़ी में भी बारिश हुई। जबकि भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, ग्वालियर, विदिशा, रायसेन, नरसिंहपुर, टीकमगढ़, उमरिया, बालाघाट और सिंगरौली जिलों में कहीं-कहीं ओले गिरे।

▶▶ जबलपुर और सीधी में 74 किमी की रफ्तार से चली हवाएं

▶▶ शुक्रवार को सबसे ज्यादा बारिश टीकमगढ़ में 32 मिमीमीटर दर्ज


भोपाल स्थित वीआईपी रोड का दृश्य, शाम 5.30 बजे

### जबलपुर और सीधी में हवा की रफ्तार सबसे ज्यादा

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि पिछले 24 घंटे के दौरान जबलपुर और सीधी में हवा की रफ्तार सबसे ज्यादा 74 किलोमीटर प्रति घंटा तक रही। जबकि भोपाल में 70, ग्वालियर में 60, शहडोल में 57, सतना में 56, चित्रकूट में 52, सागर में 46, रीवा, अशोक नगर-विदिशा में 43, शिवपुरी में 41, राजगढ़ में 39, मऊगंज में 37, गुना में 33, पचमढ़ी में 31, मुरैना में 26 प्रति घंटा रफ्तार दर्ज की गई।

### बारिश से हुई मई की शुरुआत

झुलसाने वाली गर्मी और नौतपों से भरा मई का महीना भीषण गर्मी के लिए जाना जाता है, लेकिन माह के शुरुआत में ही आंधी-बारिश का दौर शुरु हो गया है। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहने की आशंका जताई है।

मुंबई में 'ड्रग सिंडिकेट' पर बड़ी कार्रवाई

# 1745 करोड़ की कोकीन जब्त, गृह मंत्री अमित शाह ने थपथपाई एनसीबी की पीठ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को बधाई देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हम नशीले पदार्थों के कार्टेल को पूरी तरह से कुचलने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। गृह मंत्री ने लिखा कि एनसीबी ने नशीले पदार्थों के एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह पर शिकंजा कसते हुए मुंबई में 1745 करोड़ रुपए मूल्य ▶▶ शेष पेज 6 पर


■ 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की



ड्रग फैक्ट्री पर छापा

### शाह के विजन पर अमल

एनसीबी की ओर से सोशल मीडिया पर लिखा गया था कि एनसीबी के डीजी ने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे गृह मंत्री शाह के विजन के अनुरूप, नेटवर्क-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर रोडमैप के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मासिक लक्ष्य हासिल करें।

वायरल गर्ल का आरोप- सनोज मिश्रा ने शोषण किया

## डायरेक्टर एवं विहिप नेता समेत 4 के खिलाफ केरल में हुआ मामला दर्ज



» मप्र पुलिस को सौंपा जाएगा मामला, कथित घटना यहीं हुई

**मुंबई।** प्रयागराज महाकुंभ की वायरल गर्ल ने फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा और तीन अन्य के खिलाफ पॉक्सो एक्ट (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) में एफआईआर कराई है। केरल की एर्नाकुलम सेंट्रल ▶▶ शेष पेज 6 पर

पीड़िता रोती-गिड़गिड़ाती रही, दरिंदे उसे पीटते रहे

## जंगल में दोस्त को 'बंधक' बनाया, नाबालिग से गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पन्ना

पन्ना में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद उनका शहर में जुलूस निकाला। पुलिस के मुताबिक घटना 29 अप्रैल की है। नाबालिग अपने परिचित युवक से मिलने देवेंद्रनगर पहुंची थी। युवक अपने एक साथी के साथ बाइक से आया था। इसी दौरान सुनसान स्थान पर रुके तीनों के पास दो बाइकों पर सवार कुछ लोग पहुंचे और विवाद करने लगे। आरोप है कि बदमाशों ने युवक से नकदी, मोबाइल और चांदी की चेन छीन ली। इसके बाद तीनों को जबरन अपने कब्जे में लेकर थाने ले जाने का दबाव बनाया और डराकर जंगल की ओर ले गए। जंगल में युवक और उसके साथी को अलग कर उनके साथ मारपीट की गई और उन्हें बंधक बनाकर बैठा दिया गया। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने नाबालिग को जबरन झाड़ियों की ओर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट की गई और धमकियां दी गईं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।


■ 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया

### सभी आरोपी बड़ागांव निवासी

देवेंद्रनगर थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग टीमें बनाईं और चार आरोपियों को बड़ागांव क्षेत्र से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी संतोष यादव ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के बाद घटना स्थल की तस्दीक कराई गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की गई। आरोपियों के नाम श्रीपाल (22), राहुल (27), शनि पाल (23) और हेतराम उर्फ हित्तू पटेल (50) है। ये सभी बड़ागांव के निवासी हैं।

विधायक ने वीडियो जारी कर कहा

## रीना को मैं पवनखेड़ा जैसा बनाकर छोड़ूंगा

**रतलाम।** महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के आरोपों के बाद आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय का जवाब सामने आया है। उन्होंने वीडियो जारी कर सभी आरोपों को झूठा बताया और कहा कि वे इस मामले में कोर्ट में आपराधिक और मानहानि का केस करेंगे। विधायक ने यहां तक कहा कि मैं उन्हें (रीना बोरासी) को पवन खेड़ा बनाकर छोड़ूंगा। बता दें कि गुरुवार को भोपाल में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने आलोट विधायक मालवीय के खिलाफ राज्यपाल को शिकायत की थी। विधायक के खिलाफ यौन शोषण, संपत्ति हड़पने के गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि बाद में विधायक ने सभी आरोपों को निराधार, असत्य, और मनगढ़ंत बताया है। उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर कोई आरोप, जांच, कोई प्रकरण लंबित नहीं है। ना ही मैंने किसी की जमीन हड़पी है। इस तरह के स्तरहीन और झूठे आरोप लगाना निश्चित रूप से अपराध है। उन्होंने मेरा चरित्र हनन किया है।


■ शिकायत से नाराज थे चिंतामणि

भोपाल में पहले 2100.50 रु. में मिलता था अब 3074.50 रु. मिलेगा

# कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 993 रुपए तक बढ़ी

**भोपाल में 974 रुपए 50 पैसे की वृद्धि के साथ अब 3074 रुपए 50 पैसे में मिलेगा हलवाइयों को सिलेंडर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने आम लोगों से लेकर छोटे कारोबारियों तक की चिंता बढ़ा दी है। तेल कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में रिकॉर्ड 993 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है, जिसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 3,071.5 रु. तक पहुंच गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जब दाम बढ़े हैं और कुल मिलाकर तीन महीनों में 1,303 तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। वहीं, भोपाल में 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 974 रुपए 50 पैसे की बढ़ोतरी हुई है, इस मूल्य वृद्धि के बाद भोपाल में कमर्शियल गैस सिलेंडर यानी हलवाई सिलेंडर का दाम 3074 रुपए 50 पैसे का हो गया है। सिलेंडर के दाम में हुई मूल्य वृद्ध का सीधा प्रभाव कारोबारियों और उपभोक्ताओं पड़ेगा। ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी




अंत्योदय एक्सप्रेस में अहमदाबाद जा रहे बच्चों की तस्करी का शक

सूचना थी कि 100 बच्चों को मजदूरी के लिए मुजफ्फरनगर से अहमदाबाद ले जाया जा रहा है

# उज्जैन-नागदा में रेस्क्यू कर 26 नाबालिगों को छुड़ाया, रात 3 बजे तक चला सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन रेलवे स्टेशन पर गुरुवार रात बच्चों की तस्करी की सूचना पर बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन को उज्जैन और फिर नागदा स्टेशन पर रोककर पुलिस, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) और अन्य विभागों की टीम ने 26 नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। बाल कल्याण समिति को ▶▶ शेष पेज 6 पर


कार्रवाई करती हुई पुलिस

### बच्चों को उज्जैन जीआरपी को सौंपा गया

नागदा से उतारे गए सभी बच्चे नाबालिग बताए जा रहे हैं, जिनमें से दो की उम्र 14 साल से भी कम है। सभी बच्चों को फिलहाल उज्जैन जीआरपी को सौंप दिया गया है। परिजनों से संपर्क कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी, वहीं बच्चों को फिलहाल सीडब्ल्यूसी उज्जैन में रखा ▶▶ शेष पेज 6 पर


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल
मो. 8770833858, 8349245522

5 विकास की अद्भुत यात्राओं का अभिनंदन पर्व है ...

11 मज़दूरों को बारिश, धूप से बचने के लिए टीनशेड ...







बरगी में गई 9 की जान....यहां 'जान की परवाह ही नहीं'

# समिति के वर्कर किनारों पर ढूंढते रहे लाइफ जैकेट, पर्यटन का अधिकारी बोला- हम क्या करें, मुझे जानकारी नहीं है

एमएम सिद्धीकी/ मनीष मान ⏭ भोपाल

प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में हुए हादसे के बाद राजधानी के बोट क्लब पर शुक्रवार को बोट चालक कल्याण समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक्टिव दिखे। आलम यह था कि तालाब किनारे जगह-जगह बिखरी पड़ी लाइफ जैकेट ढूंढकर कर्मचारी उठा रहे तो कहीं पुरानी बोट का मेंटेनेंस किया जा रहा था। वहीं बड़ी संख्या में लाइफ जैकेट के बाकायदा ढेर लगाए गए थे। तालाब में कई बोट ऐसी भी नजर आईं, जिन्हें देखने पर लगा कि इनके मेंटेनेंस की जरूरत है। इस पर बोट कल्याण समिति से जुड़े लोगों से चर्चा की तो उनका कहना था कि सब नाव ठीक हैं। यहां ऐसा कुछ नहीं है। कुछ जानकारी चाहिए तो बोट क्लब के मैनेजर से बात करें। शुक्रवार को हरिभूमि की टीम बोट क्लब पर सुरक्षा की स्थिति देखने पहुंची तो बोट चालक कल्याण समिति के कर्ताधर्ता पूछताछ करने पर नाराज हुए। नाव की संख्या पूछने पर बताया कि उनके पास 100 नाव हैं और सबकुछ ठीक है।

बड़े तालाब में संचालित बोटिंग गतिविधियों को लेकर अब सुरक्षा इंतजामों पर सवाल भी उठने लगे हैं। नगर निगम द्वारा यहां 150 से ज्यादा बोट संचालन के लाइसेंस दिए गए हैं, लेकिन इनमें से कई बोटों की हालत खस्ताहाल बताई जा रही है। कुछ बोट ऐसी भी हैं, जिन्हें कंडम मानकर लंबे समय से किनारे खड़ा किया गया है। बोट क्लब पर सुरक्षा और निगरानी की जिम्मेदारी नगर निगम के एएचओ स्तर के अधिकारियों के पास है, जबकि संचालन का जिम्मा बोट चालक कल्याण समिति के पास है। हादसे के बाद समिति से जुड़े पदाधिकारी और कर्मचारी अलर्ट मोड में जरूर दिखाई दिए, लेकिन सवालों से बचते नजर आए। कई कर्मचारी मीडिया से बातचीत करने से कतराते रहे।

## निगम का तर्क- सुरक्षा का एएचओ करते हैं, निरीक्षण भी किया जाता है

## निगम ने 150 से ज्यादा बोट के दिए हैं लाइसेंस, कई नौका खस्ताहाल

### निगम का तर्क- बोट क्लब पर निगरानी एएचओ करते हैं, निरीक्षण भी होता है

रियलिटी चैक


बोट क्लब पर तालाब किनारे जगह-जगह बिखरी पड़ी लाइफ जैकेट ढूंढकर कर्मचारी उठाते दिखे।

नगर निगम में झील संरक्षण प्रकोष्ठ के अधीक्षण यंत्री प्रमोद मालवीय का कहना है कि बोट क्लब पर बोट संचालन के लिए लाइसेंस निगम ने जारी किए हैं। अवैध बोट संचालन, सुरक्षा, नियमों की अनदेखी को लेकर लगातार निरीक्षण किया जाता है। तेज हवा चलने और मौसम खराब होने की स्थिति में बोट का संचालन नहीं होता। मौसम अचानक बिगडने पर तालाब में चल रही बोट को तुरंत बाहर लाया जाता है।


कर्मचारियों ने तालाब किनारे से ढूंढ-ढूंढकर एकत्रित की लाइफ जैकेट तो एक तरफ ढेर लग गया।

## दिसंबर-25 में इको-फ्रेंडली शिकारे चले, वो भी हो रहे बदहाल


शिकारे की सवारी करने आए पर्यटकों को बिखरी पड़े ढेर से लाइफ जैकेट देते नौका चालक।

बोट क्लब पर दिसंबर-25 में कश्मीर की तर्ज पर शिकारा नाव सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया था। तालाब में 20 विशेष इको-फ्रेंडली शिकारे पर्यटकों के लिए शुरू किए, लेकिन अब यह भी बदहाल हो रहे हैं। हालांकि यहां सुरक्षा और लाइफ जैकेट के बिना शिकारे में सवार नहीं हो सकते। चैकिंग के बाद ही पर्यटकों को शिकारे में बैठाया जाता है।


बोट क्लब पर नौका सुधारते नजर आए कुछ कर्मचारी।
सभी फोटो- गुरु अमृतपाल सिंह

## बड़े तालाब में डीजल इंजन के उपयोग पर एनजीटी की 2023 में लगी रोक के चलते थमा हुआ है क्रूज

राजधानी के सबसे सुंदर पर्यटन स्थल बडे तालाब के बोट क्लब पर बीते ढाई साल से 'लेक प्रिंसेस' क्रूज तालाब किनारे थमा हुआ है। दरअसल, एनजीटी ने तालाब में डीजल इंजन के उपयोग पर सितंबर 2023 में रोक लगा दी थी। पर्यटकों की पहली पसंद रहा यह क्रूज अब बोट क्लब किनारे खड़ा है। इसे सितंबर-2011 में बड़े तालाब में उतारा गया था। चार साल पहले तेज बारिश और आंधी के दौरान बड़े तालाब में उठीं करीब 10 फीट ऊंची लहरों ने इस क्रूज को आधा डुबो दिया था। इसके मेंटेनेंस के लिए 12 टेक्नीशियन की टीम लगाई गई थी और करीब एक माह में यह पूरी तरह फिर से बनकर तैयार हो पाया था। इसके मेंटेनेंस पर 25 लाख रुपए खर्च हुए थे।

बड़े तालाब में लेक प्रिंसेस क्रूज नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के बाद डीजल इंजन के उपयोग पर लगी रोक के कारण बंद है। हालांकि बंद पड़े क्रूज को एक बार फिर से रन करने की तैयारी की गई थी, लेकिन पर्यावरणविदों के विरोध के चलते एमपीटी के अधिकारी इस मामले को लेकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। हरिभूमि की टीम शुक्रवार दोपहर सुरक्षा व्यवस्था को देखने पहुंची तो क्रूज तालाब किनारे खडा था। इस संबंध में जब बोट क्लब के मैनेजर श्री दीक्षित से जानकारी लेना चाही तो उन्होंने यह कहते हुए इंकार कर दिया कि न मुझे जानकारी है, न मेरी जिम्मेदारी।



### प्रदूषण का हवाला देकर लगा रखी है एनजीटी ने रोक

दरअसल, एनजीटी ने प्रदूषण का हवाला देते हुए तालाब में क्रूज के संचालन पर रोक लगा रखी है। मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम इसे डीजल की जगह इलेक्ट्रिक इंजन (ईवी) से चलने की तैयारी कर रहा है। अधिकारियों का तर्क है कि इलेक्ट्रिक क्रूज जहाज डीजल इंजन वाले क्रूज की तुलना में कम प्रदूषण करते हैं और पर्यावरण पर कम प्रभाव डालते हैं।

### बरगी डैम में हुए हादसे के बाद बोट क्लब पहुंचे मीडिया कर्मी

जबलपुर स्थित बरगी डैम में क्रूज अचानक आई तेज आंधी के चलते डूबने की घटना के बाद शुक्रवार को बड़ी संख्या में राजधानी के मीडिया कर्मी बोट क्लब पहुंचे, लेकिन यहां बोट क्लब के मैनेजर ने किसी भी तरह की जानकारी देने से इंकार कर दिया।

### एनजीटी ने जल और जलीय जीवों के लिए बताया था खतरा

एनजीटी ने अपने आदेश में कहा था कि डीजल इंजन से निकलने वाला उत्सर्जन भोज वेटलैंड के जल और जलीय जीवों के लिए खतरा है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी इस रोक को बरकरार रखा। आदेश के चलते प्रदेश पर्यटन विकास निगम को बड़े तालाब में क्रूज और मोटर बोट संचालन बंद करना पड़ा।

## एमपी बोर्ड: 10वीं-12वीं द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन 4 मई तक

**भोपाल।** एमपी बोर्ड ने दसवीं-बारहवीं की द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि में बढ़ोत्तरी की है। विद्यार्थी अब 4 मई तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।



पहले यह तिथि 26 अप्रैल तय थी। इस साल से बोर्ड ने पूरक परीक्षा प्रणाली समाप्त कर 'द्वितीय परीक्षा' लागू की है, जिसमें फेल और पास दोनों छात्र शामिल हो सकेंगे। माशिमं सचिव बुद्धेश कुमार वैद्य ने जारी आदेश में कहा है कि छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि 26 अप्रैल से बढ़ाकर 4 मई 2026 कर दी गई है। ऑनलाइन आवेदन एमपी ऑनलाइन पोर्टल के जरिए किए जा सकेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अन्य सभी नियम और निर्देश पहले की तरह ही लागू रहेंगे।

# 300 गांवों में हैंडपंपों से पानी, 20 फीट गिरा जलस्तर

## 121 नलजल योजनाएं अधूरी, 17 हजार परिवारों को नहीं मिले कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले में 475 गांवों में इन दिनों पानी का संकट खड़ा हो गया है। पीएचई और जल निगम ने गर्मी शुरू होने से पहले इन गांवों में पानी सप्लाई को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई, जिसकी वजह से इन गांवों में पीने के पानी के लिए हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इन गांवों में से 121 नलजल योजनाएं अधूरी पड़ी हैं, इधर जिन गांवों में नलजल योजनाएं चल रही हैं, वहां भी 17 हजार से अधिक परिवारों को कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। ऐसे में जिले के तीन हजार से अधिक हैंडपंप भी अब पानी कम देने लगे हैं। जिन 300 से अधिक गांवों में पानी की किल्लत हो रही है, वहां के भी अधिकतर हैंडपंपों में बीस फीट तक पाइप बढ़ाए गए हैं।

जिले के 475 गांवों के 98 हजार 128 परिवार रहते हैं। जिन्हें पानी सप्लाई करने की जिम्मेदारी पीएचई और जल निगम को दी गई है। इन परिवारों में से 17 हजार 555 परिवार ऐसे हैं, जिनको अब तक नल कनेक्शन तक नहीं दिए गए हैं। जबकि 261 गांवों में नलजल योजना से पानी दिया जा रहा है, जिसमें 86 योजनाएं बंद पड़ी हैं। जबकि 121 नलजल योजनाएं अब तक अधूरी पड़ी हैं।

### निजी ट्यूबवेल से पानी सप्लाई



अलग खबर

ग्राम पंचायत कनेरा में नलजल योजना आधूरी पड़ी होने की वजह से गांव के लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन जाट ने अपने निजी ट्यूबवेल से सौ से ज्यादा घरों में पाइप से कनेक्शन दिए हैं, जिससे इन परिवारों को पानी मिल पा रहा है।

### 264 हैंडपंप हुए बंद, तीन हजार में जल स्तर गिरा

जिले के गांवों में पानी की आपूर्ति अब हैंडपंपों पर निर्भर हो गई है, जबकि कुछ गांवों में निजी ट्यूबवेलों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इधर जिले के 4 हजार 92 हैंडपंप में से 3 हजार 828 पानी दे रहे हैं। इनका जलस्तर गिरने की वजह से पाइप बढ़ाकर काम चलाना पड़ रहा है, जबकि 264 हैंडपंप पूरी तरह से बंद हो गए हैं।

### दो दर्जन निजी ट्यूबवेलों का होगा अधिग्रहण

पानी की किल्लत को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में दो दर्जन निजी ट्यूबवेलों का अधिग्रहण किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी का कहना है कि संसाधनों के हिसाब से गांवों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिले में कहीं भी टैंकरों से पानी सप्लाई करने की स्थिति नहीं है।

### जहां पानी की दिक्कत वहां चल रहे हैंडपंप

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर गांवों में नलजल योजना से पानी सप्लाई किया जा रहा है, जहां पानी की कमी है, वहां ग्रामीण हैंडपंपों से पानी ले रहे हैं। कुछ गांवों में जल निगम भी नलजल योजना का संचालन कर रहा है।

**सुदेश मालवीय, कार्यपालन यंत्री, पीएचई**

## एक साल पहले भी मानस भवन से हटाने पर अड़ा था जिला प्रशासन

# 70 साल पुरानी बस्ती आज होगी जमींदोज, 4 एसडीएम संभालेंगे कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पॉलिटेक्निक चौराहे के नजदीक स्थित मानस भवन के पीछे वन विभाग की जमीन पर रहने वाले 27 आदिवासी परिवारों को आज बेदखल कर दिया जाएगा। यह परिवार यहां करीब 60 साल से निवास कर रहे हैं। एक साल पहले भी जिला प्रशासन ने सौ से अधिक अफसरों की टीम तैनात कर इसे जमींदोज करने का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के सामने आने के बाद मामला कोर्ट चला गया। अब शनिवार को चार एसडीएम सहित 95 अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है।



दिसंबर 2025 में जब बस्ती हटाने की कार्रवाई शुरू की गई थी, तब बस्ती के बच्चों ने ऐसे पोस्टर दिखाए थे।

मानस भवन के पीछे बसे 27 झुग्गी परिवारों के दो सौ से अधिक आदिवासियों को एक साल पहले भी हटाने का प्रयास किया गया था, लेकिन राजनैतिक विरोध और जबलपुर हाईकोर्ट के स्टे के बाद बेदखली को रोक दिया गया। हाईकोर्ट ने बेदखली आदेश के स्टे को अब खारिज कर दिया है। जिसके बाद जिला प्रशासन ने चार एसडीएम सहित 95 अफसरों की टीम बनाकर शनिवार को बस्ती को जमींदोज करने की तैयारी कर ली है। यहां पर खसरा नंबर-1413/1 रकबा 31.5130 हेक्टेयर नोईयत वन अंशभाग 5613 वर्गफीट के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई होना है।

जिला प्रशासन की तैयारी को देखते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि आदिवासी परिवारों को बेदखल करने के निर्णय का हम विरोध करेंगे। जिसके लिए अफसरों से बात की जा रही है।

### तीन जगहों पर होगी शिफ्टिंग

इन परिवारों को भौंरी, कलखेड़ा, और मालीखेड़ी में बने आवासों में शिफ्ट किया जाएगा। यहां पर लोगों को बिना राशि लिए आवास दिए जाएंगे। आवास की राशि 2 लाख प्रति परिवार मानस भवन प्रबंधन उठाएगा। एसडीएम शहर दीपक पांडे का कहना है कि हाईकोर्ट का स्टे हटने के बाद सरकारी जमीन पर काबिल लोगों को हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है।



# मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में माता महाकाली की भव्य स्थापना

## वैशाख पूर्णिमा पर कराया कन्या भोज, प्रसाद का वितरण किया



माता की पूजा करतीं स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैशाख पूर्णिमा पर चार इमली स्थित मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में माता महाकाली की स्थापना विधिवत सम्पन्न हुई। इसके पश्चात भंडारा एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक माता महाकाली की स्थापना विधि-विधान से सम्पन्न हुई। इससे पूर्व कन्या भोज कराया गया।



### स्वदेशी उत्पाद के जरिए करें राष्ट्र सेवाः सीमा भारद्वाज

आयोजन में प्रमुख रूप से उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने माता काली से विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने संध्या आरती के अवसर पर श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि जीवन में स्वदेशी उत्पाद अपनाएं। यह पर्यावरण संरक्षण में सहायक है और राष्ट्र सेवा का माध्यम भी है। सुबह से रात तक उपयोग में आने वाली वस्तुएं स्थानीय और भारत में निर्मित ही अपनाएं। देश का धन देश में ही रहे, यही सच्ची देशसेवा है। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया।

### स्वदेशी संस्कृति अपनाने के संकल्प ने बनाया सेवा को सार्थकः डॉ. इंदिरा

इस पुनीत अवसर पर मंदिर के संस्थापक थापक एवं पुष्पा थापक, डॉ. इंदिरा बर्मन, डॉ. सुकुमार बर्मन एवं उनका परिवार, पूजा सिन्हा, अंकिता बैनर्जी, श्रद्धा, राधा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। डॉ. इंदिरा बर्मन ने कहा कि माता काली की स्थापना के इस पावन अवसर पर स्वदेशी संस्कृति अपनाने का संकल्प हमारी सेवा को सार्थक बना गया।

## खबर संक्षेप



### मेघावी बच्चों का किया गया सम्मान

**भोपाल।** ललिताराम जन विकास कल्याण समिति द्वारा 10वीं-12वीं कक्षा में प्रावीण्य सूची के छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह शुक्रवार को नार्मदीय मंदिर सेकंड स्टॉप तुलसी नगर में किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। 12वीं में मेरिट लिस्ट में आने वाली चांदनी विश्वकर्मा, आदित्य तिवारी, दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीसी शर्मा, अमित शर्मा, ममतेश शर्मा, अवनीश भार्गव, आशुतोष चौकसे, राजकुमार सिंह और आयोजन सूत्रधार वीरेंद्र मिश्रा उपस्थित थे।

### आरटीई : निजी स्कूलों में एडमिशन के लिए 4 मई से शुरू होगा दूसरा चरण

**भोपाल।** प्रदेश के निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया 4 मई से शुरू होगी। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्यवय को निर्देश जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के अंतर्गत पात्र बच्चों को अशासकीय, गैर-अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश प्रदान किया जाता है। प्रदेश में आरटीई के तहत प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। विद्यालयों में सीटें रिक्त रह गई हैं, उन सभी विद्यालयों को उनकी रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में कोई नया पंजीयन नहीं किया जाएगा।

### वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन का निधन

**भोपाल।** गंजबासौदा के वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन का गुरुवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया।



गुरुवार की शाम को वे अपने घर पर थे, तभी उनकी अचानक तबीयत बिगड़ी और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। करीब 63 वर्षीय ऋषभ जैन अपने पीछे पुत्र विकास जैन एवं पुत्री, नाती मयश जैन सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। विकास जैन हरिभूमि समाचार पत्र समूह में पत्रकार हैं। डॉ. एके जैन, निर्मल कुमार जैन, मुकेश जैन और वीरेन्द्र जैन रूचिला के बड़े भाई ऋषभ जैन कई समाचार पत्रों से संबंधित एवं कई पत्रकार संगठनों के पदाधिकारी और नगर के पत्रकार संघों के संरक्षक रहे हैं। जैन के निधन पर पत्रकारों, नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों ने शोक व्यक्त करते हुए दुःखी परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## राजधानी में धूमधाम से मनाई गई गौतम बुद्ध की 2570वीं जयंती, जगह-जगह हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

# बुद्ध विहारों में बुद्ध वंदना, धम्म देशना के साथ बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का दिया संदेश, विश्व शांति के लिए की प्रार्थना

## बुद्ध पूर्णिमा पर हुआ महाअनुष्ठान, विश्व को युद्ध नहीं, बुद्ध के संदेशों पर चलने की जरूरत बताई




चूनाभट्टी बुद्ध भूमि महाविहार कोलार रोड में बुद्ध वंदना करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। शहर के बुद्ध विहारों में बुद्ध वंदना, धम्म देशना, महापरित्राण पाठ के साथ अनेक आयोजन हुए। इस दौरान भगवान गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। बौद्ध अनुयायियों ने एक स्वर में कहा कि आज विश्व को युद्ध नहीं बुद्ध के संदेश बहुजन सुखाय-हिताय की जरूरत है।

### प्रेम और करुणा को सर्वोच्च स्थान

भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो ने बताया कि बौद्ध धम्म में प्रेम और करुणा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। बौद्ध अनुयायियों ने वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के दिन गरीबों को भोजन खिलाने, रोगियों को दवा दान करने की बात कहीं। इस मौके पर मुंबई से आए ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष मास्टर जेन ने कहा आज का विश्व युद्ध के संकट से घेरा है। इसके चलते तनाव, असहिष्णुता, लालच और असंतुलित जीवनशैली ने मानवता को अशांति की ओर धकेल दिया है। ऐसे समय में भगवान बुद्ध का धम्म केवल एक आध्यात्मिक परंपरा नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए एक व्यावहारिक, वैज्ञानिक और सार्वभौमिक समाधान के रूप में सामने आता है। तो वहीं घरों में पंचशील के ध्वज लगाकर अनुयाई पवित्र अष्टशील का व्रत धारण कर उसका कढ़ाई से पालन करने एवं अपने घर में खीर बनाकर प्रसाद के रूप में वितरण किया।

### सुबह से रात तक चलता रहा कार्यक्रमों का दौर

शहर में सुबह से रात तक कार्यक्रमों का दौर चलता रहा। शहर के बुद्ध विहारों में सुबह से ही कार्यक्रमों का दौर शुरू हो गया था। राजधानी के 52 बौद्ध विहारों में भगवान बुद्ध की मूर्ति के सामने बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने प्रार्थना की और बुद्धम, शरणम्, गच्छामि के जयघोष किए। चूनाभट्टी बुद्ध भूमि महाविहार कोलार रोड में मुख्य कार्यक्रम हुआ। बौद्ध महाविहार में 25 फीट ऊंची तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा बुद्ध वंदना की गई। भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद खीर का प्रसाद श्रद्धालुओं को बांटा गया। शाम को बोधिवृक्ष के समक्ष बोधि पूजा एवं सामूहिक बुद्ध वंदना, मंगल परित्राण पाठ तथा दिवंगत श्यामराव साल्वे की पुण्य स्मृति में आयुष्मती इंदुबाई साल्वे द्वारा बुद्धरूप दान स्थापना महा अनुष्ठान संपन्न हुआ। इसके बाद सांस्कृतिक एवं धम्म प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया।



### गौरीशंकर परिसर के मैत्री बुद्ध विहार में उत्साह से मनाई बुद्ध पूर्णिमा



गौरीशंकर परिसर स्थित मैत्री बुद्ध विहार में बुद्ध वंदना करते लोग।

गौरीशंकर परिसर स्थित मैत्री बुद्ध विहार में भगवान बुद्ध का 2569वां जयंती समारोह भक्तिभाव से मनाया गया। इस अवसर पर बुद्ध वंदना, धम्म देशना का पाठ किया गया। इसके बाद बुद्ध विहार से रैली निकाली गई। आयोजन में समिति पदाधिकारी अशोक डोंगरे, आनंद खातरकर, धर्मपाल फुसे, शोभित जुमड़े, राजेश सोनवाने, दिवाकर गजभिए, योगेश बागड़े, विवेक घोसले, विजय सोंकुंवर, राजकुमार अहिरवार, आरके जाटव, महिला मंडल की प्रगति फुसे, रोशनी खातरकर, कमल सोनवाने, संघमित्रा जुमड़े, नंदा डोंगरे, ज्योति गजभिए एवं उपासक और उपासिकाएं उपस्थित रहे।

### वैशाख पूर्णिमा पर मंदिरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान



सर्वार्थ सिद्धि योग,स्वाति नक्षत्र संयोग में शुक्रवार को वैशाख पूर्णिमा मनाई गई। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि उदया तिथि पूर्णिमा पर लोगों ने स्नान दान किया। पूर्णिमा पर घरों पर भगवान सत्यनारायण की कथा व शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का विशेष पूजन किया गया। श्री बड़वाले महादेव मंदिर में वैशाख पूर्णिमा पर भगवान श्री बटेश्वर का दूध, दही, शहद, घी एवं गन्ने के रस से अभिषेक किया गया। इसके अलावा घरों में भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन किया गया। वहीं दादाजी धाम मंदिर में वैशाख शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा अत्यंत श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाई गई। मंदिर में पंडित राजेन्द्र पलिया द्वारा वैदिक विधि-विधान से पूजा, हवन एवं आरती संपन्न कराई गई। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध से शांति और भगवान विष्णु से सद्बुद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### देशभर में 24 लाख घरों से दिया वातावरण शुद्धि के साथ मानव चेतना शुद्ध करने का संदेश

## बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर दो हजार से अधिक घरों में हुए गायत्री यज्ञ

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में 'गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ' अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर यज्ञ आयोजित किए गए। वातावरण शुद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा के संचार के उद्देश्य से देशभर में लगभग 24 लाख यज्ञ सम्पन्न हुए, वहीं भोपाल जिले में 2



हजार से अधिक घरों में श्रद्धापूर्वक गायत्री यज्ञ किया गया। इस अवसर पर मीनाल चेतना केंद्र स्थित राम मंदिर परिसर में सामूहिक यज्ञ का आयोजन हुआ, वहीं नव चेतना केंद्र नेहरू नगर के मंदिर में 30 दंपत्तियों ने एक साथ आहुति समर्पित की। गायत्री परिवार के रमेश नागर ने बताया कि यज्ञ के माध्यम से वातावरण की विषाक्तता को दूर करने और मानव चेतना को शुद्ध करने का प्रभावी प्रयास किया जा रहा है।

### विश्व शांति की सामूहिक प्रार्थना

शांतिकुंज हरिद्वार से संचालित इस आध्यात्मिक प्रयोग के अंतर्गत बुद्ध,वैशाख पूर्णिमा पर घर-घर यज्ञ कर विश्व शांति, पर्यावरण शुद्धि , मानव चिंतन के परिष्कार एवं भारत को सशक्त बनाने हेतु सामूहिक प्रार्थना की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां गायत्री से प्रार्थना की कि वे समस्त मानवता को शुद्धता, सद्बुद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करें।

## मध्य प्रदेश स्वर्णकार समाज का प्रतिनिधिमंडल मंत्री जामवाल से मिला, निगम-मंडल में नियुक्ति की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र स्वर्णकार समाज कल्याण समिति का प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल से मुलाकात की। इस मौके पर स्वर्णकार समाज के लोगों को निगम मंडलों में अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की मांग की।

इस मौके पर समाज के लोगों द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया कि मप्र में चालीस लाख स्वर्णकार बंधु निवास करते हैं और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से पार्टी से अनेकों वर्षों से जुड़े हुए और कार्यकर्ता रूप में सत्य निष्ठा ईमानदारी और लगन से काम कर रहे हैं। लेकिन




सरकार में उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। इस मौके पर समिति भोपाल के अध्यक्ष ओपी सोनी, महामंत्री अखिलेश सोनी, अजय सोनी व अशोक वर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### नरेला विस के वार्ड 41 पुल बोगदा से मृतकों की आत्मा की शांति के लिए निकाला मार्च

## बरगी डैम में मारे गए लोगों को कैंडल मार्च निकाल दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जबलपुर के बरगी बांध में हुई दर्दनाक क्रूज दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकालकर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। नरेला विधानसभा के वार्ड 41 पुल बोगदा से स्थानीय नागरिकों के साथ कांग्रेस नेताओं ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकालकर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मोहम्मद शावर, नईम खान, हारून भाई, समीर खान, सोहेल अहमद, अय्यूब खान, इजहार शानू, आसिफ अली, अंकित साहू, सादिक खान सहित कार्यकर्ता ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।



मृत्कों की आत्मा की शांति के लिए लोगों ने कैंडल जलाईं।

## साईं मंदिर के स्थापना दिवस पर निकली पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी मंगलवारा साईं नाथ मंदिर के स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। नरेश बाबा के सानिध्य में पालकी यात्रा निकाली गई, जो मंगलवारा से जवाहर चौक सोमवारा लखेरा पुरा चौक इतवारा से वापस मंदिर पर संपन्न हुई।



### दतिया पुलिस ने किया था सोनागिर जैन मंदिर चोरी प्रकरण का त्वरित खुलासा

## जैन समाज ने किया डीजीपी मकवाणा का सम्मान

### प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को स्मृति चिन्ह भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा का शुक्रवार को जैन समाज एवं तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस मुख्यालय, भोपाल पहुंचकर सम्मान किया।

प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को स्मृति चिन्ह भेंट कर मप्र पुलिस, विशेष रूप से दतिया




डीजीपी मकवाणा से भेंट करते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

पुलिस की तत्पर, प्रभावी एवं संवेदनशील कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मकवाणा ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस प्रदेशवासियों की आस्था, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की रक्षा हेतु पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वहीं उन्होंने ने दतिया पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सतर्कता, त्वरित कार्रवाई एवं प्रभावी जांच के परिणामस्वरूप ही यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

### दतिया पुलिस ने किया था लाखों रुपए की चोरी का खुलासा

दतिया पुलिस ने बीते दिनों सोनागिर स्थित प्रसिद्ध जैन मंदिर में हुई चोरी की गंभीर घटना का त्वरित एवं सफल खुलासा करते हुए लगभग 25 लाख रुपए मूल्य की चांदी की मूर्ति, चांदी का सिंहासन, चांदी के यंत्र एवं अन्य सामग्री जब्त कर 20-20 हजार रुपए के इनामी अंतरराज्यीय शातिर मूर्ति चोर सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# विकास की अद्भुत यात्राओं का अभिनंदन पर्व है राज्य स्थापना दिवस: राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि 1 मई, देश के दो अत्यंत समृद्ध-सशक्त राज्य गुजरात और महाराष्ट्र के प्रशासनिक गठन के स्मरण का दिवस है। उनकी विकास की अद्भुत यात्राओं का अभिनंदन पर्व है। उन्होंने कहा कि भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधताएं ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैं, जिनके बीच की एकता ही सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत का आधार है। महाराष्ट्र की औद्योगिक क्षमता और वित्तीय नेतृत्व के साथ गुजरात की उद्यमशीलता, व्यापारिक दक्षता, समुद्री विकास और नवकरणीय ऊर्जा विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है।

राज्यपाल पटेल शुक्रवार को गुजरात और महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने दोनों राज्यों के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी मौजूद रहे। लोकभवन के सांदीपनि सभागार में एक भारत-श्रेष्ठ भारत संकल्पना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

## गुजरात व महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री हुए शामिल



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में राज्यपाल पटेल को स्मृति चिह्न भेट किया गया।

### उद्यमिता और नवाचार में देश के नेतृत्वकर्ता हैं गुजराती: पटेल

राज्यपाल पटेल ने कहा कि गुजरात के लोग अपनी जीवटता, नवाचार, व्यापारिक कौशल, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था रखते है। परिश्रम और उद्यमशीलता से देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में योगदान देते हैं। आर्थिक रूप से सम्पन्न गुजरात उद्योग, व्यापार, बंदरगाह विकास और उद्यमिता में नवाचारों के बल पर देश का नेतृत्व करता है। आज गुजरात राज्य ' मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### महाराष्ट्र के तीर्थ स्थल समृद्ध पौराणिक, सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक

राज्यपाल पटेल ने कहा कि मेहनत, अनुशासन, समरसता, सांस्कृतिक गौरव, उद्यमशीलता और राष्ट्रनिष्ठा महाराष्ट्रवासियों की पहचान है। ये परंपरा और आधुनिकता के संतुलन के साथ देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। महाराष्ट्र की पावन धरती पर मां गोदावरी की अविरल धारा, सह्याद्री की भव्यता, अजंता-एलोरा की गुफाएँ, त्रयम्ब-केशवर ज्योतिर्लिंग तथा शिरडी-पंढरपुर जैसे तीर्थ, हमारी समृद्ध पौराणिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि संत ज्ञानेश्वर, संत तुकाराम और संत नामदेव की भक्ति परंपरा ने समाज में नैतिकता, समरसता एवं आध्यात्मिक चेतना का विकास किया। छत्रपति शिवाजी महाराज के अदम्य साहस और स्वराज की भावना ने भारतीयों में आत्मगौरव का संचार किया।

### राज्यों की गौरवशाली लोक संस्कृति और परंपराओं पर हुई प्रस्तुतियां

राज्यपाल पटेल के समक्ष गुजरात और महाराष्ट्र राज्य की गौरवशाली लोक संस्कृति और ऐतिहासिक परंपराओं पर आधारित प्रस्तुतियां दी गई। समारोह में गुजराती समाज की ओर से वायब्रेंट स्पिरिट ऑफ गुजरात की थीम पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई। गुजरात के इतिहास और कला संस्कृति पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। राज्यपाल पटेल को मराठी साठा और स्मृति चिन्ह भेंट की गई। संयुक्त समारोह में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, गुजराती समाज के अध्यक्ष संजय पटेल, मराठी समाज के प्रतिनिधि अभिजीत देशमुख, शैला प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सत्येंद्र मप्र लघु उद्योग निगम अध्यक्ष नियुक्त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों का सिलसिला लगातार जारी है। भाजपा के पूर्व कार्यालय मंत्री सत्येन्द्र भूषण सिंह को लघु उद्योग निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। सत्येन्द्र भूषण को दो साल के लिए अध्यक्ष बनाया गया है। इधर, गुड्डी आदिवासी को राज्य स्तरीय सहरिया विकास प्राधिकरण अध्यक्ष बनाया गया है।

### विभागों को 29 जून तक खर्च ब्यौरा देना अनिवार्य

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में वित्तीय अनुशासन को सख्ती से लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य के सभी सरकारी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अब तक किए गए खर्च का पूरा ब्योरा 29 जून तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। तय समयसीमा के बाद दी गई जानकारी को वार्षिक लेखों में शामिल नहीं किया जाएगा।

### बिजली का 103 करोड़ बकाया, 'चुंगी' से पेमेंट

**भोपाल।** प्रदेश में वित्तीय स्थिति की एक और तस्वीर सामने आई है, जहां 348 नगरीय निकायों पर 103 करोड़ 6 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया पाया गया है। बिजली कंपनियों की ओर से नोटिस जारी होने के बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 'चुंगी' क्षतिपूर्ति मद से इन बिलों का भुगतान किया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल के अंतर्गत 107 निकायों पर 40 करोड़ 26 लाख रुपए, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, जबलपुर के अंतर्गत 133 निकायों पर 23 करोड़ 66 लाख रुपए बकाया था।

### किसानों की सुविधा के लिए केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई

# मप्र में अब तक 80 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। किसान भाइयों ने बड़ी संख्या में स्लॉट बुक किए हैं। अब तक 80 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं उपार्जन के लिए स्टॉल बुक हो चुके है। यह एक सकारात्मक संदेश है।



स्टॉल बुकिंग का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के किसानों से गेहूं उपार्जन करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केन्द्रों पर सभी संभव व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के लिए आकस्मिक निरीक्षण लगातार चलता रहेगा और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। सभी मंत्री, विधायक और संबंधित अधिकारियों को उपार्जन प्रक्रिया में पूरी सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने और किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देशित किया गया है।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री ने कहा- लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी
- मध्य प्रदेश में स्टॉल बुकिंग का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा



### गेहूं उपार्जन के मुद्दे को लेकर डॉ. मोहन से दिग्विजय ने की भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में भेंट कर प्रदेश में जारी गेहूं उपार्जन के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि गेहूं उपार्जन के लिए अब तक 80 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुक हो चुके हैं, स्लॉट बुकिंग का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के किसानों से गेहूं उपार्जन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। किसानों की सुविधा के लिए सभी संभव व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि वे स्वयं भी उपार्जन प्रक्रिया पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल करेंगे इंदौर-पीथमपुर कॉरिडोर के प्रथम चरण का भूमिपूजन

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 3 मई को इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रोजेक्ट के प्रथम चरण का भूमिपूजन सेक्टर-ए, ग्राम नैनोद, इंदौर में करेंगे। प्रथम चरण की लागत 326.51 करोड़ रुपए है, जिसके तहत प्रारंभिक अधोसंरचना विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। परियोजना से क्षेत्र में आधुनिक अधोसंरचना विकसित होगी, कनेक्टिविटी मजबूत होगी और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

### मुख्यमंत्री के निर्णय से जुड़ने लगे किसान

परियोजना की सबसे बड़ी चुनौती भू-स्वामियों से सहमति के साथ जमीन प्राप्त करना थी, क्योंकि शहर के समीप होने के कारण भूमि का बाजार मूल्य अधिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस स्थिति को समझते हुए किसानों के हित में बेहतर निर्णय लिया। इससे विकास और किसानों के हितों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित हुआ। मुख्यमंत्री के इस निर्णय के बाद किसानों की भागीदारी में तेजी आई है। डॉ. यादव ने जमीन देने वाले भू-स्वामियों को मिलने वाली विकसित जमीन का हिस्सा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया है।

### मप्र प्रतिनिधिमंडल ने निवेश कंपनियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें की

# वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026: ऊर्जा परिवर्तन अधोसंरचना विकास और निवेश पर हुआ संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 के दूसरे दिन 20 जनवरी को दावोस में मप्र ने वैश्विक निवेश और प्रौद्योगिकी मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। राज्य प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा परिवर्तन, डिजिटल नवाचार, अधोसंरचना विकास और निवेश सहयोग के क्षेत्रों में विश्व की अग्रणी कंपनियों के साथ उच्चस्तरीय संवाद किए। इन बैठकों के माध्यम से मध्यप्रदेश ने सतत विकास, स्वच्छ ऊर्जा और प्रौद्योगिकी-आधारित आर्थिक वृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम के दूसरे दिन मप्र प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं निवेश कंपनियों के साथ रणनीतिक संवाद और सहयोगात्मक बैठकें कीं। ग्लोबल साउथ के लिए तैयार द मेरिडियन कलेक्टिव (टीएमसी) प्लेटफार्म का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य उप-राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा परिवर्तन और औद्योगिक डिकार्बोनाइज़ेशन को गति देना है। टीएमसी के माध्यम से निजी पूंजी, तकनीकी विशेषज्ञता और वैश्विक नेटवर्क को राज्यों से जोड़ा जाएगा।

### फूड प्रोसेसिंग, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स पर चर्चा

कृष्णन एन. बालेंद्र (चेयरपर्सन, जॉन कील्स होल्डिंग्स लिमिटेड) के साथ फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, वन्यजीव संरक्षण, धार्मिक पर्यटन और नर्मदा बेसिन में कृषि-प्रसंस्करण पर निवेश संभावनाओं पर चर्चा हुई। क्रेसेंट एंटरप्राइजेज के डिप्टी सीईओ तुषार सिंघवी से स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक्स और अधोसंरचना क्षेत्र में दीर्घकालिक एवं स्केलेबल निवेश अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया। गूगल के वाइस प्रेसिडेंट (एशिया पैसिफिक) संजय गुप्ता के साथ एआई मिशन, क्लाउड डेटा सेंटर, एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर और कार्बन-फ्री डिजिटल इकोसिस्टम पर सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। ट्री एनर्जी सॉल्यूशंस (टीईएस) के सीईओ मार्को अल्वेरा के साथ ग्रीन हाइड्रोजन और ई-एनजी आधारित स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर संवाद हुआ, जो राज्य की भविष्य-उन्मुख ऊर्जा नीति के अनुरूप है।

## टैक्सटाइल एवं गारमेंट सेक्टर में इंटरएक्टिव सेशन में निवेशकों के साथ दिल्ली में हुआ संवाद

मप्र को वस्त्र एवं गारमेंट उद्योग के लिए एक सशक्त और प्रतिस्पर्धी निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) की ओर से मप्र भवन, नई दिल्ली में टैक्सटाइल एवं गारमेंट सेक्टर में निवेश अवसर विषय पर इंटरैक्टिव आउटरीच सेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्वालियर एवं चंबल संभाग को केंद्र में रखते हुए राज्य की औद्योगिक क्षमताओं, नीति समर्थन और अधोसंरचना को प्रमुख उद्योग संगठनों एवं निवेशकों के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। सेशन में टेक्सटाइल एसोसिएशन दिल्ली, ओखला इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ-साथ ब्लैकबेरीज़, वेलेंसिया अपैरल्स (नोएडा) और ट्राइबर्ग जैसे प्रतिष्ठित उद्योग समूहों सहित 60 से अधिक निवेशकों एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। यह सहभागिता इस बात का संकेत रही कि मप्र विशेषकर ग्वालियर-चंबल क्षेत्र, टैक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में निवेश के लिए उद्योग जगत का ध्यान आकर्षित कर रहा है। एमपीआईडीसी की कार्यकारी निदेशक सुश्री अनीशा श्रीवास्तव ने प्रस्तुति के माध्यम से राज्य में उपलब्ध औद्योगिक भूमि, निवेश प्रोत्साहन योजनाएं, सिंगल विंडो क्लियरेंस प्रणाली, लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी और श्रमशक्ति की उपलब्धता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में विकसित औद्योगिक अधोसंरचना, राष्ट्रीय राजमार्गों एवं रेल नेटवर्क से बेहतर जुड़ाव, तथा प्रतिस्पर्धी लागत पर उपलब्ध कुशल मानव संसाधन इस क्षेत्र को वस्त्र एवं गारमेंट उद्योग के लिए अत्यंत अनुकूल बनाते हैं। सेशन में इन्फिनिट पॉसिबिलिटीज की अवधारणा के तहत मप्र में निवेश के व्यापक अवसरों को रेखांकित किया गया, जिसमें टेक्सटाइल वैल्यू चेन के विभिन्न घटकों जैसे फाइबर, यार्न, फैब्रिक, गारमेंट एवं रेडीमेड उत्पाद में निवेश संभावनाओं को विशेष रूप से सामने रखा गया। राज्य में विकसित हो रहे क्लस्टर आधारित औद्योगिक मॉडल, टैक्सटाइल पार्क्स और निर्यात उन्मुख इकाइयों के लिए अनुकूल वातावरण की जानकारी भी साझा की गई।

## मजदूर दिवस पर कर्मचारी मंच में किया मंत्रालय पर प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के नेतृत्व में मजदूर दिवस पर स्थाई कर्मी, अंशकालीन कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मंत्रालय के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

इस अवसर पर कर्मचारियों ने अपनी मांगों का मांग पत्र मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम जिला प्रशासन को सौंपा। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि लंबे समय से स्थाई कर्मियों, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं वनसुरक्षा श्रमिकों की न्यायोचित मांगों को संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है। नौकरशाही कर्मचारियों का शोषण कर उनके अधिकारों का हनन कर रही है।

## अंतिम तिथि के बाद भी लिए जाएंगे पुलिसकर्मियों के बच्चों की पढ़ाई के आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के बच्चों की शिक्षा से जुड़ी शुल्क प्रतिपूर्ति योजना को लेकर अहम निर्देश जारी किए हैं। अब अंतिम तिथि निकल जाने के बाद भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, ताकि किसी भी पात्र परिवार को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े।

दरअसल, मुख्यालय को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई जिलों और इकाइयों में समय-सीमा का हवाला देकर पुलिसकर्मियों के बच्चों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए डीजीपी कैलाश मकवाना ने दखल दिया। फिर पीएचक्यू ने सभी इकाइयों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आवेदन लेने से मना करना पूरी तरह अनुचित है। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी इकाई प्रमुख हर हाल में आवेदन प्राप्त करें और संबंधित पुलिसकर्मी को उसकी पावती देना भी अनिवार्य होगा। ले ही आवेदन की निर्धारित तिथि समाप्त हो चुकी हो, फिर भी आवेदन लेने से इंकार नहीं किया जा सकता। यदि कोई आवेदन पात्रता के दायरे में नहीं आता है, तो लिखित रूप में कारण बताना होगा।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू ने खरीदी प्रक्रिया को अव्यवस्थित बताया

# गेहूं खरीदी पर सियासत तेज: पटवारी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, किसानों के नुकसान का मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर सियासत तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर खरीदी व्यवस्था को पूरी तरह विफल बताते हुए किसानों को हुए भारी नुकसान का मुद्दा उठाया है।



पटवारी ने पत्र में आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने किसानों से 2700 प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीदी का वादा किया था, लेकिन वर्तमान में केंद्र सरकार के समर्थन मूल्य 2585 पर मात्र 40 बोनस जोड़कर 2625 प्रति क्विंटल पर खरीदी की जा रही है। उन्होंने इसे किसानों के साथ वादाखिलाफी करार दिया। उन्होंने पड़ोसी राज्य राजस्थान का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां किसानों को 2735 प्रति क्विंटल तक का मूल्य मिल रहा है, जबकि मध्य प्रदेश में डबल इंजन सरकार होने के बावजूद किसानों को कम दाम मिल रहे हैं।

### खरीदी में हुई अव्यवस्था की जिम्मेदारी तय की जाए

पत्र में प्रदेश की खरीदी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पटवारी ने बताया कि इस वर्ष लगभग 40.58 लाख हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई हुई है और कुल उत्पादन करीब 245 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जबकि सरकार ने खरीदी का लक्ष्य केवल 100 लाख मीट्रिक टन तय किया है। उन्होंने कहा कि यह कुल उत्पादन का 50 प्रतिशत भी नहीं है, जबकि अन्य राज्यों में अधिक हिस्सेदारी की खरीदी की जाती है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने खरीदी प्रक्रिया को अव्यवस्थित बताते हुए कहा कि बार-बार स्लॉट बुकिंग की तारीख बढ़ाना इस बात का प्रमाण है कि तंत्र पूरी तरह फेल हो चुका है। पुनः सत्यापन जैसी जटिल प्रक्रियाओं के कारण किसान समय पर पंजीयन और स्लॉट बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि खरीदी की धीमी गति के कारण 50 प्रतिशत से अधिक किसान अपनी उपज खुले बाजार में 1800 से 2200 प्रति क्विंटल के भाव पर बेचने को मजबूर हुए हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पटवारी ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि खरीदी में हुई अव्यवस्था की जिम्मेदारी तय की जाए।

### संगठन की विचारधारा, सरकार की योजनाओं, पार्टी को मजबूत करने के तरीकों पर देंगे प्रशिक्षण

# ग्वालियर से शुरू होगा भाजपा का जिला प्रशिक्षण अभियान, मंत्रियों-विधायकों को करना होगा रात्रि विश्राम...सीएम डॉ. मोहन के साथ जामवाल भी होंगे शामिल

**महाअभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक और व्यवहारिक रूप से सशक्त बनाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




भारतीय जनता पार्टी का पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अब नए चरण में प्रवेश करने जा रहा है। इस अभियान की औपचारिक शुरूआत 3 मई से ग्वालियर से होगी, जहां दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल करेंगे, जबकि समापन सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। खास बात यह है कि इस बार प्रशिक्षण में शामिल होने वाले सभी मंत्री, विधायक और सांसदों को प्रशिक्षण स्थल पर ही रात्रि विश्राम करना होगा, ताकि वे कार्यकर्ताओं के साथ अधिक समय बिताकर संवाद स्थापित कर सकें। पार्टी के अनुसार, इस महाअभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक और व्यवहारिक रूप से सशक्त बनाना है। ग्वालियर में होने वाले पहले प्रशिक्षण वर्ग को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यही से पूरे प्रदेश के जिला स्तरीय कार्यक्रमों की दिशा तय होगी। प्रशिक्षण महाअभियान के प्रदेश संयोजक विजय दुबे ने जानकारी दी कि ग्वालियर वर्ग में मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भारत सिंह कुशवाह, लाल सिंह आर्य, गोविंद पाराशर, नरेंद्र बिसेन, निशांत खरे सहित कई वरिष्ठ नेता विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। ये सभी नेता संगठन की विचारधारा, सरकार की योजनाओं, कार्यशैली और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के तरीकों पर प्रशिक्षण देंगे।

### 1313 मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे किए जा चुके हैं

पार्टी संगठन ने इसके लिए व्यापक तैयारी की है। इससे पहले 22 अप्रैल को इंदौर में प्रदेश स्तरीय वक्ताओं का विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया था, जिसमें उन्हें गहन प्रशिक्षण दिया गया। अब यही प्रशिक्षित वक्ता जिलों में जाकर कार्यकतार्ओं को प्रशिक्षण देंगे, ताकि पूरे प्रदेश में एक समान और प्रभावी प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जा सके। भाजपा का दावा है कि इससे पहले प्रदेश के 1313 मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे किए जा चुके हैं और अब जिला स्तर पर यह दूसरा एवं अधिक व्यापक चरण शुरू किया जा रहा है।

### विपक्ष के मुद्दों पर जवाब देने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा

महाअभियान के तहत प्रदेश के सभी 61 संगठनात्मक जिलों में 3 मई से 31 मई तक दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। हर जिले में विस्तृत कार्यक्रम तय किया गया है, जिसमें बूथ प्रबंधन, संगठन विस्तार, सोशल मीडिया की भूमिका, सरकार की उपलब्धियों का प्रचार और विपक्ष के मुद्दों का जवाब जैसे विषय शामिल हैं।

### भाजपा किसान मोर्चा व अजा मोर्चा में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति

**भोपाल।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने 5 जिलों में मोर्चा के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। जानकारी के सीधी में हरिकेश साकेत, जबलपुर ग्रामीण में संजीत अहिरवार, भोपाल ग्रामीण में जगदीश मेहरा, सागर ग्रामीण में गोपाल अहिरवार और कटनी में उपेंद्र अहिरवार को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने 10 जिलों में मोर्चा के जिला अध्यक्षों की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार, मंडला के लिए संजीत पाण्डे, अनूपपुर में नरेश मिश्रा, सीधी में राजकुमार साहू सहित अन्य जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई हैं।

## पेज एक एक शेष

### 14 जिंदगियों में ...

जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा किघटना की जानकारी मिलते ही तत्काल पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, एसीएस संजय दुबे के साथ प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर भेजा। राहत-बचाव के लिए एनडीआरएफ-एसडीआरएफ को लगाया। इस घटना में अब तक में 29 लोगों को बचाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी बरगी बांध में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रेस्क्यू टीम तत्पर थी। उसने क्रूज को काटकर लोगों को पानी से बाहर निकाला है। इस हादसे में 9 लोगों के शव मिले हैं। 29 लोगों को बचाया जा चुका है। घटना वाले स्थल के पास ही जल जीवन मिशन का काम चल रहा था। इसलिए इस काम में लगी हुई टीम भी तत्काल लोगों की मदद करने पहुंची।

**कुशल गोताखोरों ने भी राहत-बचाव का काम किया:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आर्मी के कुशल गोताखोरों ने भी राहत-बचाव का काम किया। दुर्घटना में रियाज हुसैन तो चार-पांच घंटे क्रूज में फंसे रहे। मैं उनसे और पीड़ित परिवारों से मिलकर आया हूं। रियाज ने बताया कि मैं मानकर चल रहा था कि मैं नहीं बचूंगा। इस दुर्घटना में आसपास के जिन लोगों ने दूसरों की जान बचाई उन्हें मैं 51-51 हजार रुपए देने की घोषणा करता हूं। हमारी सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2-2 लाख आर्थिक सहायता की घोषणा की है।

**सीएम ने उच्च स्तरीय जांच समिति बनाई:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम इस घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति बना रहे हैं। समिति में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के महानिदेशक, सचिव मध्यप्रदेश शासन, जबलपुर संभाग के आयुक्त होंगे। यह समिति तीन बिंदुओं पर जांच करेगी। इन बिंदुओं में पहला बिंदु दुर्घटना के कारणों की शुरुआत से जांच करना, दूसरा बिंदु परिस्थितियों को प्रतिपादित करना, तीसरा बिंदु दुर्घटना के वक्त प्रोटोकॉल का पालन हुआ या नहीं हुआ, शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार नौका पर्यटन, क्रूज पर्यटन, एडवेंचर स्पोर्ट्स सहित सभी तरह की गतिविधियों के लिए एसओपी तैयार करेंगे। ताकि, भविष्य में ऐसी दुर्घटना न हो। जांच रिपोर्ट में जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। हम सभी को मौसम विभाग की सूचनाओं को गंभीरता के साथ **अमल में लाना चाहिए।**

**बरगी क्रूज हादसे पर प्रधानमंत्री ने व्यक्त की संवेदनाएं :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबलपुर जिले के बरगी में नर्मदा नदी पर क्रूज़ पलटने की दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से राहत राशि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हादसे में प्रत्येक मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं घायल लोगों को 50-50 हजार रुपए आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### परिजनों से मिलकर ...

से मुलाकात कर कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। कोई भी परिवार खुद को अकेला न समझे। इस दौरान उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उनके साथ थे। मुख्यमंत्री कोतवाली से दरहाई मार्ग पहुंचे। यहां उन्होंने हादसे में मृत नीतू सोनी के निवास पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके बाद मुख्यमंत्री रियाज हुसैन के घर पहुंचे। रियाज क्रूज हादसे में बाल-बाल बच गए थे।

### जिंदगी की जंग ...

देखकर हैरान हो गए। महिला को बाहर निकालने की कोशिश की, तो बॉडी बाहर नहीं आ पा रही थी। हमने देखा तो पाया कि उसे सिमटकर एक बच्चा भी था। हम खींचने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उस मां की पकड़ अपने बच्चे से छूट ही नहीं रही थी।

### क्रूज डूबने से पहले दी ...

यात्रियों को लाइफ सेविंग जैकेट दी गई। क्रूज के डूबने से पहले कई यात्री जैकेट तक नहीं पहन पाए थे। इस हादसे में उनकी पत्नी मधु की मौत हो गई। बेटी रीना व चार वर्षीय नाती लापता हैं। वो और दामाद व नातिन सिया सुरक्षित हैं।

3. **कांच तोड़ा लेकिन क्रूज में फंसा रह गया था पैर** : 11 साल का जाफर जैदी जिसने मौत के मुंह से खुद को बाहर निकाल लिया। उसने बताया कि यात्रियों ने क्रूज को लौटाने की मांग की, लेकिन स्टाफ ने खतरे को नजरअंदाज किया। क्रूज में पानी भरने लगा और वह एक तरफ झुक गया। जाफर किसी तरह कांच तोड़कर बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन इसी दौरान उसका पैर फंस गया और वह कुछ समय के लिए क्रूज के नीचे दब गया। हिम्मत जुटाकर वह बाहर निकला और टायर पकड़कर खुद को संभाले रखा। आखिरकार वह लहरों से लड़ते हुए किनारे तक पहुंच गया।

4. चार घंटे तक गर्दन तक पानी में फंसे रहे : 72 वर्षीय रियाज हुसैन। रियाज ने मौत को बेहद करीब से महसूस किया। डूबते हुए क्रूज के भीतर वह करीब चार घंटे तक गर्दन तक पानी में फंसे रहे और जिंदगी से जूझते रहे। चारों ओर अंधेरा, ठंडा पानी और लहरों की डरावनी आवाजों के बीच रियाज को हर पल मौत सामने नजर आ रही थी। शरीर ठंड से कांप रहा था और सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। करीब चार घंटे तक उसी स्थिति में डटे रहे। तभी अचानक उन्हें बाहर से लोगों की आवाजें सुनाई दीं। यह आवाजें उनके लिए उम्मीद की किरण बन गईं। उन्होंने पूरी ताकत से क्रूज की दीवारों पर हाथ मारना शुरू किया। आवाज सुनकर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। बचाव दल ने गैस कटर की मदद से क्रूज का ऊपरी हिस्सा काटा और रियाज को सुरक्षित बाहर निकाला।

### 1745 करोड़ की कोकीन ...

की 349 किलोग्राम उच्च-गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है। यह बॉटम-टू-टॉप (नीचे से ऊपर) दृष्टिकोण का एक बेहतरीन उदाहरण है, जिसमें एजेंसी ने एक छोटी खेप का पता लगाते हुए एक विशाल नेटवर्क को बेनकाब किया। इस शानदार सफलता के लिए टीम एनसीबी को बधाई। गौर हो कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मुंबई में एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय नशीली दवाओं की तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 1745 करोड़ रुपये मूल्य की 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है। यह जब्ती एक छोटे कंसाइनमेंट को ट्रैक करते हुए, बड़े नेटवर्क तक पहुंचने वाली नीचे से ऊपर रणनीति का हिस्सा है। यह मामला एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़ा है।

### डायरेक्टर एवं विहिप नेता ...

पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा- 29 अप्रैल को चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जब वह नाबालिग थी, तब डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर की शूटिंग के दौरान उसके साथ दुर्व्यवहार किया था। मिश्रा ने उसे एक्टिंग के मौके देने का झांसा देकर उसका शोषण किया। अधिकारी ने बताया कि कथित घटना केरल के बाहर मध्य प्रदेश में हुई थी। यह मामला संबंधित पुलिस स्टेशन को सौंप दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान भी दर्ज कराया है। आरोपियों में केरल के विहिप नेता और वकील अनिल विलायल भी शामिल हैं। पीड़िता ने उन पर सोशल मीडिया पर बदनामी करने का आरोप लगाया है। दो अन्य आरोपियों के नामों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है।

**मिश्रा बोले- सोची-समझी साजिश:** उधर, फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा ने इन आरोपों को सोची-समझी साजिश बताया है। दावा किया कि उन्हें 'लव जिहाद' जैसे मुद्दों पर आवाज उठाने के कारण निशाना बनाया जा रहा है।

### उज्जैन-नागदा में रेस्क्यू ...

सूचना मिली थी कि करीब 100 बच्चों को मजदूरी के लिए मुजफ्फरनगर से अहमदाबाद ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही उज्जैन में चार थानों का बल, आरपीएफ, जीआरपी, श्रम विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम को अलर्ट किया गया। गुरुवार रात करीब 11 बजे जैसे ही अंत्योदय एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन पहुंची, टीम ने ट्रेन में सर्चिंग शुरू की। करीब आधे घंटे तक 50 से अधिक बच्चों और उनके साथ मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, जिसमें शुरुआती तौर पर 4 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इसी दौरान ट्रेन आगे बढ़ गई। रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहीं सीएसपी दीपिका शिंदे ने तत्काल नागदा स्टेशन को सूचना देकर ट्रेन रुकवाई। वहां एक घंटे तक चली सर्चिंग के बाद 22 और नाबालिग बच्चों को ट्रेन से उतारा गया। इस तरह कुल 26 बच्चों को रेस्क्यू किया गया।

### बच्चों को उज्जैन ...

जाएगा। पुलिस को आशंका है कि बच्चों को मजदूरी के लिए गुजरात ले जाया जा रहा था, हालांकि कुछ बच्चे सोमनाथ और अन्य स्थानों पर घूमने जाने की बात भी कह रहे हैं। मामले की जांच जारी है। श्रम विभाग की सहायक आयुक्त राखी जोशी के अनुसार यह पता लगाया जा रहा है कि बच्चों को किस उद्देश्य से और किन लोगों द्वारा ले जाया जा रहा था।

# शिलांग कोर्ट ने खारिज की राजा हत्याकांड के मुख्य आरोपी राज की जमानत याचिका

एजेंसी ▶▶ शिलांग

मेघालय की राजधानी शिलांग की कोर्ट ने हनीमून मर्डर केस में मुख्य आरोपी राज कुशवाहा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। ये याचिका तकनीकी आधार पर खारिज की गई है। इसमें पिछली जमानत याचिका खारिज होने की जानकारी नहीं दी गई थी। राज कुशवाहा ने इस सप्ताह की शुरुआत में सोनम को जमानत मिलने के बाद जमानत याचिका दायर की थी। अदालत ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी राज कुशवाहा की जमानत याचिका पर बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कुशवाहा, मृतक की पत्नी सोनम का कथित प्रेमी है। सोनम भी इस मामले में आरोपी है और उसे मंगलवार को जमानत मिल चुकी है। जिसके मामले में शिलांग पुलिस सोनम की जमानत के खिलाफ हाईकोर्ट जा रही है। इधर राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी और मृतक की पत्नी सोनम रघुवंशी को शिलॉंग कोर्ट से जमानत मिलने पर राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने कहा, उन्होंने वकील से बात की तो उन्होंने बताया कि सोनम को जब गाजीपुर से पुलिस ने गिरफ्तार किया था तो गिरफ्तारी की वजह नहीं बताई थी। इसी आधार पर कोर्ट ने सोनम को जमानत दी है। अब हाईकोर्ट में सोनम की जमानत खारिज करने के लिए अपील दायर करेंगे।



■ सोनम की जमानत के खिलाफ हाईकोर्ट जाएगी पुलिस

# बड़ी राहत : केंद्र सरकार ने डीजल और जेट फ्यूल पर घटाई एक्सपोर्ट ड्यूटी, नई दरें लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात को लेकर बड़ा फैसला लिया है।

सरकार ने डीजल और जेट फ्यूल (एटीएफ) पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी में कटौती करने का ऐलान किया है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, ये संशोधित दरें शुक्रवार से प्रभावी हो गई हैं। नोटिफिकेशन के मुताबिक, अब डीजल के निर्यात पर 23 प्रति लीटर और विमान ईंधन (जेट फ्यूल) पर 33 प्रति लीटर की दर से एक्सपोर्ट ड्यूटी देनी होगी। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल के निर्यात पर ड्यूटी में कोई राहत नहीं दी गई है और वहां स्थिति पूर्ववत रहेगी।सरकार ने साफ कर दिया है कि घरेलू बाजार में बिकने वाले पेट्रोल-डीजल की एक्साइज ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। युद्ध के 60 दिन बीतने के बाद भी भारत में रिटेल कीमतें स्थिर हैं। सरकार ने फिलहाल कीमतें बढ़ाने के किसी भी प्रस्ताव से साफ इनकार किया है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड फिलहाल 113 डॉलर के आसपास ट्रेड कर रहा है। बता दें कि ईरान-अमेरिका तनाव और मिडिल ईस्ट के हालातों के कारण मार्च में तेल संकट गहरा गया था। घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 27 मार्च को विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और सेस लगाया था। अब स्थितियों की समीक्षा के बाद निर्यात करों में यह कटौती की गई है।



■ आम जनता के लिए राहत की खबर

# कांग्रेस नेता भरत मिलन पाण्डेय जबलपुर से गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में वन विभाग की टीम पर हमले और शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में कांग्रेस नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भरत मिलन पाण्डेय को जबलपुर से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर वनकर्मियों से हाथापाई करने और ट्रैक्टर लूटने का आरोप है।

यह घटना हाल ही में 23 अप्रैल को धरमपुर रेंज की पिस्टा बीट में हुई थी। अवैध पत्थर उत्खनन की सूचना पर वनपाल महीप कुमार रावत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। कार्रवाई के दौरान पत्थर माफिया लखन लाल पाण्डेय और उसके साथियों ने टीम पर हमला कर दिया। आरोप है कि मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता भरत मिलन पाण्डेय ने वनकर्मियों को धमकाया और आरोपियों को भगा दिया। इस दौरान वनकर्मियों से मोबाइल और ट्रैक्टर की चाबी भी छीन ली गई थी।

**राजनीतिक द्वेष के चलते फंसा रहे:** इस पूरे मामले पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भरत मिलन पाण्डेय का कहना है कि राजनीतिक द्वेष भावना के चलते उन्हें फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। वह जबलपुर में अपना उपचार करने के लिए गए हुए थे। जहां से पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

**पुत्र बोला- झूठे केस में फंसा रहे:** भरत मिलन पाण्डेय की गिरफ्तारी के बाद उनके पुत्र सचिन पाण्डेय ने मीडिया के सामने आकर इसे 'बदले की राजनीति' बताया है। उन्होंने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि घटना की एफआईआर में पहले उनके पिता का नाम नहीं था।


निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)
मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**अपर नर्मदा जोन, बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)**

निविदा क्र. 307/सा.358/2026-27 दिनांक 27/04/2026

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्मे जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है -

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य की नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 307/सा./मु.अ./2026 दिनांक 27/04/2026 (प्रथम आमंत्रण) | बरगी दांयी तट मुख्य नहर की मझौली शाखा नहर के कि.मी. 16.50 से निकलने वाली लमकना वितरक नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी. 19.24 कि.मी. में डब्ल्यू.बी.एम. रोड का निर्माण कार्य । | रु. 408.00 लाख (रू. चार सौ आठ लाख मात्र) (एम.एम., एम.पी.आर.आर.डी.ए. 01/01/2024 पर लागू ) | रू. 408000/- (रू. चार लाख आठ हजार मात्र) | रू. 15000/- (रु. पन्द्रह हजार मात्र) | 15 माह वर्षाकाल छोड़कर |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये https://www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।
2 निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकांउट से भुगतान करने के उपरान्त केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।
3 ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनाँक एवं समय दिनांक 27/04/2026 सायं 17:30 बजे से 12/05/2026 सायं 17.30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल बेवसाईट पर दशार्या जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

(डी.एल. वर्मा)
मुख्य अभियंता अपर नर्मदा जोन
बरगी हिल्स, जबलपुर

G-12282/26
" स्वच्छता ही सेवा "


















भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और रू 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955
D-17/5/26

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक








## राशिफल

**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6213



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली - 6212 का हल**




## सूडोकू नवताल - 6223



■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल - 6222 का हल**



# भोपाल में 3074 रु.का हुआ कमर्शियल सिलेंडर, उपभोक्ताओं पर बढ़ा आर्थिक बोझ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकारी पेट्रोलियम कंपनियां आईओसी, एचपीसीएल और बीपीसीएल ने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में तगड़ी बढ़ोतरी की। एक ओर जहां 19 किलो गैस वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 993 रुपए की बढ़ोतरी हुई तो दूसरी तरफ पांच किलो वाले छोटू सिलेंडर की कीमत में 261 रुपए की बढ़ोतरी हो गई। हालांकि इन कंपनियों ने 14.2 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। गौरतलब है कि 19 किलो वाले एलपीजी गैस वाले कमर्शियल सिलेंडर को हलवाई सिलेंडर भी कहा जाता है।

सड़क किनारे समोसा-ब्रेड पकौड़ा तलने वाले दुकानदार हो या बड़े-बड़े रेस्टोरेंट या मिठाई की दुकान चलाने वाले दुकानदार इसी गैस सिलेंडर का उपयोग करते हैं। आज से 6 साल पहले मतलब कि एक मई 2020 को इस सिलेंडर के रिफिल का दाम 1,144.50 रुपए था, लेकिन अब मई 2026 में कीमत 3074 रुपए हो गई है। मतलब कि छह साल में 1925.50 रुपए महंगा हो गया है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार पहले ही महंगाई की मार झेल रहे कारोबारियों के लिए यह बढ़ोतरी मुश्किलें और बढ़ा रही है। आम नागरिकों का भी कहना है कि भले ही यह बढ़ोतरी कमर्शियल सिलेंडर पर हुई है, लेकिन इसका असर रोजमर्रा की चीजों की कीमतों पर दिखना तय है। खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर सेवाओं तक, हर जगह महंगाई का असर महसूस किया जा सकता है।

## छह साल में 1925.50 रुपए बढ़े हलवाई सिलेंडर के दाम

### प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा शादियां आम लोगों की बढ़ी मुश्किलें

दो महीने की किल्लत के बीच मध्य प्रदेश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 993 रुपए महंगा हो गया है। भोपाल में 3074 रुपए, इंदौर में 3179 रुपए, जबलपुर में 3290 रुपए, ग्वालियर में 3296 रुपए और उज्जैन में 3241 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। दो महीने में रेट 1248 रुपए बढ़ चुके हैं। कमर्शियल सिलेंडर के रेट ऐसे समय बढ़े हैं, जब होटल, रेस्टोरेंट-ढाबों को जरूरत की 50 प्रतिशत गैस ही मिल रही है। जुलाई तक प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा शादियां होनी हैं, ऐसे में आम लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।



19 किलोग्राम वाले सिलेंडर

### चाय-समोसे से लेकर केक-पेस्ट्री तक होंगे महंगा

पांच राज्यों में चुनाव खत्म होने के ठीक दो दिन बाद कमर्शियल सिलेंडर के दाम में हुई मूल्य वृद्धि से अब चाय-समोसे से लेकर केक-पेस्ट्री तक महंगा होगा। व्यवसायियों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने से रेस्टोरेंट्स, ढाबों और होटलों में खाने पकाने पर खर्च बढ़ जाएगा। इससे थाली और स्नैक्स के दाम बढ़ेगें। शादियों के इस सीजन में इस बढ़ोतरी से मिठाइयों और बेकरी आइटम्स बनाने में खर्च अधिक बैठने से पहले के मुकाबले केक, बिस्किट्स पर अधिक कीमत अदा करनी पड़ेगी। ऑफिस आने-जाने वालों और स्टूडेंट्स के लिए टिफिन सर्विस पर खर्च बढ़ेगा। चाय-समोसे से लेकर चाट-पकौड़े तक के दाम बढ़ेगें।

### 500 लोगों के 5 लाख रुपए के खाने का बजट पर सीधे 50 हजार की वद्धि


रामबाबू शर्मा

मध्य प्रदेश टेंट कैटर्स एसोसिएशन के रामबाबू शर्मा ने बताया कि सिलेंडर के रेट बढ़ने से होटल और कैटर्स में 10 प्रतिशत तक कॉस्टिंग का फर्क पड़ेगा। 500 लोगों के 5 लाख रुपए के खाने के बजट पर अब 45 से 50 हजार रुपए तक की वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सिलेंडर पर 5 से 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी ठीक थी, लेकिन करीब 50 प्रतिशत बढ़ोतरी न्याय संगत नहीं है। सरकार को फैसला वापस लेना चाहिए।

**1** अब होटल इंडस्ट्री पर भी इसका असर


**2** अभी भी एलपीजी की आपूर्ति 50 फीसदी

### बड़ा फैसला, ग्राहकों को ही देना होगा महंगे सिलेंडर का पैसा, रेस्टोरेंट्स में बढ़ेंगे दाम


तेजकुलपाल सिंह पाली

*भोपाल होटल एवं रेस्टोरेंट संघ के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद अब होटल इंडस्ट्री पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। ना केवल होटल इंडस्ट्री बल्कि इसका असर अब आम आदमी की जेब पर भी पड़ने वाला है, क्योंकि भोपाल होटल एसोसिएशन ने फैसला किया है कि वो अब कस्टमर्स से इसके दाम वसूलेंगे। दरअसल हाल ही में कमर्शियल सिलेंडर के दाम में हुई बेतहाशा मूल्य वृद्धि के बाद होटल-रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ने के बाद एक फैसला किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष पाली ने कहाकि सभी रेस्टोरेंट्स और भोजनालयों की कीमतें बढ़ाना जरूरी हो गया है। पिछले दो महीनों में हमने आपूर्ति की कमी का सामना किया है। अभी भी एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति लगभग 50 फीसदी ही है।*

### कैटरर्स पर एलपीजी कमर्शियल सिलेंडर की डबल मार


रिंकू भटेजा

*फेडरेशन ऑफ़ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने कहा कि दिसंबर 2025 को कमर्शियल सिलेंडर का रेट लगभग 1580 रुपए था जो 4 महीने बाद मई 2026 में लगभग डबल हो गया है अब कमर्शियल सिलेंडर का रेट लगभग 3100 का हो गया है। कैटरर्स वैसे ही परेशान है प्रोग्राम के हिसाब से सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं । अब एक ही महीन के उपरांत लगभग 950 का सिलेंडर पर रेट बढ़ना कैटरर्स पर डबल मार है। फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि एलजी कमर्शियल सिलेंडर पर बड़े रेट पर सरकार को पुन विचार करना चाहिए।*

---

*ऊंचे भाव खरीदी कर नुकसान में व्यापारी*

# खरीदारी के अभाव में दालों के भाव में मंदी तुअर में 1500 रुपए क्विंटल की गिरावट


## मई माह में खरीदारी बढ़ने के साथ भाव में भी तेजी आने की उम्मीद

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बाजार के कारोबारियों अनुसार अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह में दालों, विशेषकर तुअर (अरहर) की कीमतों में भारी मंदी का दौर चल रहा है। कमजोर मांग और मंडियों में आपूर्ति (आवक) के कारण तुअर दाल के भाव में काफी गिरावट आई है। तुअर दाल के भाव में प्रति क्विंटल 1,500 तक की गिरावट देखी जा रही है, जो पिछले उच्च स्तरों से काफी कम है। वहीं ऊंचे भाव पर माल खरीदने वाले व्यापारी अब इस गिरावट के कारण नुकसान झेल रहे हैं।

तुअर की थोक कीमतें 2025-26 के लिए सरकार द्वारा निर्धारित 8,000 प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे आ गई हैं, जिससे किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। स्थानीय फसल की आवक के साथ-साथ आयात ने भी बाजार पर दबाव बनाया है, जिससे कीमतें नीचे आ गई हैं। हालांकि थोक में भारी गिरावट है, लेकिन खुदरा बाजार में दालों की कीमतों में आनुपातिक गिरावट अभी पूरी तरह से नहीं पहुंची है, लेकिन 100 रुपए प्रति किलो के पार पहुंच चुके भाव में थोड़ी राहत है। व्यापारियों के पास पहले के उच्च भाव का स्टॉक होने से अब वे नई खरीदारी से बच रहे हैं। स्थानीय थोक बाजार हनुमानगंज स्थित थोक दाल-चावल व्यापारी संघ के अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी के अनुसार ग्राहकी अभाव से माल का उठाव कमजोर होने से तुअर सहित सभी दालों के भाव में गिरावट का रूख है। उनके अनुसार गर्मी की मूंग फसल 15 दिन में आ जाएगी। अतः नई फसल आने के बाद मूंग दाल के भाव में और कमी आने की उम्मीद है। संगतनी के अनुसार स्थानीय थोक जिंस बाजार में दालों की कुल आवक 1 गाड़ी है। जिसमें में 300 से 400 कट्टा आयातित दाल हो इंदौर से आ रहा है और महाराष्ट्र से पहुंच रही दालें शामिल है। संगतानी बताते है कि मौजूद समय में तुअर दाल अपने उच्चस्तर से 1500 रुपए क्विंटल नीचे भाव यानी बिक रहा है।

उनके अनुसार बीते माह व्यापारियों ने वैश्विक हालातों के मद्देनजर में ऊंचे भाव पर माल की खरीदी की थी, लेकिन मौजूदा समय में भाव नीचे होने से व्यापारियों को 500 से 800 रुपए क्विंटल का घाटा उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा मई माह में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद चलते यह भी उम्मीद है कि दालों के दाम बढ़ेगें।



### दालों के थोक भाव पर नजर... भाव प्रति क्विंटल क्वालिटीनुसार

- तुअर दाल 10600 से 11500 रुपए
- मसूर दाल 7800 से 8000 रुपए
- चना दाल 6600 से 7100 रुपए
- उड़द छिलका 9700 से 10500 रुपए
- उड़द धुली 10500 से 12500 रुपए
- मूंग छिलका 9100 से 9500 रुपए
- मूंग दाल धुली 9700 से 10500 रुपए

---

**हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स में नेतृत्व में बदलाव**

# रवि के बने 22वें सीएमडी डॉ. डीके सुनील रिटायर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र की सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में बड़ा बदलाव हुआ है। रवि के ने शुक्रवार को कंपनी के 22वें अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में पद संभाल लिया। उन्होंने डॉ. डीके सुनील की जगह ली है, जो 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त हो गए। रवि के के पास अनुसंधान एवं विकास, विनिर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे विविध क्षेत्रों में 30 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। इससे पहले वे एचएएल में निदेशक (संचालन) के पद पर कार्यरत थे और कंपनी को 'महारत्न' का दर्जा दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य एचएएल को नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, परिचालन उत्कृष्टता और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से एक वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी एयरोस्पेस और रक्षा उद्यम में बदलना है।रवि के ने अपने करियर में कई अहम नेतृत्व जिम्मेदारियां निभाई हैं।


पदभार ग्रहण

---

## अप्रमाणित खबरों के प्रसारण से रोक दिया

# यूरो एग्जिम बैंक मामले में आरटीवी तेलुगु पर कोर्ट सख्त, मानहानिकारक प्रसारण पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

हैदराबाद सिटी सिविल कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए रवि प्रकाश और उनके मीडिया हाउस आरटीवी तेलुगु को यूरो एग्जिम बैंक के खिलाफ मानहानिकारक और अप्रमाणित खबरों के प्रसारण से रोक दिया है। अदालत ने कहा कि चैनल आरोपों के समर्थन में कोई विश्वसनीय साक्ष्य पेश नहीं कर पाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि आरटीवी तेलुगु तुरंत ऐसे सभी कार्यक्रम बंद करे और पहले से प्रसारित वीडियो व सोशल मीडिया पोस्ट हटा दे।

- अदालत की टिप्पणी, बिना तथ्यात्मक आधार के रिपोर्टिंग किसी संस्था की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचे स्वीकार नहीं है

साथ ही, बिना ठोस प्रमाण के बैंक के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां या भ्रामक शीर्षक देने पर भी रोक लगाई गई है। अदालत ने टिप्पणी की,कि बिना तथ्यात्मक आधार के रिपोर्टिंग, जिससे किसी संस्था की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचे, स्वीकार नहीं है। स्कैम और धोखाधड़ी जैसे शब्दों का प्रयोग बिना प्रमाण के किया गया, जो पत्रकारिता के मानकों के खिलाफ है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आगे केवल सत्यापित और तथ्य-आधारित रिपोर्टिंग ही स्वीकार की जाएगी। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि चैनल द्वारा प्रसारित सामग्री से उनकी छवि को नुकसान पहुंचा है। इस पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने फिलहाल विवादित प्रसारण पर रोक लगा दी है और चैनल से जवाब भी मांगा है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला मीडिया संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है कि वे खबरों के प्रसारण में सावधानी बरतें और मानहानि से जुड़े मामलों में संतुलित दृष्टिकोण अपनाएं।




---

## बेहतर कनेक्टिविटी से लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होगा : गर्ग

# मुंबई-पुणे संपर्क मार्ग से उद्योग को मजबूती मिलेगी और निवेशकों का भरोसा बढ़ेगाः सीआईआई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उद्योग जगत के प्रमुख संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) महाराष्ट्र के अध्यक्ष दीपक गर्ग ने कहा कि मुंबई-पुणे संपर्क मार्ग के विकास और सुदृढ़ीकरण से क्षेत्रीय उद्योगों को नई गति मिलेगी और निवेशकों का भरोसा और मजबूत होगा।

दीपक गर्ग ने कहा कि यह संपर्क मार्ग न केवल मुंबई और पुणे के बीच आवागमन को आसान बनाएगा, बल्कि लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। बेहतर कनेक्टिविटी से औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी और नए निवेश के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहाकि मुंबई-पुणे संपर्क मार्ग परियोजना महाराष्ट्र के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बेहतर कनेक्टिविटी से लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होगा, लागत कम होगी और निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, जिससे व्यवसाय अधिक प्रभावी ढंग से अपने संचालन का विस्तार कर सकेंगे। संगठन का मानना है कि प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल बनाने और राज्य में आर्थिक विकास को बनाए रखने के लिए बुनियादी ढांचे में निरंतर निवेश आवश्यक है। यह परियोजना औद्योगिक और आर्थिक विस्तार के चालक के रूप में बुनियादी ढांचे के विकास पर महाराष्ट्र के निरंतर ध्यान को दर्शाती है। सीआईआई ने यह भी कहा कि बेहतर सड़क और परिवहन नेटवर्क से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। निवेशकों के लिए यह एक सकारात्मक संकेत है कि सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर ध्यान दे रही है।


दीपक गर्ग

---

## उपभोक्ताओं का झुकाव बढ़ रहा

# सीसीटीवी और स्मार्ट सिक्योरिटी की सर्च में हुई 62फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सर्च इंजन जस्टडायल लिमिटेड के अनुसार सीसीटीवी और स्मार्ट सिक्योरिटी सॉल्युशन कैटगरी में सर्च में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। ये विश्लेषण अप्रैल 2024- मार्च 2025 और अप्रैल 2025-मार्च 2026 के बीच सर्च वॉल्युम की तुलना करते हैं। इनके अनुसार रिहायशी एवं कमर्शियल स्पेसेज में सुरक्षा, निगरानी एवं आधुनिक तकनीक से युक्त नियंत्रण की ओर उपभोक्ताओं का झुकाव बढ़ रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर सीसीटीवी डीलर सर्च में 19 फीसदी की बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि सर्विलांस सिस्टम की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके बाद बैंगलोर में 24 फीसदी, चेन्नई में 21 फीसदी, मुंबई में 19 फीसदी और हैदराबाद में 16 फीसदी बढ़ोतरी देखी गई।

### क्लूक इंडिया ने समर ट्रैवल कैंपेन के लिए साझेदारी की

**मुंबई।** क्लूक इंडिया ने मशहूर फिल्मकार और व्यक्तित्व फराह खान के साथ अपने नए समर ट्रैवल कैंपेन के लिए साझेदारी की घोषणा की है। इस अभियान का उद्देश्य भारतीय यात्रियों को परिचित जगहों को नए और अनोखे अनुभवों के जरिए फिर से जानने के लिए प्रेरित करना है। क्लूक की खुशी और खोज की दुनिया में शामिल होते हुए, फराह खान एक बार फिर सिंगापुर पहुंची हैं, एक ऐसी जगह जहां वह पहले भी जा चुकी हैं, लेकिन वीडियो मजेदार तरीके से यह बताता है कि इस बार अनुभव पहले जैसा बिल्कुल नहीं है।

---

## थोक सब्जी मंडी में टमाटर 4 से 5 रुपए किलो के भाव

# भीषण गर्मी और दामों में गिरावट की दोहरी मार, टमाटर उत्पादक किसान हो रहे परेशान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भीषण गर्मी के साथ दामों में गिरावट की दोहरी मार टमाटर उत्पादकों पड़ रही है। स्थानीय थोक सब्जी मंडी करोंद में टमाटर की बंपर पैदावार के चलते नीलामी सौदे कम दाम हो रहे है। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। मंडियों में टमाटर के भाव में आई गिरावट से टमाटर उत्पादक किसान परेशान है। मालूम हो स्थानीय थोक सब्जी मंडी में टमाटर 4 से 5 रुपए किलो के भाव पर बिक रहा है, जबकि खुदरा बाजार यानी हाट बाजार में 10 से 15 रुपए किलो है।

व्यापारियों के अनुसार मांग के मुकाबले आपूर्ति ज्यादा होने के कारण टमाटर की कीमतों में गिरावट आई है। इसके अलावा, पर्याप्त भंडारण और प्रोसेसिंग सुविधाओं की कमी भी किसानों की परेशानी बढ़ा रही है। करोंद सब्जी मंडी स्थित टमाटर कारोबारी राजेंद्र कुमार सैनी के अनुसार बंपर आवक के चलते नीलामी के दौरान टमाटर के सौदे बेहद कम दामों पर हो रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस बार टमाटर की पैदावार अधिक होने से बाजार में आपूर्ति बढ़ गई है, जबकि मांग अपेक्षाकृत कम बनी हुई है। इसके चलते नीलामी में कीमतें लगातार नीचे जा रही हैं। किसानों का कहना है कि उन्हें अपनी उपज लागत से भी कम दाम पर बेचनी पड़ रही है। कई किसान दूर-दराज से माल लाने के बाद भी उचित मूल्य नहीं मिलने से निराश हैं।

किसानों ने सरकार से हस्तक्षेप कर उचित मूल्य सुनिश्चित करने और भंडारण व प्रोसेसिंग की व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि घरेलू मांग में भी कमजोरी की प्रमुख बजह एलपीजी संकट को भी माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि कई रेस्टोरेंट और ढाबों पर एलपीजी संकट होने से संचालन प्रभावित हुआ है, जिससे टमाटर की खपत कम हो गई है। व्यापारियों के अनुसार इस समय खुदरा बाजार में टमाटर 10-15 रुपए प्रति किलो है।



---

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर पब्लिक स्कूल में समर कैंप 2026 का भव्य आगाज़



**भोपाल।** कोलार रोड स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 'समर कैंप 2026' का शानदार शुभारंभ किया गया। 1 मई से 30 मई तक चलने वाले इस शिविर के पहले दिन रियल एआई प्रोजेक्ट्स, एप डेवलपमेंट और मशीन लर्निंग के साथ, खेलकूद, कला संस्कृति और कौशल विकास के विभिन्न आयामों को विद्यार्थियों ने बारीकी से सिखा। शिविर का शुभारंभ मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की डायरेक्टर दिशा तिवारी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले इस समर कैम्प का उद्देश्य बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को रचनात्मक और ऊर्जावान बनाना है। शिविर संयोजक अमिता तिवारी और प्रतिभा शर्मा ने बताया कि यह कैंप 5 वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चों के लिए आयोजित किया गया है, जिसमें आधुनिक तकनीक से लेकर पारंपरिक कलाओं तक का समावेश है। इस बार का समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। जिसमें अत्याधुनिक तकनीक में एआई तकनीक, एप डेवलपमेंट, मशीन लर्निंग, कला संस्कृति में पेंटिंग, गायन, वादन, नृत्य में जुंबा, बॉलीवुड, वेस्टर्न, खेलकूद में इनडोर आउटडोर गेम्स और स्विमिंग कैंप के मुख्य आकर्षण हैं।

### पावरग्रिड को एसबीआई से मिलेगा 4000 करोड़ रुपए का फंड

**नई दिल्ली।** भारत के ऊर्जा क्षेत्र से एक बड़ी कॉर्पोरेट खबर सामने आ रही है। देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक पावर ट्रांसमिशन यूटिलिटी कंपनी, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने धन जुटाने के लिए एक अहम वित्तीय फैसला लिया है। कंपनी के निदेशक मंडल (बोर्ड) ने सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से 4,000 करोड़ रुपए तक की धनराशि जुटाने के प्रस्ताव को अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी स्वामित्व वाली इस दिग्गज कंपनी ने गुरुवार को इस संबंध में एक अहम घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई अपनी आधिकारिक फाइलिंग में सूचित किया है कि निदेशक मंडल की बैठक में भारतीय स्टेट बैंक से फंड जुटाने के प्रस्ताव पर विचार किया गया, जिसके बाद इसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान कर दी गई। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने को नई दिल्ली में एक अहम जानकारी साझा करते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल एफडीआई 90 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है।

### अमेजन प्राइम डे इस जुलाई 2026 में भारत में लौटेगा

**नई दिल्ली।** अमेजन ने घोषणा की कि प्राइम डे जुलाई 2026 में भारत में आयोजित किया जाएगा। प्राइम सदस्य इस दसवें प्राइम डे में शानदार डील्स, बचत, नए लांच, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और बहुत कुछ का आनंद ले सकेंगे। इस साल का इवेंट और भी खास होगा, जिसमें लोकप्रिय ब्रांड्स, ट्रेंडिंग प्रोडक्ट्स और नए लॉन्च पर आकर्षक ऑफर मिलेंगे। प्राइम सदस्य इलेक्ट्रॉनिक्स, किचन, ब्यूटी, फैशन, ताजा ग्रोसरी और रोजमर्रा की ज़रूरी चीज़ों समेत कई कैटेगरी में बेहतरीन ऑफर्स का फायदा उठा सकेंगे। प्राइम डे 2026 जून में ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित किया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, जापान और भारत में प्राइम सदस्य जुलाई में प्राइम डे डील्स का लाभ उठा सकेंगे।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म. प्र.) 462003**

नि.आं.सू. क्र. 01/एन.एच.एम/2026-27/130 भोपाल दिनांक 28/04/2026

// द्वितीय आमंत्रण निविदा आमंत्रण सूचना //

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) दो लिफाफा से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 01.01.2024 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :

ई-निविदा सूचना क्रमांक-01/2026-27 दिनांक 28.04.2026

| सं क्रं. | टेण्डर नं. 2026_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_DHS _503454 | जिला चिकित्सालय विदिशा में भूतल पर MLCU (Midwifery Led Care Unit) के उन्नयन एवं मरम्मत कार्य द्वितीय आमंत्रण | 19.99 | 39980.00 | 2000.00 | 03 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट ( http://www.mptenders.gov.in ) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 30.04.2026 प्रातः 10.30 से दिनांक 15.05.2026 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट ( http://www.mptenders.gov.in ) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रो मे नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशना
संभाग-भोपाल

G-12254/26

" स्वच्छता ही सेवा "

चिंतन

# अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत जीएसटी संग्रह

नए वित्त वर्ष के पहले ही महीने अप्रैल में 2.42 लाख करोड़ रुपये का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह न केवल एक सांख्यिक उपलब्धि है, बल्कि यह देश की आर्थिक मजबूती और कर प्रणाली की परिपक्वता का भी संकेतक है। पिछले वर्ष अप्रैल की तुलना में 8.7% की वृद्धि इस बात को रेखांकित करती है कि तमाम वैश्विक और घरेलू चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी गति बनाए हुए है। दरअसल, जीएसटी संग्रह को किसी भी अर्थव्यवस्था की नब्ज माना जाता है, क्योंकि यह सीधे तौर पर उपभोग, उत्पादन और व्यापारिक गतिविधियों से जुड़ा होता है। जब संग्रह बढ़ता है, तो इसका अर्थ है कि बाजार में मांग बनी हुई है, कारोबार चल रहा है और उपभोक्ता खर्च करने को तैयार हैं। अप्रैल 2026 के आंकड़े इसी सकारात्मक प्रवृत्ति की पुष्टि करते हैं। कर संग्रह केवल कागजी नहीं, बल्कि वास्तविक आर्थिक गतिविधियों से प्रेरित है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत तस्वीर पेश करता है। इससे पहले सबसे ज्यादा कलेक्शन अप्रैल 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपये रहा था। बता दें कि सरकार द्वारा अक्टूबर में जीएसटी दरों में की गई कटौती ने उपभोक्ता को प्रोत्साहित किया है। आम उपभोक्ता को राहत मिलने से बाजार में मांग बढ़ी है, जिसका सीधा असर कर संग्रह पर पड़ा है। यह संतुलन एक ओर दरों में राहत और दूसरी ओर संग्रह में वृद्धि नीतिगत दक्षता को दर्शाता है, लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। शुक्रवार से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी ने महंगाई के मोर्चे पर नई चिंता खड़ी कर दी है। इसका असर भी पहले ही दिन से दिखने लगा है। होटल, ढाबा और खानपान उद्योग के लिए गैस एक प्रमुख लागत है। इसकी कीमत बढ़ने से न केवल इन व्यवसायों की लागत बढ़ेगी, बल्कि इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर भी पड़ेगा। खोमचे, रेहड़ी-पटरी और छोटे विक्रेताओं के लिए यह और भी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, क्योंकि उनके पास लागत को समायोजित करने के सीमित विकल्प होते हैं। शहरों में कामकाजी वर्ग, विशेषकर प्रवासी श्रमिक, अक्सर बाहर भोजन पर निर्भर रहते हैं। जब खाने की कीमतें बढ़ती हैं, तो इसका सीधा असर उनकी जीवन-यापन लागत पर पड़ता है। गैस कीमतों का बोझ उपभोक्ता को ही झेलना पड़ता है। इस प्रकार, जीएसटी संग्रह में वृद्धि जहां एक ओर आर्थिक मजबूती का संकेत है, वहीं दूसरी ओर महंगाई का दबाव इस मजबूती को चुनौती भी दे सकता है। एक और चिंता का विषय घरेलू और कमर्शियल गैस के बीच करीब ढाई गुणा मूल्य अंतर है। इससे घरेलू गैस के दुरुपयोग और कालाबाजारी की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में सरकार के लिए जरूरी है कि वह मूल्य संतुलन और निगरानी दोनों पर ध्यान दे। दूसरी तरफ, खाड़ी देशों में बढ़े तनाव के कारण भी लगातार अर्थव्यवस्था के मंद होने की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन इन सभी अवरोधकों से पार पाते हुए देश की आर्थिक सेहत पटरी पर है। मजबूत घरेलू उपभोक्ता आधार अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है। कच्चे तेल और गैस की बढ़ती कीमतों ने महंगाई के मोर्चे चुनौती जरूर दी है, लेकिन सरकार ने तमाम वैकल्पिक उपाय कर इस चुनौती को मात दी और इसे कंट्रोल किया है। अब उम्मीद की जा सकती है कि सरकार इसका कुछ न कुछ समाधान जरूर निकालेगी और आम आदमी को राहत देगी और भविष्य अच्छा होगा। कुल मिलाकर हमें बेहतर की उम्मीद करनी चाहिए और आंकड़े भी यही बयां कर रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत होकर उभरेगी।



मुद्दा
कांतिलाल मांडोत

# तेल कंपनियों का लाभ, उपभोक्ता पर बोझ

तेल कंपनियों ने रोजाना औसतन 116 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, जो पूरे वर्ष में करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये के आसपास बैठता है। यह आंकड़ा न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि बाजार की जटिल परिस्थितियों के बावजूद कंपनियों की कमाई लगातार मजबूत बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों ने अपने मार्जिन को बनाए रखा है। खास बात यह है कि जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो कंपनियां कीमतें बढ़ाने की बात करती हैं, लेकिन जब कीमतें घटती हैं, तो उपभोक्ताओं को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता।

भारत में पेट्रोलियम क्षेत्र एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान देश की प्रमुख तेल कंपनियों ने जिस तरह से मुनाफा कमाया है, उसने आम जनता, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के बीच नई बहस को जन्म दे दिया है। कॉमर्शियल सिलेंडर 1 मई से 994 रुपये तक महंगा हो गया है। 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी 261 रुपये का इजाफा किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब 'छोटू' सिलेंडर की रिफिल कीमत 813.50 रुपये हो गई है। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी महंगी हो सकती है। गैस बढ़ोतरी के बाद अब पेट्रोल-डीजल की बाते करें तो तेल कंपनियों ने रोजाना औसतन 116 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, जो पूरे वर्ष में करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये के आसपास बैठता है। यह आंकड़ा न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि बाजार की जटिल परिस्थितियों के बावजूद कंपनियों की कमाई लगातार मजबूत बनी हुई है।

पिछले तीन वर्षों से तेल कंपनियों का मुनाफा लगातार बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों ने अपने मार्जिन को बनाए रखा है। खास बात यह है कि जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो कंपनियां कीमतें बढ़ाने की बात करती हैं, लेकिन जब कीमतें घटती हैं, तो उपभोक्ताओं को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता। 2022-23 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कच्चे तेल की कीमतें 125 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। उस समय भी अधिकांश तेल कंपनियों ने भारी मुनाफा कमाया था। इसके बाद 2023-24 और 2024-25 में कीमतों में कुछ गिरावट आई, लेकिन कंपनियों के लाभ में कोई खास कमी नहीं आई। 2025-26 में भी यही ट्रेंड जारी रहा। केयर एज रेटिंग के अनुसार, तीसरी तिमाही में रिफाइनिंग मार्जिन प्रति बैरल लगभग 13 डॉलर तक पहुंच गया था, जो भारतीय मुद्रा में करीब 1,235 रुपये होता है। इसका सीधा असर कंपनियों की कमाई पर पड़ा। अगर पेट्रोल और डीजल के स्तर पर देखा जाए, तो कंपनियों को प्रति लीटर 7 से 6 रुपये तक का लाभ मिल रहा था। इससे पहले 2024-25 में यह मार्जिन 12 से 14 रुपये प्रति लीटर तक था। यह साफ दिखाता है कि कंपनियों ने लागत और बिक्री मूल्य के बीच एक ऐसा संतुलन बनाया है, जिससे उनका मुनाफा लगातार बढ़ता रहा। हालांकि, दूसरी ओर उपभोक्ताओं की स्थिति उतनी मजबूत नहीं रही। आम जनता को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अपेक्षित राहत नहीं मिल पाई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें घटने के बावजूद घरेलू स्तर पर कीमतों में सीमित कटौती ही देखने को मिली। इससे यह सवाल उठता है कि क्या तेल कंपनियों का मुनाफा उपभोक्ताओं की कीमत पर बढ़ रहा है। 2026 की शुरुआत में ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध की स्थिति ने एक बार फिर तेल बाजार को प्रभावित किया। 26 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई और यह 125 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। हालांकि बाद में कीमतें घटकर 116 डॉलर तक आ गईं। इस दौरान तेल कंपनियों



ने दावा किया कि उन्हें पेट्रोल पर प्रति लीटर 14 रुपये और डीजल पर 10 रुपये का नुकसान हो रहा है। लेकिन यह दावा उस समय सवालों के घेरे में आ गया। जब उनके पिछले मुनाफे के आंकड़े सामने आए। विशेषज्ञों का मानना है कि तेल कंपनियां अपने नुकसान और मुनाफे को संतुलित तरीके से प्रस्तुत करती हैं। जब कीमतें बढ़ती हैं तो नुकसान का हवाला दिया जाता है और जब कीमतें घटती हैं तो मुनाफे की बात कम ही सामने आती है। यह रणनीति बाजार और उपभोक्ताओं दोनों को प्रभावित करती है। सरकार की भूमिका भी इस पूरे मामले में महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार ने 27 मार्च को पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी, जिससे आम जनता को कुछ राहत मिली। हालांकि इससे सरकार को हर महीने करीब 12,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है। इस घाटे की भरपाई के लिए सरकार ने डीजल के निर्यात पर टैक्स बढ़ा दिया, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। भारत में हर महीने औसतन 191 करोड़ लीटर डीजल का निर्यात होता है। टैक्स बढ़ने के बाद सरकार को केवल डीजल निर्यात से ही करीब 10,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय हो रही है। इससे यह साफ है कि सरकार भी राजस्व संतुलन बनाए रखने के लिए अलग-अलग उपाय कर रही है। तेल कंपनियों द्वारा उठाए गए कुछ कदम भी चर्चा में रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ क्षेत्रों में एक बार में 200 लीटर से अधिक पेट्रोल या डीजल देने पर प्रतिबंध लगाया गया। यह कदम आपूर्ति को नियंत्रित करने और संभावित संकट से निपटने के लिए उठाया गया था। हालांकि इससे छोटे व्यवसायों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कच्चे तेल की कीमतों का इतिहास देखें तो 2020-21 में यह लगभग 44.65 डॉलर प्रति बैरल थी, जो महामारी के दौरान सबसे कम स्तर था। इसके बाद 2021-22 में यह 79.30 डॉलर, 2022-23 में 90 डॉलर के आसपास, 2023-24 में 82.58 डॉलर और 2024-25 में 78.56 डॉलर रही। 2025-26 में यह औसतन 70.99 डॉलर के आसपास रही। इस ट्रेंड से स्पष्ट है कि कीमतों में गिरावट आई है, लेकिन इसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा। इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या तेल कंपनियों का मुनाफा उचित है या इसमें संतुलन की जरूरत है। एक तरफ कंपनियां यह तर्क देती हैं कि उन्हें वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं, रिफाइनिंग लागत और लॉजिस्टिक्स खर्च का सामना करना पड़ता है। दूसरी तरफ उपभोक्ता यह महसूस करते हैं कि उन्हें कीमतों में पारदर्शिता और राहत मिलनी चाहिए। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार और कंपनियों दोनों को मिलकर एक संतुलित नीति बनानी चाहिए, जिससे कंपनियों की वित्तीय स्थिति मजबूत रहे और उपभोक्ताओं को भी उचित कीमत मिले। इसके लिए मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता, टैक्स संरचना में सुधार और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना जरूरी है। भविष्य की बात करें तो भारत तेजी से ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक स्रोतों पर जोर दिया जा रहा है। इससे आने वाले वर्षों में तेल की मांग पर असर पड़ सकता है। ऐसे में तेल कंपनियों को भी अपने बिजनेस मॉडल में बदलाव लाना होगा। अंततः यह कहा जा सकता है कि तेल कंपनियों का बढ़ता मुनाफा केवल एक आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और राजनीतिक महत्व का विषय भी बन चुका है। जब तक उपभोक्ताओं को उचित राहत और पारदर्शिता नहीं मिलेगी, तब तक यह बहस जारी रहेगी। सरकार, कंपनियों और जनता के बीच संतुलन बनाना ही इस चुनौती का सबसे प्रभावी समाधान हो सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

तकनीक
रोहित माहेश्वरी




# सोशल मीडिया की लत के शिकार हो रहे युवा

आज का युग डिजिटल प्रौद्योगिकी का युग है, जिसमें सोशल मीडिया विशेषकर युवा पीढ़ी के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक, वे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े रहते हैं। यह माध्यम अब केवल संचार का साधन मात्र नहीं रह गया है, बल्कि उनके चिंतन, मनोविज्ञान, व्यवहार और जीवनशैली पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। इसलिए, यह समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सोशल मीडिया युवाओं के लिए वरदान है या अभिशाप। भारत में डिजिटल उपयोग के आंकड़े इसकी व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, 90 से 95 प्रतिशत किशोर सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और लगभग 45 प्रतिशत लगातार ऑनलाइन रहते हैं। एक औसत किशोर प्रतिदिन 3 से 5 घंटे स्क्रीन पर बिताता है, जबकि कुछ किशोर छह घंटे से अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं। सकारात्मक पक्ष देखें तो सोशल मीडिया ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। बायजू, खान अकादमी, कोर्सेरा और गूगल क्लासरूम जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से छात्र घर बैठे ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अनुमान है कि ऑनलाइन शिक्षा का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या में प्रति वर्ष 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। वीडियो पाठों और इंटरैक्टिव तरीकों से सीखना और भी आसान हो गया है। इससे समय और धन दोनों की बचत होती है और छात्रों को विश्व स्तरीय जानकारी तक पहुंच मिलती है। इसके अलावा, सोशल मीडिया युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक विशाल मंच प्रदान करता है। कई युवा गायन, लेखन, फोटोग्राफी और अन्य कलाओं के माध्यम से प्रसिद्धि प्राप्त कर रहे हैं। कई लोग डिजिटल क्रिएटर या इन्फ्लुएंसर बनकर अपनी आजीविका भी कमा रहे हैं। भारत में डिजिटल मार्केटिंग उद्योग की विकास दर लगातार बढ़ रही है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दूसरी ओर, इसके नकारात्मक प्रभाव भी गंभीर चिंता का विषय हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि जो युवा प्रतिदिन तीन घंटे से अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं, उनमें अवसाद और चिंता के लक्षण अधिक पाए जाते हैं। लगभग 60 प्रतिशत युवा नींद की कमी से पीड़ित हैं क्योंकि वे रात में भी मोबाइल फोन का उपयोग करते रहते हैं। इसका सीखने, ध्यान केंद्रित करने और याददाश्त पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सोशल मीडिया मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है। दुनिया भर में अरबों उपयोगकर्ताओं को प्रभावित करता है जो रोजाना औसतन 145 मिनट स्क्रॉल करते हैं। यह डिजिटल परिदृश्य आधुनिक जीवन के ताने-बाने में गहराई से समा गया है, अभूतपूर्व संबंध बनाते हुए मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है। आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया पर मिलने वाले लाइक्स, फॉलोअर्स और शेयर को अपनी पहचान मानने लगी है। यह तुलना का माहौल बना रहा है, जहां लोग दूसरों की परफेक्ट लाइफ देखकर खुद को कमतर समझने लगते हैं। डॉक्टरों का मानना है कि यह एक अवास्तविक दुनिया है, जो मानसिक दबाव को बढ़ाती है। शोध बताते हैं कि यूट्यूब या इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर स्क्रॉल करने से मस्तिष्क के वे क्षेत्र सक्रिय हो जाते हैं जो पुरस्कार प्रसंस्करण, सामाजिक अनुभूति और ध्यान से जुड़े होते हैं। जब भी हमें कोई लाइक या सकारात्मक टिप्पणी मिलती है, तो हमारा मस्तिष्क डोपामाइन छोड़ता है, जिससे शक्तिशाली इनाम के रास्ते बनते हैं जो हमें और अधिक पाने के लिए प्रेरित करते हैं। हार्वर्ड के शोधकर्ताओं के अनुसार, सोशल मीडिया पर सक्रियता प्राप्त करने पर जो डोपामाइन निकलता है, वह कोकीन जैसे नशीले पदार्थों के सेवन के बराबर होता है। इसके अलावा, इन पुरस्कारों की अप्रत्याशित प्रकृति- यह न जानना कि आपको कब और कितने लाइक मिलेंगे- इस अनुभव को और भी व्यसनी बना देती है। शोध लगातार सोशल मीडिया के इस्तेमाल और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के बीच कई संबंधों को उजागर करते रहे हैं। अध्ययनों में सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल और अवसादग्रस्तता के लक्षणों की बढ़ती दर के बीच महत्वपूर्ण संबंध पाए गए हैं। यह कहना उचित होगा कि सोशल मीडिया युवा पीढ़ी के लिए दोधारी तलवार के समान है। जहां यह सीखने, जुड़ने और विकास के अवसर प्रदान करता है, वहीं यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम पैदा कर सकता है। इसलिए इसका उपयोग करना हम पर निर्भर करता है। यदि इसका बुद्धिमानी और संतुलित तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह निश्चित रूप से युवा पीढ़ी के भविष्य को उज्जवल बनाने का एक साधन सिद्ध हो सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिष्य-गुरु में श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो। जिसके पद चिह्नों पर चलकर और जिसके प्रदत्त मार्गदर्शन को अपनाकर जीवन को वैसा ही श्रेष्ठतम व सार्थक बनाया जा सके।

## मतभेद वाले को कभी सफलता प्राप्त नहीं होती



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। कौरव पक्ष में बड़े-बड़े योद्धा थे, विशाल सेना थी, लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके और अंत में पांडवों की जीत हुई।

## सटाका




### आज की पाती

**भारी मतदान से दलों की धड़कनें तेज**


देश के चौथे सबसे बड़े राज्य पश्चिम बंगाल में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान सम्पन्न होने के साथ ही पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणामों पर अब सबकी निगाहें चार मई को होने वाली मतगणना पर टिक गई हैं। बिहार से शुरू हुए मतदाता सूची के शुद्धिकरण (पुनरीक्षण) के बाद वहां हुई बंपर वोटिंग ने मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत दिया था। इसी क्रम में चुनाव आयोग ने विपक्ष के विरोध के बावजूद सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराया। पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया गया। कई मतदाता सूची से बाहर हुए।

- आतिश, रोहतक

### करंट अफेयर

## दक्षिण अफ्रीका के पाठ्यक्रम में हो भारतीय इतिहास शामिल


'साउथ अफ्रीकन हिंदू धर्म सभा' (एसएएचडीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में संशोधित किए जा रहे स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त स्थान देने की मांग करते हुए अधिकारियों से इसे नजरअंदाज नहीं करने का आग्रह किया है। एक खुले पत्र में एसएएचडीएस के अध्यक्ष राम महाराज ने कहा कि अल्पसंख्यक होने के बावजूद भारतीय समुदाय के इतिहास को पाठ्यक्रम में समुचित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 1981 में डरबन में आयोजित पहले राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन में एसएएचडीएस ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त रूप से शामिल करने की मांग की थी। महाराज ने कहा, दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के इतिहास को इतिहास की पुस्तकों से मिटाया नहीं जा सकता और न ही मिटाया जाना चाहिए। हम मांग करते हैं कि सभी कक्षाओं में भारतीयों के इतिहास से संबंधित मौजूदा सामग्री को कम से कम दोगुना किया जाए, क्योंकि अल्पसंख्यक भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने वर्तमान प्रस्तुतीकरण स्तर को अपमानजनक और भारतीयों के योगदान को नजरअंदाज करने वाला बताया। महाराज ने कहा कि 1860 में बंधुआ मजदूरों के रूप में आगमन के बाद से भारतीयों ने दक्षिण अफ्रीका के आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



### ऑफ बीट

## ध्रुवीय भालू मानव बस्तियों के पास क्यों चले आते हैं

ध्रुवीय भालू अत्यंत जिज्ञासु होते हैं और यही जिज्ञासा अक्सर उन्हें इंसानी ढांचे और बस्तियों के करीब ले आती है, जिससे दोनों के लिए खतरा पैदा हो सकता है। एक नए अध्ययन में पाया गया है कि इसके पीछे के कारण पहले की तुलना में अधिक जटिल हैं। अध्ययन के अनुसार, आर्कटिक क्षेत्र के गर्म होने के कारण कई ध्रुवीय भालू समुद्री बर्फ से दूर तटों पर अधिक समय बिता रहे हैं, जहां वे आमतौर पर सील का शिकार करते हैं। वैज्ञानिकों ने 2011 से 2021 के बीच मैनिटोबा के वपुस्क नेशनल पार्क और चर्चिल नॉर्दर्न स्टडीज सेंटर में कैमरे लगाकर यह जानने की कोशिश की कि भालू इन स्थानों पर कितनी बार आते हैं। अध्ययन में कुल 580 बार भालुओं की आवाजाही दर्ज की गई, जो मुख्य रूप से जुलाई से नवंबर के बीच हुई। शोध में पाया गया कि इन स्थानों पर मानव गतिविधियों का भालुओं के आने की संख्या पर कोई खास असर नहीं पड़ा। हालांकि, समुद्री बर्फ के बिना रहने की अवधि (आइस-फ्री सीजन) का इस पर स्पष्ट प्रभाव देखा गया। जिन वर्षों में यह अवधि लंबी रही, उन वर्षों में भालुओं की आवाजाही अधिक दर्ज की गई। शोधकर्ताओं ने पाया कि भालुओं के शरीर की स्थिति (यानी वे कमजोर हैं या स्वस्थ) का उनके मानव बस्तियों की ओर आने से सीधा संबंध नहीं है।



### ट्रेंड

**दूध प्रसंस्करण संयंत्र**

कारगिल में 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 10 टीएलपीडी क्षमता वाले दूध प्रसंस्करण संयंत्र की आधारशिला रखी गई और लेह मिल्क प्लांट के नए उत्पादों का शुभारंभ किया। यह परियोजनापशुपालकों की आत्मनिर्भरता को गति प्रदान करेगी।

**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री



**डिजिटल जनगणना शुरू**

भारत की पहली डिजिटल जनगणना शुरू हो चुकी है। यह हमारे देश के विकास पथ में एक महत्वपूर्ण कदम है। सही नीतियां बनाने के लिए सटीक आंकड़े ही आधार हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक तभी पहुंच सकता है जब आंकड़े सटीक हों।

**-रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली



**सरकारी नौकरियां**

हमारी सरकार ने पिछले सवा दो वर्षों में बिना किसी कागजी लीक के पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से 351 भर्ती परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न की हैं। हमने एक लाख बीस हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।

**- भजनलाल शर्मा,** सीएम, राजस्थान



**बिजली क्षेत्र में भ्रष्टाचार**

भाजपा सरकार बिजली क्षेत्र में भ्रष्टाचार का रैकेट चला रही है, प्रीपेड मीटरों की आड़ में तकनीक का दुरुपयोग करके जनता को लूट रही है। अब जनता ने उनकी इस चोरी को पकड़ लिया है। इस बार स्मार्ट मीटर तोड़े जा रहे हैं; अगली बार ईवीएम...

**-अखिलेश यादव,** सांसद, सपा



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# ममता ने कहा-स्ट्रांग रूम में हो रही वोट चोरी-छेड़छाड़ और हेराफेरी तो भाजपा बोली- टीएमसी तलाश रही हार के अलग-अलग बहाने, अनर्गल आरोप लगा रही

एजेंसी ⏭ कोलकाता/नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में गुरुवार रात ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम खोलने पर तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच तनातनी हो गई। इसके चलते खूब हंगामा हुआ। टीएमसी ने ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोप लगाए। हालांकि बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रॉन्ग रूम में ईवीएम और पोस्टल बैलेट से छेड़छाड़ के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। लेकिन इस पूरे मुद्दे से बंगाल का राजनीतिक पारा चढ़ गया है । इस बीच वहां टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा बढ़ने लगा। हालात देखते हुए वहां बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। हालांकि चुनाव आयोग ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि स्ट्रॉन्ग रूम में सिर्फ पोस्टल बैलेट की छंटाई हो रही थी।



स्ट्रांग रूम में पहुंची मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी

### स्ट्रांग रूम पर बढ़ा विवाद, गिनती के पहले सुप्रीम कोर्ट गईं

## ममता ने लगाए धांधली, वोट चोरी के आरोप

बंगाल में ईवीएम और पोस्टल बैलेट बॉक्स को रखने वाले स्ट्रॉन्ग रूम को लेकर विवाद हो गया। ये इतना बढ़ गया कि कई जगह पर टीएमसी- भाजपा के नेताओं, उनके समर्थकों और प्रशासन-पुलिस के लोगों के बीच बहस देखने को मिली। टीएमसी ने पुलिस-प्रशासन पर 'धांधली' करने के आरोप लगाए। ममता भवानीपुर सीट पर स्ट्रॉन्ग रूम तक पहुंच गईं। गिनती के पहले शीर्ष कोर्ट में अर्जी दायर की है।



### टीएमसी ने चुनाव आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

टीएमसी ने सीलबंद स्ट्रॉन्गरूम तक पहुंच को लेकर अनियमितताओं का आरोप लगाया। चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगा।

### छावनी में बदला राज्य

## तीन जिलों में भारी हिंसा पुलिस ने शुरू की जांच

बंगाल चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान संपन्न होते ही राज्य के विभिन्न हिस्सों से हिंसा की खबरें आने लगी हैं। शुक्रवार को मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर 24 परगना जिलों में हिंसा की कम से कम तीन बड़ी घटनाएं दर्ज की गईं। पुलिस ने इन मामलों में जांच शुरू कर दी है।

### मुर्शिदाबाद में सीपीआईएम एजेंट पर हमला

मुर्शिदाबाद जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के लोचनपुर में गुरुवार रात खूनी संघर्ष हुआ। यहां सीपीआईएम के पोलिंग एजेंट रूहूल अमीन पर जानलेवा हमला किया गया। अमीन एक चाय की दुकान पर बैठे थे तभी तृणमूल कांग्रेस के एक क्षेत्रीय पदाधिकारी के नेतृत्व में स्थानीय नेताओं के समूह ने उन पर हमला कर दिया।

### ड्रामे से नहीं बदलेंगे वोट

भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता पर हमला बोला है। उन्होंने कहा जब उन्हें चुनाव में माहौल अपने खिलाफ लगता है, तो वे ईवीएम में हेरफेर की आशंकाएं जताने लगती हैं। ड्रामेबाजी से जनादेश नहीं बदल जाएगा।

### 15 मतदान केंद्रों पर आज फिर डाले जाएंगे वोट

चुनाव आयोग ने बंगाल के 15 केंद्रों पर पुनर्मतदान का आदेश दिया है। सभी केंद्रों पर 2 मई को दोबारा मतदान होगा। मतदान सुबह 7बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इन 15 केंद्रों में 143-डायमंड हार्बर एसी के 4 और 142-मगराहाट पश्चिम एसी के 11 मतदान केंद्र शामिल हैं। आयोग ने यह फैसला शिकायतों और अनियमितताओं की रिपोर्ट के आधार पर लिया है।

## खबर संक्षेप

### आरोप मुक्त होने पर ईडी केस बंद न करे: राजू




**नई दिल्ली।** अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने गुरुवार को कहा कि जब अदालतें मूल अपराधों में आरोपियों को बरी कर देती हैं या उन्हें आरोप-मुक्त कर देती हैं तो ईडी को ऐसे नतीजों को मामले का अंत नहीं समझना चाहिए, बल्कि उन्हें नए सिरे से जांच फिर से शुरू करनी चाहिए।

### आईएफएफआई की कमान गोवारिकर को



**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गोवा में आयोजित होने वाले 57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए प्रख्यात फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर को महोत्सव निदेशक नियुक्त किया है। यह महोत्सव नवंबर में होगा। आशुतोष भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्म निर्माता हैं।

### कैमरा और सेंसर से ऑटोमेटिक कटेगा टोल



**सूरत।** देश का पहला मल्टीलेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम लॉन्च कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर लिखा, देश के लिए ये ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि भारत का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम चोरयासी टोल प्लाजा पर शुरू किया गया है।

### ट्रेन में 6.30 करोड़ की ड्रग्स, महिला गिरफ्तार



**सूरत।** दिल्ली से मुंबई जा रही निजामुद्दीन ट्रेन में ड्रग्स तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। सूरत रेलवे स्टेशन पर एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से करीब 6.30 करोड़ की मेथम्फेटामाइन ड्रग्स बरामद हुई है। वह नासिक की बताई जा रही है और शातिर तरीके से ड्रग्स को छिपाकर यात्रा कर रही थी।

### शाह ने कारगिल में 10,000 लीटर दूध वाली डेयरी प्लांट की रखी आधारशिला

# दुग्ध लैब, शीतलन प्रणाली, डेयरी अवसंरचना होगी मजबूत, इस क्षेत्र में 70% की वृद्धि दिखी

एजेंसी ⏭ लेह/जम्मू

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कारगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की शुक्रवार को आधारशिला रखी। शाह ने लद्दाख और कारगिल में डेयरी अवसंरचना को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत और नई योजनाओं की घोषणा की। मंत्री ने साथ ही लद्दाख के लिए डेयरी विकास से जुड़ी कई ऑनलाइन माध्यम से पहल पेश कीं। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ये पहल पेश की गई हैं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। शाह ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश के पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। एक दशक में दूध उत्पादन में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह 'आत्मनिर्भर लद्दाख' और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक अहम कदम है।

**25**
करोड़ रुपए के खर्च से इस शहर में काम

**2024-25**
में 24.8 करोड़ टन हो गया दूध उत्पादन

**485**
ग्राम तक पहुंच गई प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता

**350**
किलोवाट सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली पर चलेगा

## 'आत्मनिर्भर लद्दाख' और 'आत्मनिर्भर भारत' की पहल



### डेयरी क्षेत्र में एक बड़ी वृद्धि देखी गई

शाह ने कहा कि देश का दूध उत्पादन 2014-15 के 14.3 करोड़ टन से बढ़कर 2024-25 में करीब 24.8 करोड़ टन हो गया है। उन्होंने बताया कि इस वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा पिछले पांच वर्षों में हासिल हुआ है। प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता भी 307 ग्राम प्रतिदिन से बढ़कर लगभग 485 ग्राम तक पहुंच गई है, जो पोषण सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इन पहलों का असर अब दिखने लगा है। एक गांव के 74 किसानों से शुरू होकर अब यह नेटवर्क करीब 1,700 किसानों तक पहुंच गया है। दैनिक दूध संग्रह लगभग 7,000 लीटर तक पहुंच गया है और किसानों को कुल भुगतान 15 करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है।

सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा लद्दाख

## लेह में बुद्ध पूर्णिमा समारोह का किया उद्घाटन



शाह ने भगवान गौतम बुद्ध के अवशेषों की 75 वर्ष बाद लद्दाख वापसी को ऐतिहासिक पुनर्मिलन बताया। यह क्षेत्र सदियों से 'धर्म की जीवंत भूमि' रहा है, जिसने बौद्ध ज्ञान और करुणा की परंपरा को सहेजा है। लेह में 2569वें बुद्ध पूर्णिमा समारोह के उद्घाटन अवसर पर शांति, करुणा का मार्ग बताया।

### राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड

अधिकारियों ने बताया कि 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र लगभग 25 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत लागू की जा रही है।

### आधुनिक मोबाइल 'मिल्क कलेक्शन' एवं 'कूलिंग सिस्टम'

दूध संग्रह के लिए आधुनिक मोबाइल 'मिल्क कलेक्शन' एवं 'कूलिंग सिस्टम' स्थापित किया जाएगा जिससे किसानों से सीधे दूध संग्रह, गुणवत्ता संरक्षण और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। किसानों की आय बढ़ाने और खरीद प्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

**सौर ऊर्जा से संचालन :** यह सौर ऊर्जा आधारित संयंत्र हजारों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ देगा, उनकी आय बढ़ाएगा और स्थानीय कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करेगा। मोबाइल प्रयोगशालाओं की तैनाती, कोल्ड चेन नेटवर्क का विस्तार भी किया जाएगा।

### सिलेंडर के दाम बढ़ने पर कांग्रेस आक्रामक

## देश में फिर हो गई महंगाई भारी अब पेट्रोल व डीजल की बारी

### राहुल बोले- आपकी थाली पर भी पड़ेगा असर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में उछाल के मुद्दे पर सरकार पर तीखा हमला बोला। एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा, 'महंगाई मैन मोदी' का चाबुक फिर चला। कमर्शियल सिलेंडर 993 रुपए महंगा हुआ। मोदी ने पिछले 4 महीने में कमर्शियल सिलिंडर के दाम इस तरह बढ़ाए। कमर्शियल सिलेंडर सिर्फ 4 महीने में 1,518 रुपए महंगा हो गया। अभी साल के 8 महीने बाकी हैं। मोदी की वसूली जारी है। अब 5 किलो वाला छोटू सिलेंडर भी महंगा कर दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने पर सरकार को आड़े हाथों लिया। पहला वार गैस पर, अगला वार पेट्रोल-डीजल पर।

### हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा

राहुल ने एक्स पर लिखा, कह दिया था- चुनाव के बाद महंगाई की गर्मी आएगी। आज कमर्शियल गैस सिलेंडर 993 रुपए महंगा। एक ही दिन में सबसे बड़ी बढ़ोतरी। यह चुनावी बिल है। फरवरी से अब तक 1380 रुपए की बढ़ोतरी हुई और सिर्फ 3 महीनों में 81 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। चायवाला, ढाबा, होटल और बेकरी, हलवाई- हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा और इसका असर आपकी थाली पर भी पड़ेगा। दूसरी ओर मई से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि की आशंका थी। होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी होने के चलते दुनियाभर में 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है।


## राहुल के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज की

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एक बड़े कानूनी मामले में बड़ी राहत दी है। जस्टिस विक्रम डी चौहान की एकल पीठ ने राहुल गांधी के खिलाफ 'इंडियन स्टेट' से लड़ाई वाले विवादित बयान को लेकर दाखिल याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब इस मामले में न तो मुकदमा दर्ज होगा और न ही कोई कानूनी कार्यवाही चलेगी।

### देश के सीजेआई ने इसकी औपचारिक घोषणा की

## पेपरलेस-कोर्ट बना सिक्किम, देश का पहला राज्य जहां न्यायिक व्यवस्था हुई आधुनिक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



सिक्किम ने न्यायिक व्यवस्था के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए देश का पहला 'पेपरलेस ज्यूडिशियरी स्टेट' बनने का गौरव प्राप्त किया है। सीजेआई सूर्यकांत ने गंगटोक में एक विशेष सम्मेलन (कॉनक्लेव) में इसकी औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे राज्य और देश दोनों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। तमांग, जिन्हें प्रेम सिंह गोले के नाम से भी जाना जाता है, ने कहा कि यह उपलब्धि एक तेज, पारदर्शी और तकनीक-संचालित न्याय प्रणाली के निर्माण की दिशा में अहम मील का पत्थर है।

### इससे न्याय वितरण प्रणाली प्रभावी और समवेशी बनेगी

उन्होंने कहा कि ई-फाइलिंग, डिजिटल केस मैनेजमेंट और ऑनलाइन न्यायिक प्रक्रियाओं जैसी पहलें न्याय वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी, सुलभ और समावेशी बनाएंगी। लोगों को समय पर न्याय मिलने में सुविधा और पारदर्शिता भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपरलेस न्यायपालिका केवल प्रशासनिक सुधार नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सकारात्मक पहल है। कागज के उपयोग में कमी आने से संसाधनों की बचत होगी और न्यायालयों की कार्यप्रणाली अधिक आधुनिक और व्यवस्थित बनेगी।

### तेलंगाना में आज होगा 'योग महोत्सव 2026' का आयोजन



**नई दिल्ली।** मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के लिए 50 दिन की उलटी गिनती के उपलक्ष्य में 2 मई को तेलंगाना में 'योग महोत्सव 2026' का आयोजन करेगा। आयुष मंत्रालय ने बताया कि इस विशेष आयोजन का उद्देश्य योग के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना, व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना और देशभर में योग को जन-जन तक पहुंचाना है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर किया स्नान



**हरिद्वार।** शुक्रवार को उत्तराखंड के हरिद्वार में हर की पौड़ी पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी के किनारे भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने स्नान किया। सुबह से ही लोग पहुंचने लगे थे।

### पंजाब में मजदूरों को समर्पित विधानसभा का विशेष सत्र

**न्यूनतम मजदूरी 15 फीसदी बढ़ाई**

## मान सरकार ने सदन में विश्वास मत हासिल किया, विपक्ष का वाकआउट

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मजदूर दिवस पर पंजाब सरकार ने मजदूरों को समर्पित विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया। सीएम भगवंत मान ने पंजाब में न्यूनतम मजदूरी में 15 फीसदी की बढ़ोतरी का ऐलान किया। इसमें सरकारी और गैर सरकारी दोनों शामिल हैं।



मान ने कहा कि यह मजदूर दिवस पर उनके लिए तोहफा है। आप सरकार ने पंजाब विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया और विश्वास मत हासिल किया। पक्ष में 94 में से 88 ने मत दिया। राष्ट्रपति के पास लेकर जाएंगे। विधायक भी जाएंगे। मान ने कहा कानून होना चाहिए कि इस तरह पार्टी न छोड़ जाए।

### मान पर लगे शराब पीकर आने के आरोप, विपक्ष भड़का

मान पर शिरोमणि अकाली दल ने सदन में अंदर शराब पीकर आने का आरोप लगाया है। मान के कृत्य को शर्मनाक बताया। इसे संविधान और विधानसभा की मर्यादा का अपमान बताते हुए मुख्यमंत्री की आलोचना की है। यह अत्यंत शर्मनाक बात है। अकाली दल ने लिखा, दल मांग करता है कि मुख्यमंत्री का आज पूरे पंजाब के सामने डोप टेस्ट कराया जाए। कांग्रेस ने भी मान पर शराब पीकर विधानसभा आने के आरोप लगाए और सदन से वॉकआउट किया। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने आरोप का समर्थन किया और शराब जांच कराने की मांग की। इसके साथ ही सदन से वॉकआउट किया।

### ज्यादातर धाराएं जमानती थीं, फिर भी गिरफ्तारी पर जोर दिया: सिंघवी

# पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट ने दी 'सशर्त' जमानत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने असम पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी की शिकायत पर दर्ज एफआईआर के मामले में पार्टी के मीडिया और पब्लिसिटी के चेयरमैन पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने का स्वागत करते हुए इसे संवैधानिक मूल्यों की जीत करार दिया है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के कानून, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग के चेयरमैन डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी और संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. सिंघवी ने कहा कि इस मामले में ऐसी कई धाराएं लगाई गईं जो जमानती थीं, फिर भी गिरफ्तारी पर जोर दिया गया। यह पवन खेड़ा को अपमानित और परेशान करने का प्रयास था। उन्होंने बताया कि खेड़ा के खिलाफ 11 में से 9 धाराएं जमानती थीं।

## गुवाहाटी हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई



### गिरफ्तारी का औचित्य नहीं

अदालती फैसलों का हवाला देते हुए कांग्रेस सांसद सिंघवी ने कहा कि किसी भी मानहानि के मामले में गिरफ्तारी अंतिम विकल्प होना चाहिए। इसमें सवाल उठता है कि क्या गिरफ्तारी के बिना पूछताछ नहीं हो सकती है? यदि आरोपी के फरार होने, साक्ष्य से छेड़छाड़ करने या जांच में बाधा डालने की संभावना नहीं है, तो गिरफ्तारी का औचित्य नहीं बनता है। उन्होंने कहा कि वकील इसे ट्रिपल टेस्ट कहते हैं।

**दोष सिद्ध नहीं तो दोषी नहीं**

गुवाहाटी हाईकोर्ट के जिस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा यह भूला नहीं जा सकता कि अग्रिम जमानत के मामले में जब तक दोष सिद्ध न हो जाए, तब तक किसी को दोषी नहीं माना जा सकता है।

### यह तो बस शुरुआत है अभी अंत नही : सरमा

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा सिंघवी पर जमकर बरसे। खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत के बाद सिंघवी ने सरमा पर जमकर निशाना साधा था। म सरमा ने कहा कि फर्जी दस्तावेजों से उनकी पत्नी का चरित्र हनन किया गया। इसे कानूनी लड़ाई की महज एक शुरुआत बताया है। सरमा और सिंघवी के बीच जुबानी जंग अब बेहद तल्ख हो गई है। सरमा ने कहा, 'मैं साफ कर दूं, यह तो बस शुरुआत है, अंत नहीं।

## विमानों का किराया बढ़ने की संभावना

# अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के जेट ईंधन 5% महंगे हुए, लगातार दूसरे महीने बढ़े दाम

सरकार द्वारा ईंधन के निर्यात पर टैक्स बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के भीतर पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी न हो। अक्सर वैश्विक बाजार में कीमतें अधिक होने पर कंपनियां घरेलू बाजार के बजाय विदेशों में तेल बेचना अधिक फायदेमंद समझती हैं

### एटीएफ पर एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़कर 42 रुपए/ली. | घरेलू उड़ानों पर एटीएफ की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने और वैश्विक स्तर पर तेल की बदलती कीमतों को देखते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने डीजल और विमान ईंधन (एरोप्लेन टरबाइन फ्यूल-एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले शुल्क (एक्सपोर्ट ड्यूटी) में भारी बढ़ोतरी कर दी है। ताजा आदेश के अनुसार, डीजल पर निर्यात शुल्क को बढ़ाकर अब 55.5 प्रति लीटर कर दिया गया है। इसी तरह, हवाई जहाजों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन पर भी लेवी को बढ़ाकर 42 प्रति लीटर कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले का सीधा असर उन तेल कंपनियों पर पड़ेगा जो बड़े पैमाने पर भारतीय रिफाइनरियों से विदेशों में ईंधन का निर्यात करती हैं। दिल्ली में, जो देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है, वहां अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए जेट फ्यूल के दाम 76.55 डॉलर प्रति किलोलीटर (5.33%) बढ़कर अब 1,511.86 डॉलर प्रति किलोलीटर कर दिए गए हैं।



#### घरेलू एयरलाइंस को मिली राहत

घरेलू एयरलाइंस के लिए एटीएफ की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इन निर्णयों से एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी घरेलू विमानन कंपनियों को राहत मिलेगी। इससे पहले 1 अप्रैल को घरेलू एयरलाइंस के लिए दरों में 25 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी की गई थी, जिससे कीमतें 1,04,927.18 रुपए प्रति किलोलीटर तक पहुंच गई थीं यानी एक माह में दूसरी बार कीमतों में उछाल आया है।

#### ईंधन बेचने पर सरकार को मिलेगा टैक्स

निर्यात शुल्क में की गई इस भारी वृद्धि से निजी क्षेत्र की रिफाइनरियों के मुनाफे पर दबाव बढ़ने की संभावना है। ये कंपनियां भारी मात्रा में डीजल और एटीएफ का निर्यात यूरोपीय और अन्य विदेशी बाजारों में करती हैं। 55.5 प्रति लीटर की दर से एक्सपोर्ट ड्यूटी लगने का मतलब है कि अब कंपनियों को विदेशी बाजारों में ईंधन बेचने के लिए सरकार को पहले से कहीं ज्यादा टैक्स देना होगा। इससे कंपनियों के मार्जिन में कमी आ सकती है और उनके वित्तीय प्रदर्शन पर इसका सीधा असर देखने को मिल सकता है।

#### सरकार की मंशा घरेलू आपूर्ति बनी रहे

*सरकार द्वारा ईंधन के निर्यात पर टैक्स बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के भीतर पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी न हो। अक्सर वैश्विक बाजार में कीमतें अधिक होने पर कंपनियां घरेलू बाजार के बजाय विदेशों में तेल बेचना अधिक फायदेमंद समझती हैं। ऐसे में एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़ाकर सरकार निर्यात को थोड़ा हतोत्साहित करती है ताकि घरेलू पंपों पर तेल की सप्लाई बनी रहे। हालांकि, राहत की बात यह है कि इस बढ़ोतरी का असर देश के भीतर आम जनता को मिलने वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर नहीं पड़ेगा। घरेलू खुदरा कीमतें फिलहाल स्थिर बनी हुई हैं।*

#### हर 15 दिन में भाव की समीक्षा

*भारत में तेल के निर्यात और उत्पादन पर लगने वाले 'विंडफॉल टैक्स' और एक्सपोर्ट ड्यूटी की समीक्षा हर 15 दिनों में की जाती है। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों और रिफाइंड उत्पादों के प्रॉफिट मार्जिन के आधार पर लिया जाता है। मौजूदा समय में वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है, जिससे तेल कंपनियों के मुनाफे की स्थिति भी बदल रही है। सरकार की यह कोशिश है कि तेल कंपनियां जो 'अतिरिक्त मुनाफा' कमा रही हैं, उसका एक हिस्सा टैक्स के रूप में सरकारी खजाने में आए।*

---

## खबर संक्षेप

### टेक्सास में विमान दुर्घटनाग्रस्त 5 की मौत

**विम्बरली।** अमेरिका के टेक्सास में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 'हेज काउंटी' के जज रुबेन बेसेरा ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा कि यह दुर्घटना गुरुवार रात ऑस्टिन के दक्षिण पश्चिम में लगभग 40 मील (64 किलोमीटर) दूर विम्बरली शहर में हुई। 'फेडरेशन एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन' (एफएए) ने बताया कि सेसना 421सी विमान रात करीब 11 बजकर 25 मिनट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



### आतंकवादी पर 3 लोगों की हत्या के प्रयास का आरोप

**लंदन।** सोमालिया में जन्मे 45 वर्षीय उस ब्रिटिश व्यक्ति को शुक्रवार को ब्रिटेन की एक अदालत में पेश किया गया, जिसे उत्तर लंदन में दो यहूदी पुरुषों पर चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने हमले को औपचारिक रूप से आतंकवादी घटना करार दिया था। ईसा सुलेमान पर दो यहूदी पुरुषों सहित तीन लोगों की हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। सुलेमान पर पर धारदार हथियार रखने का आरोप भी लगाया गया है। लंदन स्थित ओल्ड बेली अदालत ने सुलेमान को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



### उर्दू को हटाने का कोई इरादा नहीं: सीएम उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उर्दू को हटाने का कोई इरादा नहीं है। हम तो बस लोगों की राय जानना चाह रहे थे। फाइल अभी भी मेरी मेज पर है। उमर अब्दुल्ला ने आगे कहा कि और मेरा इसे मंजूरी देने का कोई इरादा नहीं है। बता दें, हबूबा मुफ्ती की अगुवाई वाली पीडीपी ने यह आरोप लगाया था कि जम्मू कश्मीर के राजस्व रिकॉर्ड से उर्दू को एक एक अनिवार्य भाषा के तौर हटाने की दिशा में काम चल रहा है। जम्मू में जब 2024 में चुनाव हुए थे तो नेशनल कांफ्रेंस को जीत मिली थी।



---

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फिर एक नया दावा

# ईरान समझौता करने को बेताब, युद्धविराम तोड़ने की जरूरत नहीं, परमाणु क्षमता पूरी तरह नष्ट की

*ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध नहीं है, बल्कि यह एक सैन्य अभियान है। सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करने को बेताब है। उन्होंने हवाई हमलों को फिर से शुरू करने की संभावनाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि संघर्ष-विराम तोड़ने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने गुरुवार दोपहर ओवल ऑफिस में मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कही। ट्रंप ने कहा कि युद्धरत पक्षों के बीच बातचीत की स्थिति की जानकारी केवल कुछ ही लोगों को है। मेरे और कुछ अन्य लोगों के अलावा किसी को नहीं पता कि बातचीत की क्या स्थिति है। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध नहीं है, बल्कि यह एक सैन्य अभियान है। सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है। उनके करीब 82 प्रतिशत ड्रोन कारखाने ठप हो गए हैं। उनके मिसाइल उत्पादन पर भी असर पड़ा है। उनके मिसाइल कारखाने लगभग 90 प्रतिशत तक ठप हो गए हैं। हमने ईरान की परमाणु क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। ट्रंप ने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार कभी नहीं बनाने दिया जाएगा।

ईरान में विरोध प्रदर्शनों के दौरान 42,000 लोगों को मार दिया गया

होर्मुज की नाकेबंदी से ईरान को तेल से आय नहीं



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### ईरान की अर्थव्यवस्था चरमराई

राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिका की नाकेबंदी (ब्लॉकेड) बहुत प्रभावी साबित हुई है। ईरान को तेल से कोई आय नहीं हो रही है और उसकी अर्थव्यवस्था बुरी तरह चरमरा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही कोई समझौता हो जाएगा। ट्रंप ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि स्टॉक मार्केट नई ऊंचाई पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जब डॉव 50,000 और एसएंडपी 7,000 के पार पहुंचा तो उन्होंने सोचा कि अब ईरान के मुद्दे पर कुछ करना चाहिए।

### मेरी एक कॉल से रुकी 8 महिलाओं की फांसी

ट्रंप ने दावा किया कि ईरान आठ महिलाओं को फांसी देने की तैयारी कर रहा था, लेकिन उन्होंने फोन पर हस्तक्षेप किया और उन्हें रोक दिया। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे कहा- ऐसा मत करो, पूरी दुनिया देख रही है। मुझे खुशी है कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। ट्रंप का आरोप है कि ईरान में पिछले दो महीनों में विरोध प्रदर्शनों के दौरान 42,000 लोगों को मार दिया गया। उन्होंने कहा कि ये लोग निहत्थे थे और सिर्फ विरोध करने के लिए मारे गए। उन्होंने कहा कि अब मैं किसी न किसी तरह से उस देश को बचाने की कोशिश कर रहा हूं। यह एक क्रूर समूह है, लेकिन हमने उन्हें पूरी तरह से खत्म कर दिया है।

#### ईरान पर नए हमले की तैयारी में अमेरिका?

### इजराइल भेजा 6500 टन गोला-बारूद और खाना



अमेरिकी सेना पश्चिम एशिया में लंबे युद्ध की तैयारी कर रही है। दरअसल अमेरिकी नौसेना अपने जहाजों के माध्यम से पश्चिम एशिया में ईंधन, खाना, हथियार और बाकी जरूरी सामान भेज रही है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कर इसकी जानकारी दी है। कुछ तस्वीरों में लिखा गया है कि गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर यूएसएस डेलबर्ट डी ब्लैक पर ईंधन, खाना, हथियार और जरूरी सप्लाई लोड की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका ने बीते 24 घंटे में 6 हजार टन से ज्यादा गोला बारूद और हथियार इजराइल भेजे हैं। इससे आशंका गहरा गई है कि अमेरिका, ईरान के खिलाफ फिर से युद्ध शुरू कर सकता है। इजराइली मीडिया के अनुसार, दो कार्गो जहाज और कई विमान 6500 टन गोला बारूद, मिलिट्री ट्रक, जॉइंट लाइट टेक्टिकल व्हीकल और अन्य हथियार लेकर इजराइल पहुंचे हैं। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका ने इजराइल 1,15,600 टन गोला बारूद, हथियार भेजे हैं।

### दावा: अराघची को हटाने की तैयारी में पेजेशकियान



राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबफ कथित तौर पर विदेश मंत्री अब्बास अराघची को पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन दोनों नेताओं ने अरागची पर यह आरोप लगाया है कि उन्होंने राष्ट्रपति पद की अनदेखी करते हुए 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के निर्देशों का पालन किया है। अराघची ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर अहमद वाहिदी के एक सहायक के तौर पर ज्यादा काम किया है। वे वाहिदी के साथ पूर्ण समन्वय में काम कर रहे हैं और कथित तौर पर राष्ट्रपति पेजेशकियान को सूचित किए बिना उनके निर्देशों पर आधारित नीतियों को लागू कर रहे हैं। राष्ट्रपति को लगता है कि संवेदनशील कूटनीतिक दांव-पेचों के दौरान विदेश मंत्री के सैन्य कमान की ओर झुकने से उनकी स्थिति कमजोर हुई है।

### ईरान में आईआरजीसी के 14 सदस्यों की मौत

ईरान की मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि युद्ध के दौरान बचे हुए बमों के फटने से रिवोल्यूशनरी गार्ड के 14 सदस्यों की जान चली गई है। ईरान की सुरक्षा एजेंसी के करीब मानी जाने वाली वेबसाइट नूरन्यूज के अनुसार, यह धमाका तेहरान के उत्तर-पश्चिम में स्थित जंजन शहर के पास हुआ। सात अप्रैल को हुए युद्धविराम के बाद से रिवोल्यूशनरी गार्ड के सदस्यों की मौत का यह सबसे बड़ा मामला है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन धमाकों में क्लस्टर बम और हवाई बारूदी सुरंगें शामिल थीं। ये सभी बम लड़ाई के दौरान गिराए गए थे जो उस समय नहीं फटे थे।

---

## रूस के 210 ड्रोन हमले से दहला यूक्रेन

# आवासीय क्षेत्र, ऊर्जा ढांचा और नागरिक सुविधाओं को बनाया निशाना, 5 घायल



यूक्रेन के क्रिवी रिह में आवासीय इमारत में आग

» जेलेंस्की का सवाल- कब तक चलेगी पुतिन की मनमानी?

» ओडेसा, सूमी, जापोरिज्जिया और खार्किव क्षेत्र में बड़ा हमला

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस पर कड़ा दबाव बनाने और समन्वित प्रतिबंध लगाने की अपील की है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि रूस ने रातभर में 210 ड्रोन हमले किए, जिनमें से करीब 140 शाहेद ड्रोन थे। इन हमलों का निशाना आवासीय क्षेत्र, ऊर्जा ढांचा और महत्वपूर्ण नागरिक सुविधाएं रहीं। उन्होंने कहा कि ओडेसा में आवासीय इमारतों पर हुए हमलों में आग लग गई, जिससे पांच लोग घायल हो गए।

वहीं, क्रिवी रिह में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति घायल हुआ है। इसके अलावा सूमी और जापोरिज्जिया क्षेत्रों में भी हमले किए गए। जेलेंस्की ने बताया कि खार्किव क्षेत्र में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को भी निशाना बनाया गया, जिसमें ट्रैक्शन सबस्टेशन प्रभावित हुए। कई रेल डिब्बों में आग लग गई और हजारों परिवारों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। उन्होंने कहा कि रूस लगातार यूक्रेन के ऊर्जा सेक्टर, नागरिक सुविधाओं और महत्वपूर्ण ढांचे को निशाना बना रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि इस तरह के लगातार हमले यह साबित करते हैं कि रूस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाना बेहद जरूरी है ताकि यूरोप की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

#### सख्त प्रतिबंधों की मांग

*जेलेंस्की ने कहा कि प्रतिबंध नीति को और मजबूत करने की जरूरत है और सभी सहयोगी देशों को अपने प्रतिबंधों को एक साथ लागू करना चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि रूस की आर्थिक और सैन्य क्षमता को सीमित करना जरूरी है ताकि युद्ध को आगे बढ़ने से रोका जा सके। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने साफ कहा कि अगर रूस स्वेच्छा से कूटनीति के रास्ते पर नहीं आता, तो उसे मजबूर करना होगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि यूक्रेन शांति के लिए किसी भी सम्मानजनक और प्रभावी प्रक्रिया में काम करने के लिए तैयार है। जेलेंस्की ने स्पष्ट किया कि यूक्रेन एक स्थायी और वास्तविक शांति चाहता है, न कि अस्थायी समझौता।*

#### बंदरगाह पर भी हमला

*ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने बताया कि यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमले में बंदरगाह के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और ओडेसा शहर में दो लोग घायल हो गए। ओडेसा में, एक 16 मंजिला इमारत पर हमले के बाद एक अपार्टमेंट पूरी तरह से नष्ट हो गया और छत में आग लग गई। आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि एक अन्य ऊंची इमारत में आग 12वीं मंजिल तक फैल गई।*

---

## भारत में एपल स्मार्टफोन की अच्छी बिक्री

# गदगद हुए टिम कुक, कहा- मिडिल क्लास का बूम हमारे लिए बड़ा मौका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक दिग्गज कंपनी एपल ने एक बार फिर वैश्विक स्मार्टफोन और प्रीमियम टेक बाजार में मजबूत ग्रोथ दर्ज की है। मार्च 2026 तिमाही में रिकॉर्ड-तोड़ कमाई करने के बाद कंपनी के सीईओ टिम कुक ने कहा कि भारत एपल के लिए बहुत बड़ा अवसर बन चुका है। कंपनी यहां अपने भविष्य को लेकर काफी उत्साहित भी है। एपल ने जनवरी-मार्च तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ कुल रेवेन्यू रिकॉर्ड बनाया, बल्कि भारत सहित लगभग सभी उभरते बाजारों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की है।

कंपनी का कहना है कि भारत में तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग, प्रीमियम डिवाइसों की बढ़ती मांग और नए ग्राहकों की संख्या एपल की सबसे बड़ी ताकत बन रही है। टिम कुक ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार और तीसरा सबसे बड़ा पीसी बाजार बन चुका है। हमने विकसित और उभरते दोनों बाजारों में मार्च तिमाही के रिकॉर्ड रेवेन्यू हासिल किए।



## फर्जी बुल्गारियाई पासपोर्ट से बड़ा खुलासा

# ड्रग माफिया सलीम तुर्किये में 'हमजा' बनकर रह रहा था, जांच की जा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी के बड़े नामों में शामिल मोहम्मद सलीम डोला को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार वह तुर्किये में फर्जी पहचान के साथ रह रहा था। अधिकारियों के मुताबिक सलीम डोला तुर्किये में खुद को 'हमजा' नाम से पेश कर रहा था और वहां एक बुल्गारियाई पासपोर्ट के आधार पर रह रहा था। हालांकि अब यह जांच की जा रही है कि यह पासपोर्ट असली था या फर्जी। बता दें, सलीम डोला को हाल ही में तुर्किये के इस्तांबुल में गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी था, जो भारत की एजेंसियों के अनुरोध पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने जारी करवाया था। जांच एजेंसियों के मुताबिक, डोला एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क का हिस्सा था, जिसका कारोबार लगभग 5000 करोड़ रुपए तक फैला हुआ था।



## सरमा ने एक्स पर कहा था अभद्र लोग नहीं समझते प्यार की भाषा

# असम के सीएम के बयान से बांग्लादेश को लगी मिर्ची, उच्चायुक्त को तलब कर जताया 'विरोध'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

डेढ़ साल से अधिक के तनाव के बाद तारिक रहमान के नेतृत्व में नए सरकार बनने के साथ ही भारत और बांग्लादेश के संबंधों में जमी हुई बर्फ के पिघलने के आसार नजर आ ही रहे थे कि असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का 'एक्स' पर एक ऐसा पोस्ट सामने आ गया। जिसने बनी बनाई बात बिगाड़ दी। दक्षिण-एशिया मामलों की महानिदेशक इशरत जहां ने भारत के राजनयिक पवन बढ़े से मुलाकात की थी। जिसमें उन्होंने यह साफ कर दिया कि असम के मुख्यमंत्री द्वारा की गई बयानबाजी न केवल हमारे देश के लिए अपमानजनक है बल्कि यह दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए भी हितकर नहीं है।



#### असम सीएम के पोस्ट के मायने

सरमा ने पिछले सप्ताह एक्स पोस्ट में लिखा, असम में 20 विदेशी नागरिक पकड़े गए और उन्हें बांग्लादेश वापस भेजा गया है। अभद्र लोग नरमी की भाषा को नहीं समझते हैं। लेकिन हम असम से इन घुसपैठियों को बाहर का रास्ता दिखाते हुए लगातार इस बात को अपने ध्यान में रखते हैं। यह वो लोग हैं जो अपने आप बाहर जाने को तैयार नहीं हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा का यह बयान सूबे में जारी विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। जिसे लेकर बांग्लादेश ने खासी नाराजगी जताई है।

---

## आधुनिक सैन्य प्रशिक्षण और तैयारियों पर जोर

# राष्ट्रपति मुर्मू ने शिमला में सेना प्रशिक्षण कमान का किया दौरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को शिमला में स्थित आर्मी ट्रेनिंग कमांड (एआरटीआरएसी) मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्हें कमान की स्थापना, उसके विकास और भारतीय सेना की परिचालन क्षमता को मजबूत करने में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

राष्ट्रपति का स्वागत कवींद्र गुप्ता और एआरटीआरएसी के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने किया। इसके बाद उन्हें कमान की विभिन्न गतिविधियों और प्रशिक्षण संरचना पर विस्तार से ब्रीफिंग दी गई।

### प्रशिक्षण संस्थान 'विकसित भारत' का प्रमुख स्तंभ



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ (बाएं) राज्यपाल कवींद्र गुप्ता और (दाएं) लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा

द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एआरटीआरएसी केवल प्रशिक्षण संस्थान नहीं है, बल्कि यह युद्ध की आधुनिक अवधारणाओं को विकसित करने, संसाधन निर्माण और मित्र देशों तथा अन्य सेवाओं के साथ सहयोग बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने इसे सैन्य उत्कृष्टता, आत्मनिर्भरता और विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाने वाला एक प्रमुख स्तंभ बताया।

### वरिष्ठ अधिकारियों से किया संवाद

दौरे के दौरान राष्ट्रपति ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत भी की और प्रशिक्षण ढांचे को और मजबूत बनाने पर विचार साझा किए। उन्होंने सभी रैंकों से उच्च स्तर की तैयारी बनाए रखने और समर्पण के साथ कार्य करने का आग्रह किया। एआरटीआरएसी के अधीन 32 प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान लगातार भारतीय सेना की पेशेवर क्षमता को मजबूत कर रहे हैं। ये संस्थान आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, जिससे सेना की तैयारियों को नई दिशा मिल रही है।

## 75% स्वदेशी सामग्री- 8 ब्रह्मोस, 32 बराक मिसाइलों से लैस है ये स्टील्थ युद्धपोत

# दुश्मन के जहाजों की खैर नहीं, एमडीएल ने नौसेना को सौंपा 'महेंद्रगिरी' युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू मोर्चे पर चीन-पाकिस्तान की सीमाओं से बढ़ते सुरक्षा खतरे के बीच शुक्रवार का दिन भारतीय नौसेना के जंगी इतिहास का एक यादगार दिन कहलाएगा। क्योंकि मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने उसे नीलगिरी श्रेणी (प्रोजेक्ट-17ए) का चौथा अत्याधुनिक स्वदेशी गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरी' (यार्ड 12654) सौंप दिया है।

जिसकी सबसे खास बात यह है कि इसके समुद्र में तैनात होने के बाद दुश्मन के युद्धपोत, एयरक्राफ्ट कैरियर और पानी के अंदर गहराई में छिपी बैठी पनडुब्बियां थरथर कांपेंगी। कारण, महेंद्रगिरी में लगी हुई 450 किलोमीटर की रेंज के साथ मार करने में सक्षम 8 ब्रह्मोस सुपरसोनिक एंटी शिप मिसाइलें और सतह से हवा में अपने अचूक वार (एमआर-एसएएम) के लिए जानी जाने वाली 32 बराक-8 मिसाइलें हैं। युद्धपोत को 1 सितंबर 2023 को लांच किया गया था। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने दी है।



### नौसेना करेगी परीक्षण, फिर होगा कमीशन

नौसेना अब महेंद्रगिरी युद्धपोत के बड़े पैमाने पर समुद्री परीक्षण करेगी। जिसमें इसमें लगी हुई हर छोटी-बड़ी युद्धक सामग्री, सॉफ्टवेयर व अन्य प्रणालियां को व्यापक रूप से जांचा-परखा जाएगा और उसके बाद नौसेना इसे अपने जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से तैनात यानी कमीशन करेगी। समुद्री परीक्षणों की प्रक्रिया छह-आठ महीने से लेकर लगभग साल भर लंबी हो सकती है।

#### रिकॉर्ड समय में बनकर हुआ तैयार

*महेंद्रगिरी का डिजाइन नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) ने तैयार किया है। आईएनएस नीलगिरी को नौसेना को सौंपे जाने के बाद रिकॉर्ड 17 महीने से भी कम समय में इसका निर्माण किया गया है। महेंद्रगिरी में कुल 75% स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। इसके निर्माण कार्य में 200 से ज्यादा लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) की भागीदारी रही है। साथ ही इसने प्रत्यक्ष रूप से 4 हजार और अप्रत्यक्ष रूप से 10 हजार से अधिक कर्मियों के लिए रोजगार सृजन किया है।*

#### पकड़ नहीं पाएगा दुश्मन का रडार

*महेंद्रगिरी उन्नत हथियारों और सेंसर प्रणाली जैसे 76 मिमी. की मुख्य तोप, टॉरपीडो और एंटी सबमरीन रॉकेट लांचर से लैस है। जो इसे हर तरह के मौजूद खतरों से निपटने में पूरी तरह से सक्षम बनाते हैं। पोत की लंबाई 149 मीटर, चौड़ाई 17.8 मीटर है। युद्धपोत का नामकरण ओडिशा के पूर्वी घाट स्थित महेंद्रगिरी पर्वत के नाम पर किया गया है। जो राज्य की दूसरी सबसे ऊंची चोटी के रूप में भी जानी जाती है।*

## खबर संक्षेप



### जनगणना महायज्ञ का शुभारंभ, बांटी किट

**औबेदुल्लागंज।** जनगणना 2027 के अंतर्गत शुक्रवार को समस्त सुपरवाइजर एवं प्रगणकों का तिलक, फूल माला पहना कर जनगणना महायज्ञ का शुभआरंभ किया। इसके साथ समस्त सुपरवाइजर एवं प्रगणको को जनगणना से संबंधित सामग्री किट बांटी गई। इस दौरान जनगणना चार्ज अधिकारी किरण रहांगडाले, अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे मुकेश जैन, उपमंत्री सुजीत यादव पार्षद, सुनील सेरिया पार्षद राजकुमार शर्मा, सन्नी अग्रवाल, पवन निरापुरे एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बोरवन पार्क में निःशुल्क जांच शिविर कल

**संतनगर।** हिरदाराम नगर के बोरवन पार्क में 3 मई रविवार सुबह 8 से 11 बजे तक कैंप लगाया जा रहा है, जिसमें निःशुल्क सेवाएं डॉक्टर प्रीति मोतियानी द्वारा दी जाएंगी। डॉक्टर प्रीति मोतियानी संत हिरदाराम नगर सिविल अस्पताल में एमडी डॉक्टर हैं, सभी रोगों के लिए परामर्श देते हैं। इसमें गठिया रोग, अर्थराइटिस, स्त्री रोग डायबिटीज, थाइरॉएड, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, किडनी रोग, मोटापा, गुप्त रोग, श्वासरोक दमा, टीबी, सिर दर्द, माइग्रेन लकवा, मिर्गी, बेहोशी, सूजन जोड़ों में दर्द आदि इसके साथ निः शुल्क जांच जैसे थाइरॉएड प्रोफाइल, शुगर, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड आदि के किए जाएंगे। यह केंप वीना कला एवं सेवा समिति के तत्वावधान में लगाया जा रहा हैं।

### मानस कल्याण समिति का मामला उच्च न्यायालय में लंबित

**औबेदुल्लागंज।** फार्मर एवं सोसाइटी की अदालत में मानस कल्याण समिति की 30 अप्रैल को पेशी हुई। मानस कल्याण समिति के दोनों पक्षों ने अपना-अपना पक्ष फर्मर एवं सोसाइटी के न्यायालय में रखा। वही हाई कोर्ट में मामला दायर करने वाले विनोद इरपाचे ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेशों और निर्देशों का उल्लंघन होने के कारण हम उच्च न्यायालय में आदेशों की अवहेलना की जा रही है। हम कंटेंट आफ कोर्ट का मामला तैयार कर रहे हैं, जो शीघ्र ही हाईकोर्ट में लगाया जाएगा। नगर में मानस कल्याण समिति को लेकर राजनीति गर्म है और तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

### ननि एवं बी विजय दत्ता के विरुद्ध कोर्ट की अवमानना का प्रकरण खारिज

**भोपाल।** उच्च न्यायालय द्वारा नगर निगम एवं नगर निगम के पूर्व आयुक्त बी विजय दत्ता आईएएस के विरूद्ध न्यायालय की अवमानना का प्रकरण खारिज कर दिया गया है। नर्मदा प्रसाद माली द्वारा 11वें अपर जिला न्यायाधीश भोपाल के न्यायालय में मप्र शासन सुदामा पी खाडे कलेक्टर , सुधाकर तिवारी नायब तहसीलदार, नगर निगम आयुक्त बी विजय दत्ता एवं थाना प्रभारी छोला मंदिर के विरुद्ध न्यायालय की अवमानना का प्रकरण प्रस्तुत करते हुए यह निवेदन किया गया था कि उनके पक्ष में न्यायालय द्वारा यह आदेश पारित किया गया था कि नगर निगम एवं मप्र शासन द्वारा जो सीलिंग की कार्रवाई की गई है वह शून्य है। नगर निगम एवं बी विजय दत्ता की ओर से विधि सलाहकार संजय गुप्ता ने निवेदन किया कि जो डिक्री नर्मदा प्रसाद माली तथा नन्नीबाई के पक्ष में है, उसमें नगर पालिक निगम पक्षकार नहीं है। इस कारण नगर निगम का नाम एवं बी विजय दत्ता का नाम न्यायालय की अवमानना के आवेदन से हटा दिया जाए। 11वें अपर जिला न्यायाधीश भोपाल के न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की गई थी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5038 | | |
| दिन: | 180 | 97 | 250 |
| रात: | 134 | 85 | 357 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 167 | 46 | 114 |
| रात: | 344 | 10 | 370 |

घर में फर्नीचर देखने के बहाने पहुंचा था एएसआईएम

# घर में घुसकर कांस्टेबल की पत्नी को एएसआईएम ने छेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर स्थित पुलिस लाइन में कांस्टेबल की पत्नी से घर में घुसकर एएसआईएम ने छेड़छाड़ कर दी। एएसआईएम घर में फर्नीचर देखने के बहाने गया था। इसी दौरान अंदर कमरे तक पहुंच गया और बुरी नियत से कांस्टेबल की पत्नी से छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी घर से भाग निकला। पति को महिला ने जानकारी दी। इसके बाद शाम को दंपती थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर एएसआईएम के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार 35 साल की महिला पुलिस लाइन में रहती है। लाइन में दिलीप शर्मा नामक एसआई रहता है। एएसआईएम पीएचक्यु में पदस्थ है। महिला का आरोप है कि शुक्रवार सुबह वह घर में अकेली थी। पति ड्यूटी गए हुए थे। सुबह करीब साढ़े 11 बजे के आसपास एएसआईएम दिलीप शर्मा उसके घर पहुंचा। उसने दरवाजा खटखटाया। महिला ने दरवाजा खोला तो दिलीप शर्मा कहने लगा कि मुझे आपके घर का फर्नीचर देखना है। परिचय होने के कारण महिला ने उसे फर्नीचर दिखाया। फर्नीचर देखते हुए वह अंदर के कमरे तक पहुंच गया। वह कहने लगा कि तुम तो बहुत खूबसूरत लग रही हो। महिला ने उसे घर से जाने का कहा। इस पर एएसआईएम ने बुरी नियत से हाथ पकड़कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी घर से भाग निकला। महिला ने घटना की जानकारी पति को दी। शाम को पति घर लौटा और शिकायत दर्ज कराई।



### किशोरी से मुंहबोले भाई ने की छेड़छाड़

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में 17 साल की किशोरी से मुंहबोले भाई ने छेड़छाड़ कर दी। आरोपी उसे उधार के 200 रुपए लौटाने का कहकर अपने साथ घर ले गया था। घर के बाहर खड़ी किशोरी को उसने जबरन घर में ले जाने का प्रयास भी किया। हालांकि उसने शोर मचाया तो आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर पूर्व में दो प्रकरण दर्ज है। वह थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल है।

पुलिस के अनुसार 17 साल की किशोरी इलाके में रहती है और बारहवीं कक्षा में पढ़ती है। इसी इलाके में रंजीत नामक युवक रहता है। किशोरी रंजीत को राखी बांधती है और अपना भाई समझती है। इधर, रंजीत आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसने कभी किशोरी से 200 रुपए लिए थे। ब

धवार शाम किशोरी घर से आईस्क्रीम लेने जा रही थी। इसी बीच उसे रंजीत मिल गया। वह कहने लगा कि तुम्हारे 200 रुपए देना है। चलो घर चलकर देता हूं। किशोरी उसके साथ चली गई। वह घर के बाहर खड़ी थी, तभी आरोपी ने बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया और उसे घर में खींचने का प्रयास करने लगा। किशोरी ने शोर मचाया तो आरोपी हाथ छोड़कर फरार हो गया।

### शादी में जाने की जिद कर रही महिला ने पति के इंकार करने पर खाया जहर, मौत

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित शीतल धाम में महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह पति को शादी में चलने की जिद कर रही थी। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण पति ने शादी में चलने से इंकार कर दिया। इसी बात से दुखी होकर उसने गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली खा ली। पति उसे एम्स लेकर पहुंचा, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार सोना बाई पति कैलाश (28) मूलतः नर्मदापुरम की थी। उसका पति कैलाश प्राइवेट गाड़ी चलाता है। सोना बाई और कैलाश शीतल धाम मिसरोद में जी फाइव, ईडब्ल्युएस में किराए से रहती थी। सोनाबाई और कैलाश के दो बच्चे हैं। शुक्रवार सुबह कैलाश बाथरूम में था। इसी बीच सोनाबाई ने गेहूं में रखने वाली डेढ़ गोली खा ली। कैलाश बाथरूम से बाहर आया तो सोनाबाई गोली खाने के बाद भी खाना बना रही थी। कुछ ही देर बाद गोली का असर हुआ और सोनाबाई बाथरूम में जाकर उल्टी करने लगी। उल्टी करने के बाद उसने मुंह धोया और किचन पहुंचकर फिर खाना बनाने लगी। उसे दूसरी बार उल्टी आई और वह बाथरूम में पहुंची। कैलाश को संदेह हुआ वह भी उसके पीछे पहुंचा। इस दौरान उसे बाथरूम से जहर की बदबू आई। उसने सोना बाई से पूछा तो बताया कि जहर खा लिया है। कैलाश उसे तत्काल एम्स लेकर पहुंचा, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने सोनाबाई को मृत घोषित कर दिया।

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम रोड पर शनि मंदिर के पास हुआ हादसा

# एक्टिवा सवार युवक को तड़के चार बजे किसी अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम सड़क पर शनि मंदिर के पास बुधवार तड़के अज्ञात वाहन ने एक्टिवा सवार युवक को टक्कर मार दी।

सड़क पर घायल अवस्था में देखकर वहां से गुजरने वाले लोगों ने अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। उसकी एक्टिवा को किसी वाहन ने टक्कर मारी या फिर वह खुद ही गिरा पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सौरभ विश्वकर्मा (27) बरखेड़ा पठानी गोविंदपुरा में रहता था और बेस्ट प्राइज, (फ्लिपकार्ट) में काम करता था। बुधवार सुबह करीब साढ़े तीन से चार बजे के आसपास उसे शनि मंदिर के पास घायल अवस्था में देखा गया। पास ही उसकी एक्टिवा पड़ी थी। एक्टिवा में टक्कर लगने के मामूली निशान थे।



घायल अवस्था में सौरभ को अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि एक्टिवा के निशान देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी वाहन ने टक्कर मारी है। पुलिस यह भी जांच रही है कि एक्टिवा सवार या तो वह खुद गिरा था या फिर उसकी एक्टिवा को किसी वाहन का कट लगने से वह गिर गया।

### 17 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलरिया नरेंद्र में 17 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि घरेलू कामकाज में हाथ नहीं बंटाने के कारण मां ने उसे फटकार लगाई थी। अनुमान है कि मां की फटकार से दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार आकाश दांगी पिता मोहन सिंह दांगी इमलिया नरेंद्र गांव में रहता है। उसने पुलिस को बताया कि उसके पिता खेती किसानी करते हैं। परिवार में माता-पिता के अलावा 17 साल की बहन पायल दांगी थी। गांव के स्कूल में पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद पायल ने पढ़ाई छोड़ दी। पायल मां के साथ घर के कामकाज संभालती थी। गुरुवार रात माता-पिता कमरे में टीवी देख रहे थे। आकाश बाहर घूम रहा था। इसी बीच पायल ने अंदर कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही उसे फंदे से उतारा, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। आकाश की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि घर के कामकाज नहीं करने पर मां ने उसे फटकार लगाई थी।

### आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता ने फांसी लगाई रजिस्टर में लिखा मिला सुसाइड नोट

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित थुंआखेड़ा आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता ने फांसी लगा ली। फांसी लगाने से पहले उसने आंगनबाड़ी की कर्मचारी को कहा था कि गांव से बच्चों को ले आओ उनका समग्र आईडी का काम कर लेते हैं। करीब तीस मिनट बाद कर्मचारी बच्चों को लेकर आंगनबाड़ी पहुंची तो कार्यकर्ता का शव फांसी के फंदे पर लटके मिला। आंगनबाड़ी के रजिस्टर के पन्ने पर कार्यकर्ता ने सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें उसने अपने पति पर आरोप लगाए है।

पुलिस के अनुसार ओमवती मीणा पिता राजेश मीणा (45) ललिता नगर, राजहर्ष कॉलोनी कोलार में रहती थी। वह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थी और उनकी ड्यूटी थुंआखेड़ा आंगनबाड़ी में थी। शुक्रवार सुबह वह आंगनबाड़ी पहुंची। दोपहर करीब दो बजे उन्होंने आंगनबाड़ी की कर्मचारी से कहा कि गांव से बच्चों को ले आओ उनका समग्र आईडी बनाना है। कर्मचारी गांव में बच्चों को लेने पहुंची और करीब तीस मिनट बाद बच्चों को लेकर आई। इस दौरान देखा ओमवती ने आंगनबाड़ी में फांसी लगा ली है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया।

**पति पर लगाए आरोप**

पुलिस ने एफएसएल की पार्टी को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। निरीक्षण करने पर आंगनबाड़ी के रजिस्टर के पन्ने पर सुसाइड नोट मिला। ओमवती ने लिखा कि मैं पति से परेशान हूं। वह मुझे छह साल पहले छोड़ चुका है, लेकिन जब भी पैसों की जरूरत होती है वह आ जाता है। पैसे लेने के बाद फिर चला जाता है। उन्होंने यह भी लिखा कि मेरा हिस्सा मेरे बेटे बहू को दिया जाए।



बैरागढ़ में विश्व मज़दूर दिवस पर किया मजदूरों का सम्मान

### मज़दूरों को बारिश, धूप से बचने के लिए टीनशेड का होगा निर्माणः मारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

शिव मन्दिर के पास बाबासाहेब आंबेडकर झण्डा चौक बैरागढ़ में शुक्रवार को मज़दूर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में वार्ड 5 पार्षद एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण उपस्थित थे। कार्यक्रम का नेतृत्व यूनियन अध्यक्ष जगदीश कुमार सांवले व यूनियन सचिव आत्माराम सुर्यवंशी ने किया।

इस अवसर पर अशोक मारण ने मजदूर भाइयों का सम्मान करते हुए कहा की आज का दिन बहुत खास है। हमारे देश में कुशल मजदूर मिस्त्रीयों ने आपने हाथों से ऐसे कई मकान व दुकान और एतिहासिक भवन का निर्माण किया है। मारण ने अपनी पार्षद निधि से लोगों के बैठने के लिए ब्रैचों की व्यवस्था की है। मारण ने कहा आप सभी संगठित रहे, में अपने बजट से टीनशेड का निर्माण भी करवाऊंगा, ताकि श्रमिक भाई, बहन धूप और बारिश से बचने के लिए टीनशेड की छाव बैठे। कार्यक्रम में हनिफ खांन, किशोर यादव, जगदीश सिलपकार, महैश बसंल, धुर रजंक, पैलाध भारती, पप्पू नायक, अशोक केलकर, अजय अहिरवार, प्रहला आहिवार, पप्पू यादव, राजू यादव सहित सैकड़ों मजदूर व मिस्त्री भाई उपस्थित थे।

### एक्टिवा सवार बदमाशों ने बैंककर्मी का मोबाइल झपटा

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित की निजामुद्दीन कॉलोनी के पास एक्टिवा सवार बदमाशों ने निजी बैंक के कर्मचारी का मोबाइल झपट लिया। घटना के समय वह खाटू श्याम मंदिर के पास से अपने घर नैनागिरी जा रहे थे। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विकास श्रीवास्तव (42) नैनागिरी पिपलानी में रहते हैं और निजी बैंक में नौकरी करते हैं। गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे वह पैदल मोबाइल पर बातचीत करते हुए घर की तरफ जा रहे थे। खाटू श्याम मंदिर के पास से निकलते ही एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया।

## बीएचईएल लेडीज क्लब का 'समर कूल' उत्सव अनुजा मजूमदार चुनी गईं 'समर कूल लेडी'

**फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता के साथ महिलाओं ने रैंप पर बिखेरा जलवा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईएल लेडीज क्लब द्वारा हाल ही में 'समर कूल' थीम पर आधारित एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब की अध्यक्षा रोजी उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में रचनात्मकता और उत्साह का संगम देखने को मिला। विशिष्ट अतिथि के रूप में कस्तूरबा हॉस्पिटल की सीएमओ डॉ. पामेला सचदेव एवं स्वीटी मीणा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ कल्चरल वाइस प्रेसिडेंट योगिता बघेल के स्वागत भाषण से हुआ।

आयोजन के दौरान महिलाओं के लिए कई रोचक स्पर्धाएं रखी गईं, जिसमें फायरलेस कुकिंग स्पर्धा, प्रोटीन-रिच सैंडविच एवं मॉकटेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बिना आग के उपयोग के 'प्रोटीन-रिच सैंडविच' और 'मॉकटेल' बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। 'सरप्राइज समर कूल पर्सनैलिटी ऑफ द डे' के अंतर्गत आयोजित रैंप वॉक में चार चांद लगा दिए। इस प्रतियोगिता में अनुजा मजूमदार को 'समर कूल लेडी' के खिताब से सम्मानित किया। फायरलेस कुकिंग स्पर्धा में मंजू शौरी, दीपाली गोस्वामी एवं शीतल जुनेजा प्रथम और निबाह कुमार एवं लिखेश्वरी द्वितीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट अनुजा मजूमदार, प्रीति दानी, मंजू पटेल एवं ललिता चटर्जी भी उपस्थित रहीं।



कस्बा भ्रमण के दौरान पुलिस की कार्रवाई

### साढ़े 25 हजार की शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा हंसराज ढाबा के आगे हाईवे रोड एनएच-46 भोपाल से नर्मदापुरम लेन के किनारे पहुंचकर टोल नाका बिसनखेड़ा की ओर से आ रही एक ज्यूपिटर स्कूटी एमपी 05 जेडजी 0299 को रोककर चेक किया गया। चैकिंग के दौरान स्कूटी के पैरदान एवं डिक्की में रखे झोलों से अवैध देशी शराब (प्लेन मदिरा) के कुल 320 नग, सीलबंद क्वार्टर कुल मात्रा 57.6 लीटर मिली, जिसकी कीमत लगभग 25,600 रुपए बताई गई है। पुलिस ने अवैध शराब और स्कूटी भी जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया।



## औबेदुल्लागंज में मोबाइल चोर सक्रिय पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**लोगों ने की पुलिस से सख्त कार्रवाई और गश्त बढ़ाने की अपील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में भय और आक्रोश का माहौल है। हाल ही में मुख्य चौराहे स्थित राकेश अग्रवाल के घर में चोरी हो गई, जिसमें मोबाइल सहित अन्य सामान अज्ञात चोर ले भागे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में मोबाइल चोरों का गिरोह सक्रिय है, इसके बावजूद पुलिस प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। इस घटना से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। साथ ही नगर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी चर्चा में आ गई है।

लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि केवल आश्वासन देते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस पहल नहीं करते। लोगों ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की अपील की है। ढाबा का संचालन करने वाले सख्स ने बताया कि नेशनल हाईवे पर 2 से 3 पुलिस वाले ट्रक एवं रेत के डंपरों से एंट्री फीस वसूलते हैं। जब ढाबे वाले ने कहा कि आप सीसीटीवी कैमरे में ट्रक वालों से पैसे लेते दिख रहे हैं, तो वे वहां से भागे निकले। कई डंपर और रेत के ट्रक चालकों ने शिकायत की है कि नेशनल हाईवे रोड पर पुलिस की बोलोरो खड़ी कर एंट्री फीस वसूलते हैं। इससे डंपर और ट्रक चालकों में रोष है।




मंडीदीप में 18 दिवसीय 'सृजन कार्यक्रम' का समापन

## किशोर-किशोरियों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर... आत्मविश्वास अनुशासन और नेतृत्व कौशल की नई ऊर्जा का हुआ संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

'कदम रखो ऐसा कि निशान बन जाए, काम करो ऐसा कि मिसाल बन जाए' इसी संकल्प के साथ औद्योगिक नगर मंडीदीप में 18 दिवसीय 'सृजन कार्यक्रम' का समापन हुआ। आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने स्थानीय किशोर-किशोरियों के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व कौशल की नई ऊर्जा का संचार किया है।

सामुदायिक पुलिसिंग, नेटलिंक लिमिटेड और कृषक सहयोग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य 13 से 19 वर्ष के युवाओं को चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाना था। 18 दिनों के इस सघन प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जूडो-कराटे जैसे सेल्फ डिफेंस मॉड्यूल के साथ-साथ निर्णय क्षमता और सामाजिक सरोकारों से जुड़ने के गुर सिखाए गए। नेटलिंक लिमिटेड के कैंपस में संपन्न हुए इस आयोजन में बच्चों के व्यवहार और सोच में आए सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से देखे गए।

**डीआईजी कपूर ने किया युवाओं का उत्साहवर्धन**






उप पुलिस महानिरीक्षक (सामुदायिक पुलिसिंग) डॉ. विनीत कपूर ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि किशोरावस्था राष्ट्र निर्माण का स्वर्णिम काल है। उन्होंने कहा कि सृजन कार्यक्रम पुलिस और जनता के बीच की खाई को पाटने का एक सशक्त माध्यम है। युवा साइबर खतरों के प्रति सतर्क रहें और यातायात नियमों का पालन करते हुए समाज के लिए एक मिसाल बनें।

**हजारों युवा अपराध-मुक्त समाज के प्रहरी बने**

एडिशनल एसपी अमृत मीणा ने इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि प्रदेश के 30 जिलों में 50 से अधिक सृजन शिविरों के माध्यम से हजारों युवा अपराध-मुक्त समाज के प्रहरी बन चुके हैं। एसडीओपी शीला सुराणा ने कहा कि यह बच्चे पुलिस के साथ मिलकर अपराध मुक्त समाज के साथ सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

## लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में दो दिनी सिंधी मेला आज से

**बच्चों के लिए लगे आकर्षक झूले, सिंधी फन क्विज भी होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी मेला समिति लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में शनिवार 2 मई से दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेले की शुरुआत कर रही है। समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी, महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि इस वर्ष यह पारिवारिक सिंधी मेला अपने 29वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। मेले के प्रथम दिन नारी शक्ति वंदन पर समर्पित रहेगा। आज मेले के अंदर सभी प्रमुख स्थानों पर महिलाओं की भूमिका चारों और मुख्य रूप से दिखाई देगी। दरयानी ने बताया कि महिलाएं अब केवल परिवार संभालने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में सक्रिय नेतृत्व कर रही हैं और इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए समिति ने इस मेले को महिलाओं को समर्पित करने का निर्णय लिया है।

दरयानी ने बताया कि मेले के प्रथम दिन की शुरुआत भगवान झूलेलाल जी के बहिराने साहिब की ज्योत प्रज्वलित एवं सिंधी छेज के साथ की जाएगी। इसके अलावा मेले में मुंबई के कलाकार रॉक स्टार नील एवं करण खेमानी अपनी पूरी टीम के साथ पर्फ़ोमेंस करेंगे। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए आकर्षक झूले, सिंधी फन क्विज, गेम्स, पुरस्कार, स्वादिष्ट व्यंजन, रंगारंग आतिशबाजी के साथ साथ अनेक कार्यकम इस मेले में आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

**खबर संक्षेप**

### 3 जून से होंगी 9वीं, 11वीं की द्वितीय परीक्षा

**भोपाल।** लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। कक्षा 9वीं की परीक्षा 3 जून से शुरू होगी और 12 जून तक चलेगी, जबकि कक्षा 11वीं की द्वितीय परीक्षा भी 3 जून से शुरू होगी और 13 जून को समाप्त होगी। परीक्षा को लेकर संचालनालय द्वारा दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। वार्षिक परीक्षा में एक या एक से अधिक विषयों में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

### मंत्री शाह ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**भोपाल।** मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

### दिल्ली छात्रगृह योजना का बढ़ा दायरा, 6.5 गुना वृद्धि

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कैबिनेट ने 2005 से संचालित दिल्ली छात्रगृह योजना में महत्वपूर्ण बदलावों को मंजूरी दी है। इसके तहत छात्रों को मिलने वाली सरकारी सहायता राशि को 1,550 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 10,000 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। अब इन विद्यार्थियों को आवासीय और भोजन व्यवस्था के लिए सालाना 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। सहायता राशि के साथ-साथ योजना का दायरा बढ़ाते हुए लाभार्थियों की संख्या में भी वृद्धि की गई है। पहले प्रतिवर्ष अधिकतम 50 छात्रों को ही लाभ मिलता था, वहीं अब हर साल 100 नए विद्यार्थियों (50 स्नातक और 50 स्नातकोत्तर) को योजना में शामिल किया जाएगा।

---

कुत्ते की तरह भोंकने और लार डालने लगा था 24 साल का युवक

## कुत्ते के पिल्ले ने काटा, रेबीज से पीड़ित मरीज एम्स में फर्स्ट फ्लोर से कूदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स अस्पताल में गुरुवार रात एक मरीज ने फर्स्ट फ्लोर से छलांग लगा दी। उसने आत्महत्या नहीं की है। उसे दो महीने पहले कुत्ते के पिल्ले ने काट लिया था। कुत्ते के पिल्ले के काटने के कारण उसे रेबीज हो गया। रेबीज के कारण वह अजीब हरकतें करने लगा। कुत्ते की तरह भोंकने लगा और लार गिराने लगा। परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार रात उसने फर्स्ट फ्लोर से नीचे छलांग लगा दी। परिजन गार्ड की मदद से उसे उठाकर लाए और



डॉक्टर ने इलाज किया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। बागसेवनिया पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार कमल सिंह पिता बलराम सिंह (24) गांव इकोदिया, थाना नटेरन, जिला विदिशा में रहता था। करीब दो महीने पहले होली के समय घर में पले कुत्ते के पिल्ले ने उसे काट लिया। छोटा पिल्ला होने के कारण उसने एंटी रेबीज का इंजेक्शन नहीं लगाया। इंजेक्शन नहीं लगाने के कारण संक्रमण फैल गया। उसे रेबीज हो गया। रेबीज होने के कारण वह अजीब हरकतें करने लगा। परिजन ने बताया कि वह कुत्ते की तरफ भोंक रहा था और लार गिरा रहा था। हांप रहा था। परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे। एम्स में उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार रात अचानक ही उसने फर्स्ट फ्लोर से नीचे छलांग लगा दी और उसकी मौत हो गई।

---

किलोल पार्क रोड पर हादसा

## चलती कार में लगी आग, महिला ने कार से कूदकर बचाई अपनी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के व्यस्त और वीआईपी इलाकों को जोड़ने वाले किलोल पार्क रोड पर शुक्रवार को उस समय दहशत फैल गई, जब चलती कार में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते 15 फीट से ज्यादा उंची लपटें उठने लगीं। महिला कार चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई।

घटना शाम करीब 6 बजे हुई। घटना से आसपास के क्षेत्र में दहशत पफैल गई और लोगों की भीड एकत्र हो गई। इसकी सूचना निगम के फायर बिग्रेड को दी गई। मौके पर पहुंची एक दमकल ने आग पर काबू पाया। निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि चलती कार में आग लगने की घटना किलोल पार्क क्षेत्र में हुई। फरहत नामक



महिला कार चला ही थी। इससे किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की सूचना मिलने पर तुरंत एक दमकल मौके पर भेजी गई और आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका।

---

दो दिन बाद आज से जल प्रदाय व्यवस्था पूरी तरह से होगी बहाल

# मनुआभान फिल्टर प्लांट के वॉल्व में खराबी, 80 क्षेत्रों में पानी सप्लाई नहीं

» *जोन-16 और 17 में पानी के लिए परेशान हुए लोग, देर रात पानी की टंकियां भरना हुईं शुरू*

» *कोलार फिल्टर प्लांट बिजली के मेंटेनेंस के कारण बंद था, बिजली कंपनी ने लिया था शट-डाउन*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के नए व पुराने शहर के 80 से ज्यादा क्षेत्रों में शुक्रवार को पानी सप्लाई नहीं हो सका। जोन-16 और 17 में आने वाली कॉलोनियों और मोहल्लों में लोग पानी को लेकर परेशान रहे। हालांकि निगम की टंकियों में रिजर्व पानी की सप्लाई कुछ क्षेत्रों में कम दबाव से की गई। यह समस्या मनुआभान फिल्टर प्लांट के सीएसआर वॉल्व में खराबी और कोलार फिल्टर प्लांट बिजली के मेंटेनेंस के शट-डाउन के कारण हुई।

निगम के जल कार्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार देर रात पानी सप्लाई व्यवस्था बहाल हो गई और पानी की टंकियों के भरने का काम शुरू हो गया है। शनिवार से सामान्य रूप से पानी सप्लाई होगा। कोलार वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट के तहत कोलार फिल्टर प्लांट पर गुरुवार को मंडीदीप फीडर से दोपहर 2 बजकर 28 मिनट पर व एमएसीटी फीडर से दोपहर 3 बजकर 47 मिनट पर बिजली कंपनी द्वारा शट-डाउन लिया गया था। इसके चलते शाम को जल प्रदाय नहीं हुआ। जबकि दूसरे दिन शुक्रवार को भी जल प्रदाय पूरी तरह से सुचारू नहीं हुआ। मनुआभान टेकरी स्थित प्लांट पर जीएसआर के 800 एमएम व्यास के वॉल्व में खराबी हो जाने के कारण जोन-16 एवं 17 के तहत आने वाले क्षेत्रों में गुरुवार को पानी सप्लाई प्रभावित हुई, जबकि शुक्रवार को भी सुबह कम प्रेशर से पानी सप्लाई हुआ। इस संबंध में नगर निगम में जल कार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि कोलार फिल्टर प्लांट पर शट-डाउन के कारण और मनुआभान टेकरी प्लांट पर वाल्व में खराबी आने के कारण जल प्रदाय बाधित हुआ। शुक्रवार को देर रात जल प्रदाय व्यवस्था पूरी तरह से बहाल कर दी गई। शनिवार को सामान्य रूप से पानी की सप्लाई होगी।

### शहर के इन इलाकों में पानी सप्लाई रही बाधित

*बरखेड़ीकला, डीआरवी लाइन, नया शबरी नगर, नया बसेरा, एजी कॉलोनी, राजीव नगर बस्ती, पम्पापुर, शिवाजी नगर, तुलसी नगर, ई-6 अरेरा कॉलोनी, जनता क्वार्टर, बैंक कॉलोनी, नुपुरकुंज, पारस सिटी, ई-7 अरेरा कॉलोनी, एमआईजी, एलआईजी क्वार्टर, वार्ड-49, मल्टी, अंसल प्रधान, दानापानी, फार्चयून शॉलीमार, आरिफ नगर, छोटी मस्जिद के पास वाली गलियां, निशातपुरा क्षेत्र, न्यू आरिफ नगर, बाग नुजहत अफ्जा, रेशम केन्द्र, हमीदिया रोड राम मंदिर, छावनी, पटेल नगर, संगम टॉकीज, गुरबख्श की तलैया, बाल विहार, मेडिकल स्ट्रीट, घोड़ा नक्कास रोड, खजूर वाली गली, शांति नगर, इब्राहिमगंज, कबाड़खाना, छोला विश्रामघाट, सपना लाज क्षेत्र, पुंजुमल धर्मशाला क्षेत्र, चौकसे नगर, रंभा नगर, अली अजीज की मस्जिद, कांजी कैम्प रोड, इब्राहिमपुरा, मारवाड़ी रोड, कोतवाली रोड, इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, मंगलवारा, इतवारा, आजाद मार्केट, इस्लामपुरा, कंजरपुरा, तलैया थाना क्षेत्र, बुधवारा, वहीदिया स्कूल, पठार वाली गली, नूर महल रोड, बलाईपुरा, बडाईपुरा, अमर बस्ती, पायगा, नूरमहल, चौकी इमामबाडा, हवा महल रोड, शास्त्री नगर, 228 क्वार्टर, न्यू एवं ओल्ड सुनेहरी बाग, 12 दफ्तर झुग्गी क्षेत्र, न्यू एमएलए क्वाट्र्स आदि क्षेत्रों में पानी सप्लाई बाधित रही।*

### शाहजहांनाबाद में गंदे पानी सप्लाई की शिकायत

*पुराने शहर के शाहजहांनाबाद स्थित संजय नगर इलाके में नलों से गंदा और बदबूदार पानी आने की शिकायत सामने आई है। लोगों का कहना है कि वे पिछले कई दिनों से मटमैला पानी घरों में पहुंच रहा है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।*

---

प्रगणक परिवार के मुखिया से पूछेंगे 33 सवाल, देना पड़ेगा मोबाइल नंबर

## जनगणना का आगाज, फील्ड में उतरे प्रगणक, मकान नंबरों का मिलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 15 साल बाद शुक्रवार से जनगणना के तहत मकानों की गिनती शुरू कर दी गई है। जिसके तहत पहले दिन राजधानी में पांच हजार से अधिक प्रगणकों ने फील्ड में उतरकर लाल स्याही वाले नंबरों का वेरिफिकेशन किया। इसके तीन दिन बाद ऑनलाइन फीडिंग का काम शुरु कर दिया जाएगा। प्रगणक परिवार के मुखिया से 33 सवाल पूछेंगे, जिनके जवाब देना जरूरी होगा। इसके साथ परिवार में से किसी का मोबाइल नंबर भी देना पड़ेगा।

शुक्रवार को राजधानी में प्रगणकों ने अपने ब्लॉक वाले मकानों को मौके पर जाकर देखा। इन मकानों को सैटेलाइट इमैज में यूनिक नंबर के साथ दर्ज किया जाएगा। जिसके लिए प्रगणकों ने मकानों की नंबरिंग पहले से कर ली है। आई कार्ड मिलने के बाद 3 मई से सेंसस ऐप पर मकानों की फीडिंग शुरु कर दी जाएगी।

*तीन दिन बाद ऑनलाइन फीडिंग होगी शुरू*



### एक कर्मचारी पर 200 घरों की जिम्मेदारी

*जिला जनगणना अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि मकानों की गणना का काम शुरु कर दिया गया है। प्रगणकों को एचएल यानी ब्लॉक के 200 घरों की गणना करते हुए 33 सवाल पूछने हैं, अभी जहां उन्हें मकान गणना करनी है। उसका एरिया आवंटन किया जा रहा है। इसके बाद प्रगणक मकानों की मार्किंग करेंगे।*

---

कोर्ट में पेश कर पुलिस ने लिया तीन दिन की रिमांड पर

## आईपीएस के फर्जी हस्ताक्षर कर सिक्योरिटी एजेंसी का ठेका लेने वाला एडवोकेट गिरफ्तार

» *संस्कृति संचालनालय की एक महिलाकर्मी की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने आईपीएस के फर्जी हस्ताक्षर कर संस्कृति संचालनालय में फर्जी बिल लगाकर करोड़ों का गबन करने वाले एडवोकेट राजकुमार पांडे को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया। वहां से तीन दिन की रिमांड पर लिया गया है। प्राथमिक पूछताछ में एक संस्कृति संचालनालय की एक महिलाकर्मी की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। पुलिस रिमांड के दौरान महिला की संलिप्तता के बारे में पूछताछ करेगी। साथ ही परिवार के अकाउंट नंबर में ट्रांसफर हुए पैसों के बारे में भी पुलिस पूछताछ करेगी। पुलिस के अनुसार राजकुमार पांडे का संस्कृति विभाग में सिक्योरिटी का ठेका था। ठेका लेने के बाद उसने सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराए थे। बाद में लाइसेंस की समय सीमा समाप्त हो गई। उसे लाइसेंस रिन्युव करवाना था, लेकिन उसने लायइसेंस रिन्यु करवाने की जगह तत्काल आईपीएस अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर लाइसेंस लगा दिया और जालसाजीपूर्वक फिर ठेका ले लिया। ठेका लेने के बाद संस्कृति संचालनालय में बिल लगाकर मिलने वाला भुगतान वह अपने रिश्तेदारों के खातों में ले रहा था।

---

परेशान होकर सैकड़ों लोगों ने टिकट कराए कैंसिल

## 10 से 15 घंटे तक की देरी से चल रही स्पेशल ट्रेनें, यात्री गर्मी एवं उमस से हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूलों की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे की चलाई स्पेशल ट्रेन देरी से चल रही है। यात्री गर्मी और उमस में 15 घंटे तक की देरी के बाद गंतव्य तक पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भोपाल आने वाली ट्रेनें करीब 15 घंटे तक की देरी से आई। तो वहीं पिछले तीन-चार दिनों से ट्रेनों की देरी से आने का सिलसिला जारी है। इसके चलते सैकड़ों लोगों ने अपने टिकट तक निरस्त करा लिए।

**यह ट्रेनें पहुंची देरी से**

- 01080 गोरखपुर-मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस 14:50 घंटे लेट आई
- 01415 पुणे - गोरखपुर स्पेशल ट्रेन 10:51 घंटे लेट आई
- 11072 कामायनी एक्सप्रेस 4:50 घंटे देरी से आई
- 14116 प्रयागराज - डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 3:57 घंटे लेट आई
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 3:24 घंटे लेट आई
- 22710- हजूर साहिब नान्देड साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 2:30 घंटे लेट आई
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 0:26 घंटे लेट आई
- 12138 पंजाब मेल 1:37 घंटे लेट आई
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 0.30 मिनट लेट आई
- 12198 ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस 1:10 मिनट लेट आई
- 20424 पातालकोट 0.40 मिनट लेट आई
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 0:34 मिनट लेट आई
- 12186 रेवांचल एक्सप्रेस 0:34 मिनट लेट आई
- 15029 - पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस 0:39 मिनट लेट आई

---

## एम्सः बुजुर्ग महिला को मिला नया जीवनः इंट्राथीकल बैक्लोफेन पंप से मिली असहनीय दर्द से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ललितपुर उत्तर प्रदेश की रहने वाली 65 वर्षीय महिला रीढ़ की हड्डी में चोट लगने के बाद स्पास्टिक पैराप्लेजिया नामक गंभीर समस्या से जूझ रही थी। इस स्थिति में मांसपेशियां बार-बार अनियंत्रित रूप से जकड़ जाती हैं, जिससे अत्यधिक दर्द होता है।

हालत इतनी गंभीर थी कि उन्हें न दिन में आराम मिल रहा था और न ही रात में नींद। परिवार ने कई जगह इलाज कराया, दवाइयां बदली और खुराक बढ़ाई, लेकिन कोई खास फायदा नहीं हुआ। लगातार दर्द के कारण न सिर्फ मरीज, बल्कि उनके परिजन भी मानसिक रूप से बेहद परेशान हो चुके थे। आखिरकार जब मरीज एम्स भोपाल पहुंची, तो दर्द चिकित्सा यूनिट के विशेषज्ञ डॉ. अनुज जैन के नेतृत्व में और न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ. सुमित राज के सहयोग से उनकी जांच की गई। डॉक्टरों ने उनके लिए इंट्राथीकल बैक्लोफेन थेरेपी नामक उन्नत उपचार का सुझाव दिया। डॉ. अनुज जैन ने बताया कि यह थेरेपी उन मरीजों के लिए बेहद कारगर है, जिन्हें सामान्य दवाओं से राहत नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि जब इलाज उपलब्ध है, तो किसी भी मरीज को लंबे समय तक दर्द सहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। वहीं डॉ. सुमित राज ने इस सफलता का श्रेय टीमवर्क को देते हुए कहा कि दर्द चिकित्सा यूनिट और न्यूरोसर्जरी विभाग के समन्वित प्रयास से ही यह संभव हो पाया। इस उपचार के बाद मरीज अब दर्द और मांसपेशियों की जकड़न से मुक्त हैं। उन्हें सामान्य रूप से नींद आने लगी है।

---

### जो डॉक्टर्स हड़ताल पर जाएं, उनके निरस्त किए जाएं समर वैकशन

**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में डीन के पत्र से डॉक्टरों में हड़कंप मच गया है। दरअसल, डीन कार्यालय ने 10 मई से हड़ताल पर जाने वाले डॉक्टरों का समर वैकेशन निरस्त करने का आदेश जारी किए है। डीन के पत्र पर मप्र मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) का कहना है कि फिलहाल किसी हड़ताल की घोषणा नहीं की गई है। पत्र में कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में मरीजों की सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे अपने स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। बतादें कि डीन कार्यलय से 28 अप्रैल को जारी आदेश में कहा है कि 10 मई को प्रस्तावित हड़ताल के मद्देनजर यदि कोई डॉक्टर ड्यूटी से अनुपस्थित रहता है, तो उसका समर वैकेशन निरस्त माना जाएगा।

---

## कांग्रेस में ‘गुरु-चेले’ की नोकझोंक के बाद डैमेज कंट्रोल, दिग्विजय सिंह से मिलने पहुंचे जीतू पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर शुरू हुआ विवाद अब सियासी सुर्खियों में है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मंच से ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर सवाल उठाते हुए तीखी टिप्पणी की, जिसके बाद दोनों नेताओं के बीच बयानबाजी चर्चा का विषय बन गई। दिग्विजय सिंह ने एससी विभाग की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में वाल्मीकि और बसोड़ समाज का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जितनी पकड़ जीतू पटवारी की ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी में है, उतनी किसी और पीसीसी अध्यक्ष की नहीं है। सिंह ने कहा कि मेरे चेले हो वहीं,



जीतू ने भी मंच से जवाब देते हुए कहा कि चेला तो मैं आपका ही हूं। वीडियो वायरल होने के बाद मामले को शांत करने के लिए जीतू पटवारी सीधे दिग्विजय सिंह के भोपाल स्थित निवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में करीब 45 मिनट तक मुलाकात चली। इस मुलाकात को पार्टी के अंदर बढ़ते विवाद को थामने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। फिलहाल कांग्रेस की ओर से इस मुलाकात को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

---

## विश्व मजदूर दिवस पर मजदूर एवं कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन व सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में विभिन्न श्रमिक संगठनों सैकड़ों मजदूर, कामगार, कर्मचारी ,अधिकारी जहांगीराबाद स्थित नीलम पार्क भोपाल में एकत्रित हुए। उन्होंने दुनिया के मेहनतकशों एक हो, शिकागो के अमर शहीदों को लाल सलाम, अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस जिंदाबाद आदि इंकलाबी नारों के साथ शिकागो के अमर शहीदों को याद किया। इस मौके पर एटक, सीटू, एआईयूटीयूसी,बैंक, बीमा, केंद्र, राज्य, बीएसएनएल ,मेडिकल रिप्रजेंटेटिव, पेंशनर्स एसोसिएशंस, हम्माल मजदूर सभा ,आंगनवाड़ी, लेखक, संस्कृति कर्मी, रंगकर्मी, किसान, महिला, छात्र, नौजवान मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल रंग-बिरंगे लाल रंग के



पोस्टर्स, बैनर एवं प्ले कार्ड्स से रंगीन एवं कलरफुल नजर आ रहा था। मेहनतकशों की लाल रंग की ड्रेस आकर्षण का केंद्र थी। उत्साही एवं इंकलाबी मेहनतकशों ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस एवं अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर प्रभावी प्रदर्शन किया। इसके बाद नीलम पार्क के अंदर ही इंकलाबी रैली निकाली। प्रदर्शन के पश्चात प्रदर्शन स्थल पर ही एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को वी केशर्मा, एसएस मौर्या, विनोद लोगरिया, यशवंत पुरोहित, दीपक रत्न शर्मा आदि ने संबोधित किया।

---

### महिला अधिकारी ने मांगा ‘दो चांटे मारने वाले असिस्टेंट’

**भोपाल।** राजधानी में एक महिला अधिकारी की सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गवर्नमेंट प्रेस में पदस्थ एडिशनल कंट्रोलर लक्ष्मी गामड़ की एक फेसबुक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें उन्होंने दो चांटे मारने वाले असिस्टेंट की जरूरत बताई है। वायरल पोस्ट में अधिकारी ने लिखा कि उन्हें ऐसे असिस्टेंट की आवश्यकता है, जो जरूरत पड़ने पर उनकी ओर से सामने वाले को दो चमाट लगा सके। साथ ही यह भी लिखा गया कि वैकेंसी ओपन है और योग्यता बाद में बताई जाएगी। हालांकि, इस पूरे मामले में अब तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

---

10 मई तक चलाया जा रहा हेलमेट विशेष चैकिंग अभियान

26 से 30 अप्रैल तक भोपाल पुलिस ने कुल-2229 चालान बनाए

## भेल क्षेत्र में पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर की हेलमेट चैकिंग, बिना हेलमेट वाले यहां-वहां भागते नजर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसों और दोपहिया चालकों की लापरवाही को देखते हुए पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) के निर्देश पर हेलमेट विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान हेलमेट नहीं पहनने वाले चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की, साथ ही बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन तक की कार्रवाई के लिए भी वाहन चालकों को समझाइश दी। यह चैकिंग अभियान 10 मई तक चलाया जाएगा। 26 से 30 अप्रैल तक भोपाल पुलिस ने कुल-2229 चालान बनाया, साथ 5,34,300 रुपए समन शुल्क के रूप में जमा कराया गया। इनमें 1305 चलान के हेलमेट धारण नहीं करने वाले वाहन चालक के है। शुक्रवार को भी करीब 270 लोगों पर चालानी कार्रवाई की।



गोविंदपुरा थाने के सामने चैकिंग करती पुलिस।

**वाहन चालकों को समझाइश दी**

राजधानी भोपाल में शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर बिना हेलमेट पहने वाले दो पहिया वाहन चालकों को रोका और उन्हें समझाइश दी, साथ ही चालानी कार्रवाई भी की। शुक्रवार शाम को भेल क्षेत्र के गोविंदपुरा थाना के सामने पुलिस टीम ने बैरिकेड्स लगाकर बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को रोक और चालान बनाया। इस दौरान कई वाहन चालक पुलिस द्वारा हेलमेट चैकिंग देख कर यहां-वहां से भागते नजर आए। कई वाहन चालकों को पुलिस ने दौड़ कर पकड़ा और हेलमेट पहनने के लिए समझाइश भी दी। इधर, रायसेन रोड पिपलानी में भी पुलिस ने चैकिंग पॉइंट बनाया और चालानी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालक कार्रवाई से बचने के लिए बहाना बनाने लगे । ज्ञात हो कि लगातार सड़क हादसों में बिना हेलमेट पहने वाले वाहन चालकों की मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके बावजूद लोग हेलमेट पहनने के लिए जागरूक नहीं हो रहे हैं।

### चालानी कार्रवाई हेलमेट पहनाने का जरिया

हम वाहन चालकों को दुर्घटना में होने वाली मौते से बचाने के लिए हेलमेट पहने के लिए जागरूक कर रहे हैं, वैसे तो लोगों को स्वयं ही हेलमेट पहन कर वाहना चलाना चाहिए। चालानी कार्रवाई तो मात्र हेलमेट पहन कर वाहन चलाने का जरिया मात्र है। हादसों में सबसे ज्यादा मौतें सिर में चोट लगने से होती है। अगर वाहन चालक हेलमेट पहन कर वाहन चलाएगा तो यह आंकड़ा कम हो सकता है।

**बसंत कोल, एडिशनल डीसीपी, भोपाल ट्रैफिक पुलिस**

# मानव संग्रहालय में सजी 'मां' की ममता और संवेदनाओं की रंगमयी दुनिया

## मानव संग्रहालय में 'मां- अ हार्टबीट ऑफ एवरी होम' कला प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'मां' की उस शाश्वत भावना को समर्पित है, जो केवल एक शब्द नहीं बल्कि स्मृतियों, स्नेह और जीवन की मौन शक्ति का प्रतीक है.... मां के ऐसे ही व्यक्तित को दर्शाती मां – अ हार्टबीट ऑफ एवरी होम प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को मानव संग्रहालय में हुआ। प्रदर्शनी में देशभर के विभिन्न कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कलाकृतियों के माध्यम से मातृत्व के विविध आयाम प्रेम, त्याग, स्नेह, संरक्षण और संघर्ष को सजीव रूप में अभिव्यक्त किया गया है।



मानव संग्रहालय में प्रदर्शनी के शुभारंभ पर अपने विचार व्यक्त करते वक्ता।


मानव संग्रहालय में प्रदर्शनी में लगे चित्रों को कैमरे में कैद करती एक युवती।

### हर व्यक्ति मातृत्व के गहरे संबंध को कर सके महसूस

प्रदर्शनी की क्यूरेटर एवं लिखन्दरा आर्ट सोसाइटी की संस्थापक डॉ. अंकिता जैन ने कहा, अपनी मां को खोने के व्यक्तिगत अनुभव ने मुझे एक ऐसा मंच तैयार करने के लिए प्रेरित किया, जहां हर व्यक्ति मातृत्व के इस गहरे संबंध को महसूस कर सके।

### अविवाहित हूं, लेकिन मां की भावनाओं को बखूबी समझती हूं



आर्टिस्ट रीमा गुप्ता ने बताया कि भले ही मैं अविवाहित हूं। लेकिन मां की भावनाओं को गहराई से समझती हूं। मेरी आज की पेंटिंग जानवरों की मातृत्व भावना को समर्पित है। मेरे पाली हुई बिल्ली और असके बच्चे की ध्यान में रखकर बनाई आज की पेंटिंग।

### बचपन में पैसे के अभाव में कोयले से बनाए मां के चित्र



आर्टिस्ट जय सोनी ने बताया कि मजबूरियों ने मुझे कलाकार बनाया। बचपन में कोयले से चित्र बनाया करते था, क्योंकि रंग खरीदने के लिए पैसे नहीं होते थे। मैने अपनी पेंटिंग में मां के तीन रूपों को प्रस्तुत किया है—मां दुर्गा, मां काली और मेरी अपनी मां, जो शक्ति और ममता का प्रतीक हैं। पेंटिंग में मां अपने बच्चे को आंचल में लिए हुए दिखाई गई है, जबकि उसकी परछाई में मां दुर्गा और मां काली के स्वरूप उभरते हैं, जो शक्ति और संरक्षण का प्रतीक हैं।

### बचपन में पेंटिंग की वजह से पड़ी डांट



पेशे से टीचर आर्टिस्ट गरिमा मथनिया ने कहा, स्कूल में हिंदी की कक्षा के दौरान जब मैं पेंटिंग बना रही थीं, तब डांट और मार भी पड़ी थी, लेकिन उसी दिन से कला के प्रति उनका जुनून और गहरा होता गया। तब से लेकर आज तक लगातार पेंटिंग बना रही हूं। चूंकि मां हमेशा अपने बच्चे को सीने से लगाकर रखती है, इसलिए मैने अपने चित्र में मां की इसी ममता को दर्शाया।



### अपनी मां को देखकर उसी आधार पर यह चित्र बनाया

आर्टिस्ट रेखा प्रजापति ने कहा पिछले 20 वर्षों से पेंटिंग कर रही हूं, आज की पेंटिंग मेरी मां को समर्पित है। इस पेंटिंग की खासियत यह है कि दुनिया की हर मां अपने बच्चों के लिए एक ऐसी छाया होती है, जो हर दुख सहकर भी उनके जीवन में खुशियां भरती है। मैने अपनी मां को देखा बस उसी आधार पर मैने यह पेंटिंग उन्हें डेडीकेटेड करते हुए बनाई है।

---

## नेक्स्ट जेन टैलेंट समिट 2026 : सुर, ताल और नृत्य में झलकी भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत

# 138 प्रतिभागियों ने मंच पर जीवंत की भारतीय सांस्कृतिक विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय कला एवं संस्कृति पर केनद्रित नेक्स्ट जेन टैलेंट समिट 2026, रवींद्र भवन में शुरू हो गया। इस आयोजन में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 250 में से 138 प्रतिभागियों ने शास्त्रीय नृत्य, गायन, वादन सहित भारतीय कला एवं संस्कृति की विविध विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सुबह से शुरू हुए सत्र में अलग अलग ऐज ग्रुप में शास्त्रीय नृत्य। शास्त्रीय वादन, गायन सहित फोक डांस की मनभावन प्रस्तुति का उचित संयोजन देखने को मिला।



### रोनू मजूमदार की बांसुरी ने किया मंत्रमुग्ध

वहीं, शाम की बेला में आयोजित युवा महोत्सव में प्रसिद्ध बांसुरी वादक रोनू मजूमदार ने बांसुरी पर राग गोरख कल्याण में रूपक ताल में निबद्ध विलंबित स्वरचित बंदिश प्रस्तुत की। इसके बाद द्रुत तीन ताल में एक बंदिश प्रस्तुत की।



### नैना अपने पिया से लगा आई रे...

शहर की प्रसिद्ध गायिका सुलेखा भट्ट ने द्रुत बंदिश - तीन ताल में अब तो मोरी मानो सांवरिया को प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। इसके बाद सुलेखा ने राग वाचस्पति बंदिश संवारिया मन भाया... के बाद अमीर खुसरो का एक सूफ़ी गीत नैना अपने पिया से लगा आई रे प्रस्तुत किया।

### रागदारी संगीत की परंपरा को किया प्रस्तुत

शास्त्रीय गायन में श्वेता पुराणिक जोशी ने रागदारी संगीत की परंपरा को प्रस्तुत करते हुए विलंबित एवं द्रुत ख्याल में स्वर, आलाप, तान और भाव का उत्कृष्ट संयोजन प्रस्तुत किया।

### तबले पर तीन ताल एवं झपताल में पेशकार

तबला एकल प्रस्तुति में संकेत जोशी ने तीन ताल एवं झपताल में पेशकार, कायदा, रेला एवं रागों के माध्यम से अपनी तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया। संतूर वादन में डॉ. चंदन मंडल ने राग की विस्तारपूर्ण प्रस्तुति देते हुए मधुरता एवं तार-संतुलन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### पंजाब का भांगड़ा और गुजरात का गरबा

वहीं, लोक नृत्य की शैली में जहां एक और पंजाब का भांगड़ा और गिद्दा देखने को मिला तो वहीं दूसरी ओर राजस्थानी घूमर और गुजरात की गरबा प्रस्तुति ने भारत की एकता में अनेकता के दर्शन कराए।



### मंत्री सारंग ने किया 'भारत संस्कृति यात्रा' का शुभारंभ



रवींद्र भवन में दिनभर की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद शाम 6 बजे खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने दीप प्रज्वलन कर 'भारत संस्कृति यात्रा' का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंदुस्थान आर्ट एंड कल्चर सोसायटी देशभर के विभिन्न राज्यों के कलाकारों को वैश्विक स्तर पर मंच प्रदान करने का सराहनीय कार्य कर रही है। शुभारंभ अवसर पर हिंदी साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे, अलाउद्दीन अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर, उप निदेशक शेखर, समन्वयक डॉ. अखिलेश खंडेलवाल एवं सह समन्वयक डॉ. राजकुमार मालवीय सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### कथक नृत्य में दर्शाए मां दुर्गा के नौ स्वरूप



कार्यक्रम का समापन प्रसिद्ध नृत्यांगना संघमित्रा तायवाडे व उनकी शिष्यों ने मनभावन कथक नृत्य की प्रस्तुति से किया, जिसमें उन्होंने शिव स्तुति के रूप में ओम गुरु, ओम गुरु ओम नमः शिवाय नगेंद्र हराय... पर प्रस्तुति दी, इसके बाद उन्होंने देवी स्तुति जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी... पर दिल को छूने वाली प्रस्तुति देखकर मां दुर्गा के विराट स्वरूप के दर्शन कराए, अंतिम प्रस्तुति नव दुर्गा शक्ति नवदेवी के मंचन से हुई, जिसमें उन्होंने दुर्गा के नौ रूपों को मंच पर साकार रूप में प्रस्तुत किया।



### 15 दिवसीय अभिनय कार्यशाला का समापन

### नवोदित कलाकार हुए अभिनय की मूलभूत बारीकियों से परिचित

**भोपाल।** द राइज़िंग सोसायटी ऑफ़ आर्ट एंड कल्चर द्वारा आयोजित 15 दिवसीय अभिनय कार्यशाला का समापन उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों के साथ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य नवोदित कलाकारों को अभिनय की मूलभूत बारीकियों से परिचित कराना था।

इसमें प्रतिभागियों को मंच पर खड़े होने, संवाद अदायगी, चरित्र चित्रण, बॉडी मूवमेंट, वॉइस एंड स्पीच तथा इम्प्रोवाइज़ेशन जैसी अभिनय विधाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का संचालन संगीत नाटक अकादमी के बिस्मिल्लाह ख़ां युवा पुरस्कार से सम्मानित अभिनेत्री-निर्देशिका प्रीति झा तिवारी ने किया, जबकि संदीप पाटिल ने सहायक की भूमिका निभाई और अभिनेता तानाजी ने वॉइस एंड स्पीच की विशेष मास्टर क्लास ली।

---

# स्वप्नयान में बच्चों के शब्द, लय और देह-अभिव्यक्ति का अनोखा संगम

## विहान ड्रामा वर्क्स की चिल्ड्रन थिएटर विंग की कार्यशाला में बच्चों ने सीखी बारीकियां



बच्चों ने सीखी विभिन्न गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विहान ड्रामा वर्क्स की चिल्ड्रेन थिएटर विंग स्वप्नयान में शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला का दिन शब्द, ध्वनि, लय और देह-अभिव्यक्ति को समर्पित रहा। विशेष सत्र का संचालन थिएटर कलाकार हेमंत देवलेकर ने किया, जिसमें बच्चों ने कविता, भाषा और अभिनय को रचनात्मक तरीके से अनुभव किया। सत्र की शुरुआत बाल कविताओं के सामूहिक पाठ से हुई।



### विशेष आकर्षण का केंद्र रही कविता प्रदर्शनी



हेमंत देवलेकर ने बच्चों को कहानी, कविता और उपन्यास जैसी साहित्यिक विधाओं से परिचित कराते हुए किताबों के महत्व पर चर्चा की। बच्चों ने विभिन्न प्रकार की पुस्तकों और उनकी उपयोगिता को समझा। कार्यशाला का विशेष आकर्षण कविता प्रदर्शनी रही, जहाँ इंस्टॉलेशन के माध्यम से कविताओं को देखने और महसूस करने का अनूठा अनुभव मिला।

### आज से इंडिपेंडेंट सिनेमा के साथ मल्टी-आर्ट फेस्टिवल 'सिनेकारी'

**भोपाल।** मल्टी-आर्ट फेस्टिवल 'सिनेकारी' के 8वें संस्करण का आयोजन 2 और 3 मई को आलियांस फ्रांसिस में होगा। यह उत्सव इस मायने में खास है कि इंडिपेंडेंट फिल्म निर्माण, फिल्मकारों व अन्य कलाओं तथा कलाकारों की रचनात्मकता केंद्रित यह पहला और प्रमुख मंच है जो साल 2019 से आयोजित हो रहा है। इस बार यह दो दिन आयोजन होगा जिसमें पहले दिन सुदीप सोहनी द्वारा निर्देशित फिल्म 'जग्गू और मागाहारी' का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन के दूसरे दिन सुबह के सत्र में नेशनल अवार्ड विनिंग फिल्मकार राजेन्द्र जांगले 'सिनेमैटिक फ्रेम्स' में अपनी फिल्मों के कोलाज पर चर्चा करेंगे।

### दुष्यंत संग्रहालय में निराला सृजन पीठ का गीत पाठशाला का आयोजन

# दरवाजे तो बहुत मिले, पर अपना घर नहीं मिला....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में शुक्रवार को निराला सृजन पीठ द्वारा गीत पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के अनेक कवि-कवयित्रियों ने शिरकत की और रचना पाठ किया। इनमें राजेन्द्र शर्मा 'अक्षर' ने कविता पाठ किया। उन्होंने निराला सृजन पीठ के पूर्व निदेशक स्व. दिवाकर वर्मा को उनके गीतों के माध्यम से स्मरण करते हुए मधुर शर्मा द्वारा दिवाकर के गीतों की सांगीतिक प्रस्तुति दी।

*देखे तो उम्र भर मगर*
*सपना सुंदर नहीं मिला*
*दरवाजे तो बहुत मिले*
*पर अपना घर नहीं मिला*



### दिवाकर ने अपनी पंक्तियों को जीया है...

निदेशक निराला सृजन डॉ. साधना बलवटे ने प्रस्तावना वक्तव्य में कहा कि दिवाकर ने अपनी लिखी पंक्तियों को जीया है, सूर्य के वंशज हम धूप ही उगाते हैं लिखने वाले दिवाकर जी सदैव सूर्य की तरह प्रकाशमान साहित्य रचते रहे।

**रामवल्लभ आचार्य ने ये पंक्तियां पढ़ी...**

छंदों के आराधक गीत के गुलाम हम।
प्राणों में पली पुसी प्रीत के प्रणाम हम।

**यतींद्र नाथ राही जीने पढ़ा**

है संभव नहीं मैं बांध पाऊं
और उस विराट को पाऊं।

### आज हमारे घर में मां बापूजी...

ऋषि कुमार मिश्रा ने पढ़ा, आज हमारे घर में मां बापूजी पधारे हैं, ऐसा लगा कि मेरे घर में तीरथ सारे हैं। राम सेंगर ने पढ़ा, बुझे चूल्हे का ईंधन जुटाने में सूरज डूबा जाता है। ममता वाजपेई ने पढ़ा, घर की छत बेचैन बहुत है दीवारों की भाषा सुनकर।

***डॉ. मधु शुक्ला की पंक्तियां थी***
*देखे इन आंखों ने कितने,*
*तीखे- मीठे खारे दिन।*
*सोच रहें हैं गुमसुम बैठे,*
*देहरी और दुआरे दिन।*

### एलएनसीटी के विद्यार्थियों का पचमढ़ी में चल रहा 5 दिन का विशेष लीडरशिप कैंप



# स्टूडेंट सीख रहे अनुशासन के साथ कैसे बढ़े नेतृत्व क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, भोपाल के स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन द्वारा 5 दिवसीय विशेष लीडरशिप कैंप का आयोजन 29 अप्रैल से 3 मई तक पचमढ़ी में किया जा रहा है। इस कैंप में बी.पी.ई.एस. एवं एम.पी.ई.एस. के लगभग 70 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

इस कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना, टीमवर्क की भावना को सुदृढ़ करना, अनुशासन को बढ़ावा देना तथा आत्मविश्वास को मजबूत बनाना है। साथ ही, छात्रों को कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने, समस्या समाधान करने एवं समूह में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए तैयार करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है।कैंप में प्रतिभागियों के लिए विभिन्न शारीरिक, मानसिक एवं साहसिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें मॉर्निंग फिजिकल ट्रेनिंग, योग एवं ध्यान, फ्लैग होस्टिंग, टेंट क्लीनलिनेस, ग्रुप टास्क, लीडरशिप गेम्स, हाइकिंग/ट्रैकिंग, कैंप फायर, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लीडर्स मीटिंग शामिल हैं। विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

### कैंप में सुबह 6 से रात 11 बजे तक विभिन्न गतिविधियां

कैंप के लिए एक सुव्यवस्थित दैनिक कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिसमें सुबह 6:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। प्रतिभागियों को अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हो रहा है। यह कैंप पंकज कुमार जैन, स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी ग्रुप, के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया है।

# राजा शिवाजी में निभाया है जीवा माहाला का किरदार

शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित फिल्म राजा शिवाजी रिलीज हुई। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक खास किरदार निभाया है? यह किरदार फिल्म में बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसके बिना फिल्म बनाना मुमकिन नहीं था। सलमान खान ने मराठी फिल्म राजा शिवाजी में एक अहम किरदार निभाया है। यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज हुई है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सलमान खान के किरदार से अब पर्दा उठ चुका है। सलमान खान ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में उनका लुक भी शानदार है। वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था। फिल्म राजा शिवाजी में रितेश देशमुख और सलमान खान के अलावा कई और बॉलीवुड एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्ते, विद्या बालन, बोमन ईरानी जैसे कई एक्टर्स भी शामिल हैं। रितेश देशमुख ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है। यह फिल्म भारत के महानतम योद्धा और राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। कैसे उन्होंने मुगलों से लोहा लिया और 'स्वराज्य' की नींव रखी। फिल्म में कमाल के एक्शन सीन्स हैं, साथ ही वीएफएक्स का भी अच्छा इस्तेमाल किया गया है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित मराठी फिल्म राजा शिवाजी भी रिलीज हुई। राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और स्वराज्य हासिल करने की अमर गाथा को फिल्म 'राजा शिवाजी' में दिखाया है। फिल्म में रितेश देशमुख मराठा सम्राट शिवाजी की भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर अच्छा खासा क्रेज देखा गया। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'राजा शिवाजी' ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की है। पहले दिन ही यह फिल्म 5.34 करोड़ की कमाई करने में कामयाब रही है। इस कमाई में मराठी और हिंदी दोनों वर्जन की कमाई शामिल है। राजा शिवाजी के मराठी वर्जन ने 4.05 कमाए तो हिंदी वर्जन ने 1.29 करोड़ रुपए अपने खाते में जमा किए हैं। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक कैमियो किया है। उनके किरदार की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है। सलमान खान ने फिल्म राजा शिवाजी में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज के एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था।



## हॉलीवुड मसाला



### द डेविल वियर्स प्राडा 2 में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह एक खास डबल स्टार सेरेमनी रही, जो लॉस एंजेलिस में आयोजित की गई। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। फिल्म में स्टेनली टुकी, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट अहम किरदारों में नजर आईं हैं। फिल्म रिलीज के बाद स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह स्टार उन कलाकारों को दिया जाता है जिन्होंने फिल्मों, टीवी, रेडियो, म्यूजिक या थिएटर में बेहतरीन काम किया हो। इस लिस्ट में पहले भी हैरिसन फोर्ड, मैरिलिन मुनरो, माइकल जैक्सन, टॉम हैंक्स और ड्वेन जॉनसन जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



### सिक्योरिटी ने ऑस्कर अवॉर्ड को समझा हथियार

**लॉस एंजिल्स।** रूस के फिल्ममेकर पाशा तलांकिन ने इस साल बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड जीता था। उन्हें मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन के लिए ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था, लेकिन हाल ही में एक अजीब और चौंकाने वाली घटना हुई। उन्हें न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी ने अवॉर्ड के साथ फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया। बताया गया कि सिक्योरिटी अधिकारियों ने ऑस्कर ट्रॉफी को हथियार समझ लिया। यह ट्रॉफी करीब 3.8 किलो की होती है। तलांकिन ने कहा कि वह मार्च में अवॉर्ड जीतने के बाद कई बार फ्लाइट में इसे साथ ले जा चुके हैं, लेकिन पहले कभी कोई समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि आखिर ऑस्कर को हथियार कैसे माना जा सकता है। एयरलाइन के एक कर्मचारी ने मदद की कोशिश भी की, लेकिन सिक्योरिटी ने कोई भी बात मानने से इनकार कर दिया। आखिरकार, मजबूरी में तलांकिन को अपनी ट्रॉफी कार्गो में भेजनी पड़ी। एयरलाइन स्टाफ ने इसे बॉक्स में पैक कर भेजा, लेकिन जब वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो उनका ऑस्कर वहां नहीं मिला।



### प्रेगनेंसी के बीच शुरू की किंग की शूटिंग


**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेगनेंसी की पुष्टि की है। प्रेगनेंसी के दौरान भी दीपिका अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग जारी रखने वाली हैं। बहरहाल, इन दिनों दीपिका अभिनेता शाहरुख के साथ फिल्म 'किंग' की शूटिंग साउथ अफ्रीका में कर रही हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। अभी दीपिका पादुकोण साउथ अफ्रीका के केप टाउन में शाहरुख खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें और वीडियो लीक होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों में दीपिका और शाहरुख दोनों हाथ में हाथ डालकर एक गाने की शूटिंग करते दिख रहे हैं।



### बच्चों की परवरिश मिलकर करेंगे

**नई दिल्ली।** 'ये जवानी है दीवानी' फेम एक्ट्रेस एवलिन शर्मा के चाहने वालों के लिए एक दुखभरी खबर है। जर्मनी में पैदा हुई एक्ट्रेस ने शादी के 5 साल बाद पति से अलग होने लेने का फैसला किया है। 39 साल की एवलिन दो बच्चों की मां भी हैं। एक्ट्रेस ने साल 2021 में डेंटल सर्जन और एंटरप्रेन्योर तुषान भिंडी से शादी की थी। एक-दूसरे का सम्मान करते हुए दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। जबकि आगे वह साथ मिलकर अपने बच्चों की परवरिश करेंगे। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में लारा के रोल में सुर्खियां बटोरने वाली एवलिन ने पति से अलग होने की पुष्टि की है। हम अलग हो रहे हैं, लेकिन अपने बच्चों की मिलकर परवरिश करने पर पूरी तरह से ध्यान दे रहे हैं। यह अलगाव जितना हो सके, उतना सौहार्दपूर्ण है।

## टीवी मसाला




### पलक-राशि की सीरीज लुक्खे का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** पलक तिवारी और राशि खन्ना की नई सीरीज 'लुक्खे' का ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है। सीरीज में शिवांकित सिंह परिहार भी हैं, जो टीवीएफ की कई सीरीज का हिस्सा रह चुके हैं। श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी पिछली बार सलमान खान स्टारर 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई थीं, और अब उनकी सीरीज 'लुक्खे' आ रही है। हाल ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया, जो दमदार है। सीरीज में रैपर-सॉन्गराइटर किंग के अलावा राशि खन्ना,लक्ष्वीर सरन, शिवांकित सिंह परिहार और नकुल रोशन सहदेव जैसे कलाकार भी हैं। ट्रेलर काफी ग्रिपिंग है और फैंस के बीच चर्चा बटोर रहा है। इस सीरीज के जरिए पलक तिवारी ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। सीरीज 'लुक्खे' के ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है- म्यूजिक से फेम मिलेगा, ड्रग्स से पैसा और पावर, फिर देखना ये सिस्टम भी हमें टच नहीं कर पाएगा। जिसका नाम है, वो ही बदनाम है, और जो बदनाम है, आज उसी का नाम होगा।...फिर एंट्री होती है रैपर किंग की...इसके बाद पंजाब के अंडरग्राउंड रैप की दुनिया, जुर्म और दो रैपर्स के बीच तगड़ी रायवलरी दिखाई जाती है, जो धीरे-धीरे एक हिंसक प्रतिशोध में बदल जाती है। 'लुक्खे' की कहानी लक्ष्वीर सिंह सरन नाम के एक युवा खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के मकसद से पंजाब के खतरनाक अंडरग्राउंड रैप की दुनिया में एंट्री करता है।

### फलक ने वीडियो डिलीट कर दी सफाई

**नई दिल्ली।** हाल ही 'आशिकी' स्टार राहुल रॉय ने एक कंटेंट क्रिएटर के साथ कुछ रील्स बनाई थीं, जिनके कारण उनका खूब मजाक उड़ाया गया। लोग इसे उनका 'डाउनफॉल' बताने लगे थे। टीवी एक्ट्रेस फलक नाज ने भी राहुल रॉय का मजाक



उड़ाया था और एक्टर की रील अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी। हालांकि, बाद में फलक ने वह रील डिलीट कर दी और अब राहुल रॉय का मजाक उड़ाने पर सफाई दी है। साथ ही एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री के लोगों से राहुल रॉय का काम देने की अपील की। फलक नाज ने इस बात पर शर्मिंदगी जाहिर की कि उन्होंने राहुल रॉय की स्थिति और मजबूरी जाने बिना उनका मजाक उड़ाया। फलक ने कहा कि ऐसा कल को किसी के भी साथ हो सकता है, इसलिए उन्हें स्थिति समझ आई तो तुरंत वीडियो डिलीट कर दिया। फलक ने अब इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर सफाई दी है। फलक नाज ने वीडियो में कहा, 'कल मैंने एक वीडियो बनाई थी, एक रील मैंने डाली थी, जिसमें राहुल रॉय सर थे। मुझे पहले वीडियो देखकर लगा कि उन्होंने अपनी मर्जी से ऐसा किया है। लेकिन, शाम होते-होते मुझे पता चला कि वो जिंदगी में बहुत सी चीजों से जूझ रहे हैं। उनके फाइनेंशियल क्राइसिस चल रहे हैं। उन्हें हेल्थ इशूज चल रहे हैं।

### करीना ने शेयर की वेकेशन की तस्वीरें तैमूर और जेह की दिखी प्यारी झलक

**मुंबई।** करीना कपूर खान ने अपने वेकेशन के दौरान की शानदार तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में तैमूर और जेह की प्यारी झलक देखकर फैंस बेहद खुश हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच करीना ने अपने दोनों बेटों तैमूर अली खान और जेह अली खान के साथ



परिवार की खुशी के पल साझा किए हैं। करीना ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा 'पुराने जमाने की सुबह। दूसरी स्टोरी में उन्होंने लिखा 'गुड मॉर्निंग'। पहली तस्वीर में एक सुंदर गलियारा दिख रहा है, जिसमें सफेद खंभे, पुरानी स्टाइल की कुर्सियां नजर आ रही हैं। यह देखने में बहुत शानदार और राजसी लग रहा है। दूसरी तस्वीर में तैमूर और जेह खुले आंगन में एक साथ खड़े होकर सुबह का मजा ले रहे हैं। करीना कपूर और सैफ अली खान ने 16 अक्तूबर 2012 को मुंबई में एक निजी समारोह में शादी की थी। 5 साल तक डेटिंग और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद, इस कपल ने शादी का फैसला किया। करीना और सैफ के दो बेटे हैं- तैमूर और जहांगीर। बड़े बेटे तैमूर अली खान का जन्म दिसंबर 2016 में हुआ था। छोटा बेटे जहांगीर अली खान (जेह) का जन्म फरवरी 2021 में हुआ था। करीना कपूर खान अब फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ और पृथ्वीराज सुकुमारन की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

### 3 फिल्मों के बीच होगा महा क्लैश

**नई दिल्ली।** साल 2026 का पहले क्वार्टर का सफर समाप्त हो गया है और अप्रैल से दूसरे क्वार्टर का दौर शुरू हो गया है, जो अप्रैल से लेकर जून तक चलेगा। जल्द ही अप्रैल समाप्त होगा और मई-जून आएगा। साल के सेकेंड क्वार्टर का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि, जून 2026 में कई शानदार फिल्में रिलीज की जानी है। इस मामले में तीन मूवीज ऐसी हैं, जिनके बीच बॉक्स ऑफिस पर भिड़ंत देखने को मिलेगी।

#### पेड्डी

इस लिस्ट में पहला नाम साउथ सुपरस्टार राम चरण चरण की मोस्ट अवेटेड मूवी पेड्डी का शामिल हो रहा है। एक्शन और स्पोर्ट्स ड्रामा थ्रिलर के तौर पर हर कोई पेड्डी की रिलीज का इंतजार कर रहा है। पहले ये फिल्म 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में इसकी रिलीज डेट में बदलाव किया गया है और अब राम चरण की ये मूवी 25 जून को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।

#### जून में दिखेगा बॉलीवुड और साउथ का संग्राम




#### वेलकम टू द जंगल

करीब 3 साल से अक्षय कुमार स्टारर कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल रिलीज की राह देख रही है। मल्टी स्टारर इस मूवी का डायरेक्शन अहमद खान ने किया है। गौर करें वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट की तरफ तो इसे 26 जून को दुनियाभर के थिएटर्स में प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय के अलावा इस मूवी में सुनील शेट्टी, परेश रावल, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी और श्रेयस तलपडे जैसे कई कलाकार नजर आने वाले हैं।

#### लेनिन

किस्मत जैसी शानदार साउथ मूवी से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता अखिल अक्कीनेनी को भला कौन भूल सकता है। अखिल की अगली फिल्म का नाम लेनिन है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा कुछ समय पहले ही की गई है। 26 जून को एक्शन थ्रिलर लेनिन बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस तरह से पेड्डी, वेलकम टू द जंगल और लेनिन जून के अंतिम दिनों बॉक्स ऑफिस पर आपस में टकराती हुई नजर आएंगी। ऐसे में ये देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि इनमें से कौन सी मूवी कमाई के मामले में अव्वल निकलेगी।

### इस वीकएंड जमेगा खूब रंग, घर बैठे होगा भरपूर मनोरंजन

## ओटीटी पर देखने को मिलेंगी ये मजेदार सीरीज और फिल्में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुक्रवार 01 मई को हिंदी और साउथ की कई चर्चित फिल्मों ने दस्तक दी है। सिनेमाघर जाने का भरपूर मौका है। मगर, वीकएंड पर घर बैठे कुछ देखने का मन है, तो यहां भी पिटारे में बहुत कुछ है। सिनेमाघरों में धुरंधर 2 और भूत बंगला के बाद शुक्रवार को कई और फिल्में लग गई हैं। जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' है, तो कारा, केडी, राजा शिवाजी और पैट्रियट जैसी फिल्मों के भी विकल्प हैं। इसी के साथ घर बैठे भी इस बार आपका भरपूर मनोरंजन होगा। कई चर्चित फिल्मों और सीरीज ने ओटीटी पर दस्तक दी है।

#### द केरल स्टोरी 2

सिनेमाघरों के बाद फिल्म द केरल स्टोरी 2 भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। शुक्रवार 01 मई से यह ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इसमें उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा जैसे सितारे हैं। बता दें कि फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट रहा था, जिसमें अदा शर्मा ने लीड भूमिका निभाई थी।

#### बैचमेट्स

यह एक तेलुगु वेब सीरीज है, जो इंजीनियरिंग के चार छात्रों पर आधारित है। इसमें कॉलेज लाइफ, रैगिंग के अलावा छात्र जीवन के कई अन्य पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसे 30 अप्रैल को यह जियोहॉटस्टार पर रिलीज हुई।




#### अनदेखी सीजन 4, आड़ु 3

*सीरीज अनदेखी सीजन 4 शुक्रवार 01 मई को सोनी लिव पर रिलीज हुई है। इसमें हर्ष छाया और सूर्य शर्मा लीड रोल में हैं। यह क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसके अलावा आड़ु 3 भी है, जो कि एक मलयालम भाषा की फिल्म है। इसमें जयसूर्या, विजय बाबू और सनी वेन हैं। यह कॉमेडी फैंटेसी फिल्म है।*

#### माय डियरेस्ट सेनोरीटा

*यह एक स्पेनिश फिल्म है। यह 17 अप्रैल को स्पेन में रिलीज हुई। अब इसे दर्शक ओटीटी पर भी देख सकते हैं। इसका निर्देशन फर्नांडो जी. मोलिना ने किया है। यह फिल्म 1972 में इसी नाम से बनी फिल्म पर आधारित है। फिल्म कहानी एक पारंपरिक रुढ़िवादी परिवार में जन्मी इकलौती संतान एडेला पर आधारित है। शुक्रवार 01 मई को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।*

#### ग्लोरी

अगर आपको स्पोर्ट्स पर आधारित कंटेंट पसंद है तो इस वेब सीरीज को वीकएंड पर देख सकते हैं। इसमें पुलकित सम्राट, दिव्येंदु, सुविंदर विक्की, जन्नत जुबैर, सयानी गुप्ता और आशुतोष राणा अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज आज 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह क्राइम ड्रामा सीरीज बॉक्सिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसका निर्देशन करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा ने किया है।

#### स्वैप्ड

यह एक अमेरिकी एनिमेटिड कॉमेडी फिल्म है। वीकएंड पर अगर बच्चों के साथ कुछ बढ़िया देखने का मन है तो इस फिल्म को अपनी लिस्ट में जोड़ सकते हैं। इसका निर्देशन नाथन ग्रेनो ने किया है। स्काईडांस एनिमेशन द्वारा निर्मित इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन, जूनो टेम्पल, ट्रेसी मॉर्गन, सेड्रिक द एंटरटेनर और जस्टिना मचाडो ने अपनी आवाजें दी हैं। यह शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

#### राकासा

हॉरर के शौकीन इस फिल्म को देख सकते हैं। संगीत शोभन और नयन सारिका अभिनीत तेलुगु फिल्म राकासा 03 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और खूब तारीफ बटोरीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन मानसा शर्मा ने किया। अब यह 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 8 | 2 | 6 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



लोकेश राहुल
433 रन
दिल्ली

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

# मुंबई इंडियंस को झटका, सैंटनर टूर्नामेंट से बाहर



एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

एमआई के मिशेल सैंटनर आईपीएल के दौरान कंधे में लगी चोट के कारण कम से कम एक महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच 23 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान फील्डिंग करते समय बाएं कंधे में चोट लग गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, 'सैंटनर इस सप्ताह न्यूजीलैंड लौट आए हैं और एक विशेषज्ञ से मिले, जिन्होंने बताया कि उन्हें कम से कम एक महीने के आराम और 'रिहैबिलिटेशन' की जरूरत है।'

### नहीं खेल पाएंगे आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट

सैंटनर ने आईपीएल मैच के दौरान जसप्रीत बुमराह की गेंद पर सीएसके के कार्तिक शर्मा का डाइव लगाकर कैच लिया, लेकिन इस दौरान उनके कंधे और सिर में चोट लग गई। इस कारण वह आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। एनजेडसी ने कहा, 'दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला बाद में किया जाएगा।' न्यूजीलैंड और आयरलैंड के बीच एकमात्र चार दिवसीय टेस्ट मैच 27 मई को बेलफास्ट में शुरू होगा। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स (4-8 जून), द ओवल (17-21 जून) और ट्रेंट ब्रिज (25-29 जून) में तीन टेस्ट मैच खेलेगी।

# सनराइजर्स खेमे में बदलाव, मावी की जगह अंबरीश शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग के बीच सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने अपने खेमे में बदलाव किया है। सीजन के शेष मुकाबलों के लिए शिवम मावी की जगह सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर आरएस अंबरीश को टीम में शामिल किया गया है। दाएं हाथ के मीडियम पेसर मावी ग्रोइन इंजरी (जांघ के ऊपरी हिस्से में चोट) के कारण इस सीजन से बाहर हो गए हैं, जिसके चलते एसआरएच को उनकी जगह अंबरीश को टीम में शामिल करना पड़ा। शुक्रवार को आईपीएल की तरफ से जारी बयान में कहा गया, दाएं हाथ के मीडियम पेसर और बाएं हाथ के बल्लेबाज अंबरीश 30 लाख रुपए में एसआरएच से जुड़ेंगे।

### जिम्बाब्वे और नामीबिया के खिलाफ ले चुके हैं 11 विकेट



चेन्नई के रहने वाले अंबरीश इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और नामीबिया में हुए आईसीसी मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत की जीत का हिस्सा थे, जहां वे टूर्नामेंट के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे। अंबरीश ने 11 विकेट लेकर भारत के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर टूर्नामेंट खत्म किया। इसके साथ ही टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देने की काबिलियत ने उन्हें भारतीय क्रिकेट के टैलेंट पूल में सबसे होनहार युवा खिलाड़ियों में से एक के तौर पर पहचान दिलाई।

## खबर संक्षेप

### हॉकी एशिया कप : भारत ने मकाऊ को 8-1 से हराया



**नई दिल्ली।** कप्तान गुरतेज सिंह भट्टी के 4 गोल की मदद से भारत ने बिश्केक, किर्गिस्तान में चल रहे अंडर-18 आइस हॉकी एशिया कप में मकाऊ को 8-1 से हराया। भारत ने शुरू में गोल करके दमदार शुरुआत की और उसने तीनों पीरियड में खेल पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। राजस्थान के अजय डांगी ने भारत के लिए पहला गोल किया जबकि भट्टी ने चार गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत की तरफ से इत्फिकार हुसैन, तंजीन ताशी और देवांश शर्मा ने भी एक-एक गोल किया। भट्टी ने मैच के बाद कहा, 'हमने स्पष्ट इरादे के साथ शुरुआत की और तीनों पीरियड में अपनी गति बनाए रखी। टीम ने अच्छे मौके बनाए और उनका भरपूर फायदा उठाया। यह शानदार जीत है, लेकिन हमारा ध्यान आगे के मैचों में निरंतरता बनाए रखने पर है।'

### 16 जून से हैदराबाद में रग्बी प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली।** दूसरी रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गाचीबाउली स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। जीएमआर स्पोर्ट्स इस प्रतियोगिता का आयोजन इस खेल की राष्ट्रीय संस्था रग्बी इंडिया के साथ मिलकर करेगा। इस प्रतियोगिता का पिछले साल मुंबई में आयोजन किया गया था। तब यह प्रतियोगिता रग्बी 7 प्रारुप में आयोजित की गई थी और इस बार भी इसी प्रारुप में खेली जाएगी। दूसरे सत्र में भी पहले सत्र की तरह छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी।

### कनाडा टीम के हेड कोच बने मोंटी देसाई

**टोरंटो।** क्रिकेट कनाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एसोसिएट सदस्य देशों और विभिन्न फ्रेंचाइजी लीग के साथ काम करने वाले मोंटी देसाई को अपनी राष्ट्रीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। कनाडा की टीम ने इस साल टी20 विश्व कप में भाग लिया था और उसने आईसीसी की प्रतियोगिताओं से पहले अपनी टीम को अच्छी तरह से तैयार करने के लिए यह रणनीतिक कदम उठाया है।

दिल्ली ने राजस्थान को 7 विकेट से हराया, राहुल-निसांका की आतिशी पारी

# डीसी का बड़ा रन चेज, आरआर घर में ढेर

एजेंसी ▶▶| जयपुर

दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार फॉर्म में चल रहे केएल राहुल (75 रन) और पाथुम निसांका (62 रन) के अर्धशतकों से मिली शानदार शुरुआत के दम पर शुक्रवार को आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स को 5 गेंद रहते 7 विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीन हार के बाद मिली इस जीत से 8 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई जबकि राजस्थान रॉयल्स 12 अंक से चौथे स्थान पर कायम है।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए राहुल (6 चौके, 5 छक्के) और निसांका (33 गेंद, 6 चौके, 3 छक्के) के बीच पहले विकेट के लिए 57 गेंद में 110 रन की भागीदारी के बाद नीतीश राणा ने 17 गेंद में 33 रन की पारी खेली। फिर ट्रिस्टन स्टब्स (11 गेंद में नाबाद 18 रन) और आशुतोष शर्मा (15 गेंद में नाबाद 25 रन) टीम को पांच गेंद रहते 3 विकेट पर 226 रन तक पहुंचाकर जीत दिलाई। दिल्ली कैपिटल्स का यह अपने आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ा सफल 'चेज' रहा।

### निसांका ने 23 गेंद में जड़ा अर्धशतक

निसांका ने पावर प्ले की अंतिम गेंद पर चौका लगाकर 23 गेंद में अपना अर्धशतक जड़ा। इस तरह टीम ने छह ओवर में बिना विकेट गंवाए 70 रन बना लिए थे। राहुल ने नौवें ओवर में छक्का जड़कर टीम के 100 रन पूरे कराए। राहुल ने इस ओवर में रवि बिश्नोई पर दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम में खाते में 20 रन जोड़े।




### रोहित और कोहली से आगे निकले राहुल

केएल राहुल आईपीएल इतिहास में बतौर ओपनर 200 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। ऐसा कर राहुल ने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया है। राहुल ने बतौर ओपनर आईपीएल में अब तक 201 छक्के लगाए हैं। वहीं, विराट कोहली ने बतौर ओपनर 192 और रोहित ने बतौर ओपनर आईपीएल में कुल 148 छक्के लगाए हैं।

## स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का एवं बो स्टार्क | 06 | 3 | 0 | 1 |
| वैभव सूर्यवंशी बो जैमीसन | 04 | 2 | 1 | 0 |
| जुरेल का स्टब्स बो पटेल | 42 | 30 | 4 | 1 |
| पराग का अक्षर बो स्टार्क | 90 | 50 | 8 | 5 |
| जडेजा का आशुतोष बो स्टार्क | 20 | 14 | 1 | 1 |
| फरेरा नाबाद | 47 | 14 | 2 | 6 |
| शुभम का आशुतोष बो नटराजन | 06 | 6 | 1 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल योग : 20 ओवर में 225/6 रन
गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-1, अक्षर 4-0-39-1, कुलदीप 4-0-41-0, नटराजन 4-0-54-1

| दिल्ली कैपिटल्स पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| निसांका पगबाधा बो जडेजा | 62 | 33 | 6 | 3 |
| राहुल का फरेरा बो आर्चर | 75 | 40 | 6 | 5 |
| राणा का जुरेल बो देशपांडे | 33 | 17 | 3 | 2 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 18 | 11 | 1 | 1 |
| राणा नाबाद | 25 | 15 | 4 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल योग : 19.1 ओवर में 226/3 रन
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-46-1, बर्गर 3-0-41-0, देशपांडे 4-0-38-1, बृजेश 3.1-0-35-0, बिश्नोई 2-0-28-0, जडेजा 3-0-33-1

### पराग-फरेरा की ताबड़तोड़ पारी

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने कप्तान रियान पराग (90 रन) के अर्धशतक और अंत में डोनोवन फरेरा (14 गेंद में नाबाद 47 रन) की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत 6 विकेट पर 225 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। लेकिन राहुल और निसांका के अर्धशतक पराग की शानदार पारी पर भारी पड़े।

### पहली गेंद पर छक्का जड़ने वाले 5वें बल्लेबाज बने यशस्वी

आरआर के ओपनर यशस्वी आईपीएल में पहली गेंद पर छक्का जड़ने वाले पांचवें बल्लेबाज बन गए है। सबसे पहले यह कारनामा नमन ओझा ने 2009 में किया था। ओझा ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ब्रेड हॉज को छक्का जड़ा था। विराट कोहली ने 2019 में वरुण एरोन को पहली गेंद पर छक्का जड़ा था। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए फिल साल्ट ने 2024 में नुवान तुषारा को पहली गेंद पर छक्का जड़ा था। 2025 में पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्या ने चेन्नई सुपर किंग्स के खलील अहमद को छक्का जड़ा था। यशस्वी जायसवाल ने चौथी बार पारी आईपीएल मैच की पारी में पहली गेंद पर छक्का जड़ा। प्रियांश आर्या ने 2 बार छक्का जड़ा है। नमन ओझा, मयंक अग्रवाल, सुनील नरेन, विराट कोहली, रॉबिन उथप्पा, फिल साल्ट और संजू सैमसन ने 1-1 छक्के जड़े।

आईसीसी सालाना टेस्ट रैंकिंग

# टीम इंडिया ने लगाई छलांग, पहुंची तीसरे पायदान पर, टॉप पर ऑस्ट्रेलिया बरकरार



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम ने सालाना अपडेट के बाद जारी ताजा आईसीसी मेंस टेस्ट टीम रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। इस बदलाव के साथ भारत ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया। सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मुकाबलों को पूरा वेटेज दिया जाता है, जबकि पुराने मुकाबलों के नतीजों का असर घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया जाता है। इस अपडेट ने टॉप-2 टीमों के ठीक नीचे की रैंकिंग में बड़ा फेरबदल किया है। इस वार्षिक अपडेट के चलते टॉप-2 टीमों के नीचे की रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जिसमें भारत को फायदा हुआ। ऑस्ट्रेलियाई टीम 131 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ शीर्ष पर मजबूती से कायम है। इस टीम ने 3 प्वाइंट्स की मामूली बढ़त के साथ अपना दबदबा बढ़ा लिया है। दूसरे पायदान पर मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका स्थिर है। इस टीम के पास 119 रेटिंग प्वाइंट्स हैं।

### टीम इंडिया को फायदा, इंग्लैंड को नुकसान

तीसरे पायदान पर बदलाव देखने को मिला है, जिसे टीम इंडिया ने अपने नाम कर लिया है। भारत के पास 104 अंक हैं। वहीं, एक स्थान नीचे लुढ़कने के बाद इंग्लैंड की टीम 102 रेटिंग अंक के साथ चौथे पायदान पर है। इंग्लैंड के एक पायदान नीचे फिसलने की वजह यह रही कि उसे अपनी कई पुरानी सीरीज के नतीजों से मिलने वाला फायदा अब नहीं मिल रहा है। इन नतीजों में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ घर पर मिली पुरानी जीत, और पाकिस्तान में मिली सीरीज जीत शामिल हैं। ये सभी मैच अब 'पूरे वेटेज' वाली समय-सीमा से बाहर हो गए हैं।

### न्यूजीलैंड 101 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर

इस तालिका में न्यूजीलैंड 101 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर बना हुआ है, जबकि पाकिस्तानी टीम ने एक स्थान की छलांग लगाते हुए छठा पायदान अपने नाम कर लिया है। उसे पुराने मुकाबलों में मिली हार के असर के कम होने या खत्म हो जाने का फायदा मिला है।

# विमेंस वनडे रैंकिंग: तीसरे पायदान पर भारत, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने आईसीसी विमेंस वनडे टीम रैंकिंग में सालाना अपडेट के बाद शीर्ष पायदान पर अपना दबदबा बनाए रखा है। वहीं, विमेंस वर्ल्ड कप 2025 जीतने के बावजूद भारत ने तीसरे स्थान पर अपनी जगह पक्की रखी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम रेटिंग प्वाइंट्स में 2 अंकों की मामूली गिरावट के बाद शीर्ष पर बनी हुई है। इंग्लैंड 128 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है। इंग्लिश टीम रेटिंग में मामूली बढ़त के बावजूद अभी भी टॉप पर मौजूद टीम से काफी पीछे है। भारतीय टीम 124 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ तीसरे पायदान पर बनी हुई है। यह सब टीम के यादगार वर्ल्ड कप अभियान के बाद हुआ है, जिसमें उन्होंने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली शानदार जीत भी शामिल है। साउथ अफ्रीका (100), न्यूजीलैंड (93), और श्रीलंका (89) टॉप-6 टीमों की सूची को पूरा करते हैं। सालाना अपडेट के बाद रैंकिंग के ऊपरी हिस्से में स्थिरता बनी हुई है।



### बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पछाड़ा

बांग्लादेश 73 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया है, जिससे उसने पाकिस्तान को पछाड़ दिया है, जो 72 प्वाइंट्स के साथ 8वें स्थान पर खिसक गया है। रैंकिंग में शेष स्थानों पर मौजूद टीमों के बीच बहुत कम बदलाव देखने को मिला है। इस बीच, थाईलैंड और नीदरलैंड्स रैंकिंग से अस्थायी तौर पर बाहर हो गए हैं, क्योंकि वे पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ वनडे मैच खेलने की शर्त को पूरा नहीं कर पाए हैं। थाईलैंड को रैंकिंग में वापस आने के लिए सिर्फ एक और मैच की जरूरत है, जबकि नीदरलैंड्स को तालिका में फिर से शामिल होने के लिए दो और वनडे मैच खेलने होंगे।

# यूईएफए यूरोपा लीग : क्रिस वुड ने दागा 200वां गोल, नॉटिंघम फॉरेस्ट ने एस्टन विला को हराया

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम

क्रिस वुड के कॅरियर के 200वें गोल से नॉटिंघम फॉरेस्ट ने यूईएफए यूरोपा लीग के सेमीफाइनल के दूसरे लेग में एस्टन विला के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल की। इस जीत ने फॉरेस्ट को फाइनल की दौड़ में मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया है। मैच की शुरुआत में दोनों टीमें बेहद रक्षात्मक नजर आईं, लेकिन फॉरेस्ट ने धीरे-धीरे खेल पर पकड़ बनानी शुरू कर दी।

मॉर्गन गिब्स-व्हाइट ने दो अच्छे मौके बनाए, हालांकि वह उन्हें गोल में नहीं बदल सके। इलियट एंडरसन ने भी एक कोशिश की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। दूसरी ओर, एस्टन विला ने भी जवाबी हमला किया। मॉर्गन रोजर्स के शानदार कर्लिंग शॉट को स्टीफन ऑर्टेगा ने बेहतरीन तरीके से रोक लिया। फॉरेस्ट का दबाव लगातार बना रहा। एमिलियानो मार्टिनेज को इगोर जीसस के प्रयास को गोल लाइन पर रोकने के लिए तेज प्रतिक्रिया दिखानी पड़ी।



### दूसरे हाफ में मुकाबला कड़ा

दूसरे हाफ में भी मुकाबला कड़ा रहा, जहां ओली वॉटकिंस को पॉइंट-ब्लैंक रेंज से गोल करने से ऑर्टेगा ने शानदार बचाव कर रोका। मैच के अंतिम पलों में निर्णायक मोड़ आया। ओमारी हचिंसन ने गेंद को खेल में बनाए रखा, जिसके बाद लुकास डिग्ने के हैंडबॉल के चलते पेनल्टी मिल गई।

# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के लिए तैयार भारतीय शॉटगन टीम

**नई दिल्ली।** कजाकिस्तान के अल्माटी में होने वाले इस साल के दूसरे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारत की 12 सदस्यीय निशानेबाजी टीम भाग लेगी। भारतीय टीम शनिवार को आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। दस दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के 284 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय टीम के 8 सदस्य भी आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक के लिए) निशानेबाज के रूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता सोमवार (चार मई) को पुरुषों और महिलाओं के स्कीट क्वालीफायर के साथ शुरू होंगी। इस स्पर्धा के फाइनल 5 मई को होंगे। ट्रैप स्पर्धा के दो फाइनल 9 मई को जबकि ट्रैप मिश्रित टीम का फाइनल अगले शनिवार यानी 10 मई को होगा। विश्व कप का पहला चरण मार्च में मोरक्को के तांजियर में खेला गया था। दूसरे चरण की प्रतियोगिता के पहले दिन तीन भारतीय ओलंपियन हिस्सा लेंगे। इनमें पुरुष स्कीट स्पर्धा में मैराज अहमद खान और अनंतजीत सिंह नारुका तथा महिला स्कीट स्पर्धा में रायज़ा ढिल्लों शामिल हैं।

# गुरुचरण सिंह होरा को मिली ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया शुक्रवारको संपन्न हुई। इस बार सभी उम्मीदवार अपने पदों पर विधिवत निर्वाचित हुए हैं। रिटर्निंग ऑफिसर सुरिंदर गोयल ने चुनावों के परिणाम घोषित कर दिए हैं। आधिकारिक घोषणा के अनुसार, चिंतन पारिख को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया है। महासचिव के पद पर सुंदर अय्यर का चयन किया गया है, साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी मिली है। छत्तीसगढ़ से गुरुचरण सिंह होरा लंबे समय से खेल और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए 8 सदस्यों का चयन किया गया है, जिनमें अनिल धूपर, असित त्रिपाठी, हिरोन्मय चटर्जी, प्रेमकुमार कर्रा, राजन कश्यप, रक्तिम सैकिया, रोहित राजपाल और सुमन कपूर शामिल हैं। महासचिव के पद पर सुंदर अय्यर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं संयुक्त सचिव (पश्चिम) के रूप में छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा की जिम्मेदारी मिली है, कैप्टन मुर्ति गुप्ता (उत्तर), डॉ. सुजीत रॉय (पूर्व) और सुनील याजमान (दक्षिण) का चयन हुआ है। कोषाध्यक्ष पद पर दिनेश अरोड़ा निर्वाचित हुए हैं। श्री होरा को संयुक्त सचिव निर्वाचित होने पर छ्ग टेनिस संघ के पदाधिकारियों अवतार सिंग जुनेजा, जी एस बांबरा,डॉ सूरज अग्रवाल, डॉ अजय पाठक, डॉ अतुल शुक्ला, सुशील बालानी, सुनील सुराना, प्रदीप माथानी, चरणजीत ओबेरॉय रूपेंद्र सिंह चौहान हेनरी, रोहीन सेंटियागो, नेल्सन जतिन कुमार, राजेश मिश्रा सहित समस्त खिलाड़ियों ने बधाई दी।



थामस कप: भारत ने चीनी ताइपे के खिलाफ बनाई 3-0 की अजेय बढ़त

# लक्ष्य-आयुष जीते, भारत की सेमीफाइनल में जगह पक्की

एजेंसी ▶▶| होर्सेंस

लक्ष्य सेन की जोरदार वापसी के बाद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी तथा युवा आयुष शेट्टी के बेहतरीन खेल के प्रदर्शन से भारत ने चीनी ताइपे के खिलाफ 3-0 की अजेय बढ़त हासिल करके थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

लक्ष्य ने दो मैच प्वाइंट बचाते हुए विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। लक्ष्य इस मैच में अधिकतर समय पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया तथा 1घंटे और 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की।



इसके बाद सात्विक और चिराग की युगल जोड़ी ने चियू सियांग चिएह और वांग ची-लिन को 1 घंटे और 15 मिनट में 23-21 19-21 21-12 से हराकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

### भारत का थॉमस कप में पदक पक्का

आयुष शेट्टी ने दूसरे एकल में लिन चुन-यी को 21-16, 21-17 से हराकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। भारत 2022 का चैंपियन है। वह सेमीफाइनल में फ्रांस या जापान में से किसी एक टीम का सामना करेगा। इस जीत से भारत का थॉमस कप में पदक भी पक्का हो गया है। उसने 2022 में थॉमस कप जीता था। इसके अलावा भारत ने 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदक जीते थे।

### आयुष का संयमित और आक्रामक प्रदर्शन

आयुष ने संयमित और आक्रामक प्रदर्शन करते हुए लिन को हराया, जो पैर में चोट के कारण पूरी तरह से फिट नहीं थे। पहले गेम में 7-11 से पिछड़ने के बाद आयुष ने धैर्य का परिचय दिया और महत्वपूर्ण अवसर पर आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार कई विनर्स लगाकर स्कोर को 13-12 कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम किया।

# अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो : मंत्री सारंग

## शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के दिए निर्देश एमपीआरडीसी के अधिकारियों के प्रति जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बरखेड़ानाथू स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान कार्यों की गुणवत्ता अपेक्षित स्तर पर नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि खेल परिसर के सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूर्ण किए जाएं। मंत्री सारंग ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कार्यों में लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण संचालक अंशुमान यादव, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### हैण्डओवर प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही करें सुनिश्चित

*कॉम्पलेक्स के हैण्डओवर और टेकओवर की प्रक्रिया का पूर्ण वेरिफिकेशन हो। बिना तकनीकी सत्यापन किसी भी संरचना का हैंडओवर नहीं लिया जाए। सभी मरम्मत योग्य कार्यों का फ्लो चार्ट चरणबद्ध मरम्मत योजना तैयार की जाए, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और गति बनी रहे।*

### अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो निर्माण

*मंत्री सारंग ने कहा कि पूरे खेल परिसर का निर्माण अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के मापदंडों के आधार पर किया जाए, जिससे खिलाड़ी विश्वस्तरीय सुविधाओं का लाभ उठा सकें और मध्यप्रदेश देश-दुनिया में अपनी मजबूत पहचान बना सके।*

### साइनेज, कैफेटेरिया और अन्य सुविधाओं में तेजी लाएं

*मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि पूरे परिसर में साइनेज की स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए समर्पित प्रोजेक्ट प्लान तैयार कर इसे शीघ्र लागू किया जाए। खिलाड़ियों एवं आगंतुकों की सुविधा के लिए परिसर के अंदर उपयुक्त स्थान पर कैफेटेरिया का निर्माण किया जाए। उन्होंने विद्युत व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा, हॉर्टिकल्चर कार्य, अतिरिक्त प्रवेश द्वार और बाउंड्री वॉल के समानांतर सड़क निर्माण सहित अन्य सभी कार्यों के लिए अलग-अलग प्रोजेक्ट प्लानिंग रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।*

# बालक-बालिका कुश्ती प्रशिक्षण शिविर शुरू,15 जून तक चलेगा

भोपाल। प्रतिवर्ष अनुसार लगाए जाने वाले निशुल्क बालक-बालिकाओं के लिए कुश्ती प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार से शुरू हो गया है। यह शिविर 15 जून तक चलेगा। भोपाल जिला कुश्ती संघ द्वारा अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल भगवान सहाय मार्ग भोईपुरा में सुबह 6:30 से 8:30 एवं शाम को 4 बजे से शाम 7 बजे तक बच्चे कुश्ती के दांव पेंच सीख रहे हैं। शिविर में कुश्ती की बारीकियां राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक की देखरेख में सिखाई जा रही हैं, जिससे ज़िले के स्कूली छात्र छात्राएं सत्र 2026 के स्कूली खेलों के अंतर्गत कुश्ती खेल में अपना अच्छा प्रदर्शन कर सकें। जिन्हें यह प्रशिक्षण लेना है वे विक्रम अवॉर्डी अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच शाकिर नूर से 9302476568 पर राष्ट्रीय कुश्ती कोच फातिमा बानो से 8349512025, अब्दुल उमेर से 7987936691 पर संपर्क कर सकते हैं।




# कैंपियन स्कूल ने जीता लेक सिटी लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

## बेस्ट प्लेयर अरशान मुजाहिद बने, बेस्ट गोलकीपर अयान खान तो बेस्ट मिडफील्डर रहे सैयद शोबान शिराज

## डीपीएस कोलार को पेनॉल्टी शूट आऊट में 4-2 से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैम्पियन स्कूल भोपाल ने हाल ही में डीपीएस कोलार द्वारा आयोजित लेक सिटी फुटबॉल लीग टूर्नामेंट में भाग लेकर लेक सिटी फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

इस प्रतियोगिता में भोपाल की विभिन्न स्कूल की टीमों ने भाग लिया था और सभी ने शानदार प्रदर्शन किया था। इस टूर्नामेंट में कैम्पियन स्कूल ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जब्कि मेजबान टीम डीपीएस कोलार उपविजेता रही। फाइनल मुकाबले में कैम्पियन भोपाल ने डीपीएस कोलार को पेनाल्टी शूट आऊट (सडन डैथ) में 4-2 से हराया। इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत प्रदर्शन में कैम्पियन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार अरशान मुजाहिद को प्रदान किया गया। बेस्ट गोलकीपर का खिताब अयान खान को मिला वहीं बेस्टर मिडफील्डर का पुरस्कार सैयद शोबान शिराज को दिया गया। टूर्नामेंट के दौरान सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम वर्क और खेल भावना का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। कैम्पियन स्कूल के इन सभी फुटबॉल खिलाड़ियों ने इस पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन इनके फुटबॉल कोच तिवारी के मार्गदर्शन किया।

प्राचार्य फादर डॉ. अथनस लकड़ा एस.जे., उप प्राचार्य फादर मनोज मिंज एस.जे., एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी जोंसी कोशी ने कोच विभोर तिवारी एवं सभी खिताबी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं आगामी अन्य प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन की कामना की।

# आरकेडीएफ के छात्र काजिम का ऑल इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी वुशु चैंपियनशिप में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के बी.ए.एलएल.बी. (प्रथम वर्ष) के छात्र काजिम का चयन प्रतिष्ठित ऑल इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी वुशु चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर द्वारा किया जा रहा है। काजिम ने अपने निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है। उनका यह चयन न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को दर्शाता है, बल्कि विश्वविद्यालय में खेलों के प्रति बढ़ते प्रोत्साहन और उत्कृष्ट वातावरण को भी प्रतिबिंबित करता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर ने काजिम को बधाई देते हुए कहा कि, यह उपलब्धि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। काजिम ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से यह सिद्ध किया है कि निरंतर प्रयास से राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। हमें आशा है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। सके साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय अग्रवाल ने कहा कि, काजिम का चयन विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। यह उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हमें विश्वास है कि वे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। डीजीएम डॉ. बी. एन. सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. रत्नेश जैन, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील पाटिल, कुलसचिव डॉ. सतेंद्र ठाकुर तथा खेल अधिकारी सागर दुबे एवं दिनेश गौर ने भी काजिम को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
TOLL FREE NO. 1800-266-0018
Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354I. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh. ^T&C apply.
Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

अधिकृत डीलर: भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, रतलाम: एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमच: उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलर: आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरु नगर: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.
RS/Hero/06/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930